✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 34 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 30 जून 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बोधगया में सद्गुरु को महाबोधि मंदिर की रेप्लिका और स्मृति चिन्ह भेंट करते जिलाधिकारी

### मुख्यमंत्री ने की मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा

# परियोजना के प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट टाइमलाइन तय कर निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करें कार्य : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प सभागार में पटना मेट्रो रेल परियोजना की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि पटना मेट्रो रेल परियोजना के सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि 02 जुलाई को मलाही पकड़ी तक के मेट्रो रेल परियोजना के विस्तारीकरण का लोकार्पण किया जायेगा जिससे शहरवासियों को आवागमन में सहूलियत होगी साथ ही समय की भी बचत होगी। पटना मेट्रो शहर की परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित एवं सुविाजनक बनानेवाली एक महत्वपूर्ण परियोजना है, इसलिए इसके क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परियोजना के प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट



कार्ययोजना एवं समयसीमा निर्धारित करते हुए सभी कार्य समय पर पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो निर्माण कार्य के दौरान आम नागरिकों को न्यूनतम असुविधा हो, इसके लिए प्रभावी एवं वैज्ञानिक ट्रैफिक प्रबंधन सुनिश्चित करें। उन्होंने पूरे पटना शहर की यातायात व्यवस्था का व्यापक अध्ययन कर जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए समग्र ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण स्थलों पर सुरक्षा मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के विभिन्न स्थलों पर एक साथ तेजी से कार्य किए जाएं ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर परियोजना पूरी की जा सके। निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। परियोजना की नियमित मानिटरिंग कर प्रगति की सतत् समीक्षा करें और समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना मेट्रो के संचालन से राजधानीवासियों को सुरक्षित, तेज, आधुनिक एवं विश्वस्तरीय सार्वजनिक (शेष पृष्ठ 11 पर)

## दो वाहनों की टक्कर में तीन दोस्तों की मौत, नौ घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले में रविवार देर रात दो कारों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई। सिघौंल थाना क्षेत्र के अंग्रेजी ढाला के पास फोरलेन एनएच-31 पर हुए इस हादसे में तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दोनों वाहनों में सवार करीब 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। हादसे में जान गंवाने वाले युवकों की पहचान ऋषभ कुमार (26), सन्नी कुमार (24) और हिमांशु कुमार (22) के रूप में हुई है। ये सभी पोखरिया निवासी थे। घायलों में रुपेश कुमार, करण कुमार और रवि कुमार की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। सभी पीड़ितों का इलाज बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक के दोस्त राहुल कुमार के अनुसार सभी 6 दोस्त पोखरिया गांव से दोस्त की जन्मदिन पार्टी में गए थे। वहां से गंगा स्नान करने सिमरिया घाट जा रहे थे। सन्नी कुमार गाड़ी चला रहा था, जो एक्साइज थाना में निजी चालक का भी काम करता है। इसी दौरान अंग्रेजी ढाला के पास विपरीत दिशा से आ रही दूसरी तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। घटना के बारे में मृतक हिमांशु के भाई प्रिंस कुमार ने बताया कि सभी लोग देर रात तक घर नहीं लौटे थे। रात 2 बजे के आसपास हमने फोन किया तो दूसरे व्यक्ति ने उठाया तब पता चला कि हादसा हो गया है। इसके बाद हमलोग अस्पताल पहुंचे। घटना के बाद से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। हादसे का शिकार हुई दूसरी स्कॉर्पियो गाड़ी में कुल छह लोग सवार थे। विकास, राजा, प्रियांशु, लक्ष्मण, प्रिंस और ज्योतिष नामक ये सभी युवक घायल हो गए हैं। सभी लोग बखरी थाना क्षेत्र से विनोदपुर बारात जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त दोनों गाड़ियों की स्पीड करीब 100 किमी प्रति घंटे से ज्यादा थी।

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे में तकनीशियन पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रेलवे में नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। रेलवे भर्ती बोर्ड ने तकनीशियन पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत तकनीशियन ग्रेड-1 (सिग्नल) और तकनीशियन ग्रेड-तीन के कुल 6557 पदों को भरा जाएगा। योग्य अभ्यर्थी आज 30 जून से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई रात 11:59 बजे तक है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से करना होगा।

### दरौली थानाध्यक्ष विवेक कुमार निलंबित

**सीवान(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के दरौली थाना क्षेत्र के नारायणपुर टोका गांव में बालू लदे ट्रैक्टर से हुए हादसे के बाद पुलिस पर हमला और सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि पूरे मामले की विभागीय समीक्षा में दरौली थानाध्यक्ष सब इंस्पेक्टर विवेक कुमार की लापरवाही सामने आई है जिसके कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### दरभंगा एयरपोर्ट पर टला बड़ा विमान हादसा

**दरभंगा (नबिटा ब्यूरो)।** दरभंगा एयरपोर्ट पर सोमवार को बड़ा विमान हादसा टल गया। मुंबई से दरभंगा पहुंची स्पाइसजेट की फ्लाइट की लैंडिंग के दौरान रनवे पर विमान का टायर फट गया। टायर फटने के बाद विमान का पहिया कुछ दूरी तक रनवे पर घिसता रहा जिससे विमान के भीतर बैठे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। हालांकि पायलट की सूझ-बूझ और बेहतर नियंत्रण के कारण विमान को सुरक्षित रोक लिया गया। फ्लाइट में सवार करीब 150 यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### टेंपो-बाइक की टक्कर में दो दोस्तों की मौत

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र के नवाजगढ़ गांव के पास एक टेंपो और बाइक की टक्कर में दो दोस्तों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रोह थाना क्षेत्र के दुल्लाम बीघा गांव निवासी पंकज कुमार और अनिल मांझी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी पंकज कुमार सैनी ने बताया कि दोनों मृतक किशोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरा होने के बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को परिवार को सौंप दिया जाएगा।

## तीन करोड़ की हेरोइन के साथ अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**किशनगंज।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ किशनगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.5 किलोग्राम हेरोइन के साथ तीन अंतरराज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। आरोपियों के पास से चार मोबाइल फोन और 9,950 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि मालदा (पश्चिम बंगाल) से हेरोइन की बड़ी खेप किशनगंज लाई जा रही है। सूचना के आधार पर एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ-1 खुसरू सिराज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में जिला आसूचना इकाई, एनडीपीएस यूनिट और किशनगंज थाना पुलिस के अधिकारी शामिल थे। विशेष टीम ने रामपुर चेक पोस्ट पर वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान मालदा से आई एक बस से दो संदिग्ध युवक उतरे और पहले से वहां मौजूद तीसरे व्यक्ति से मिले। पुलिस को देखकर तीनों भागने लगे लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उनके बैग से 1.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान फिरोज अंसारी (22), अमजद अंसारी उर्फ इस्मता उर्फ गामा (28) और रहीस अंसारी उर्फ सागर साह (23) के रूप में हुई है। तीनों बहादुरगंज थाना क्षेत्र के लोहागाड़ा इस्तमा टोला, वार्ड संख्या-5 के निवासी हैं। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे पश्चिम बंगाल के मालदा और किशनगंज के तस्करों के साथ मिलकर सिंडिकेट बनाकर हेरोइन की खरीद-बिक्री करते हैं।

## सीएम हेमंत सोरेन ने 1042 सहायक शिक्षकों को दिया नियुक्ति पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य के प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को दूर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 1,042 नवचयनित सहायक शिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। रांची के खेलगांव में आयोजित इस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नवनियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यहां नियुक्ति पत्र पाने वाले सभी सहायक आचार्य अपने परिवारों के साथ आए हैं, जिनके चेहरे पर बहुत खुशी है। नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक केवल पढ़ाने का काम नहीं करते बल्कि वे आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को





अच्छी शिक्षा देना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना अब इन शिक्षकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होगी। यदि सभी अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी से निभाएं तो राज्य में बेहतर माहौल बनाया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपको आने वाली पीढ़ी का भविष्य तय करना है। सरकारी संस्थानों पर बहुत उंगलियां उठती है। कुछ सही भी होती है और कुछ गलत भी। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी हमेशा बड़ी होती है। इस साढ़े तीन करोड़ जनता और यहां के हवा-पानी से लेकर विधि-व्यवस्था तक की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में अगर हम सभी एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में व्यवहार करें तो कोई भी सरकार पर गलत नहीं बोल सकता। अगर हम अपना सिविक सेन्स मजबूत कर ले तो खुद हीं स्थिति ठीक हो जाएगी। श्री सोरेन ने कहा कि यहां उपस्थित हर कोई बौद्धिक रूप से मजबूत है। पिछले कार्यकाल को मिला लिया जाए तो हमने 55 हजार से भी अधिक पदों पर नियुक्ति दी है। इस राज्य ने हमेशा देने का काम किया है। इस वजह से हमारी शिक्षा थोड़ी देर से शुरू हुई। इसे संवारने में मैं हमेशा लगा हुआ हूं। आज अपने हित को साधने में राजनीति की जा रही है। कुछ विकृत विचारधारा के लोग बस आग लगाने में जुटे हैं। ऐसे में हमें इस बात का भी ध्यान रखना है कि हम अपने आसपास ऐसी स्थिति को आने ना दें। सरकारी स्कूल पर पहले उंगलियां उठती थी लेकिन हमनें सीएम स्कूल ऑफ एक्ससिलेंस खोला, जहां भर्ती के लिए 50 हजार से भी अधिक आवेदन आ रहे हैं। हमारे सामने शिक्षण क्षेत्र में चुनौतियां रही हैं (शेष पृष्ठ 11 पर)

## गोदाम में लगी आग, 20 करोड़ की क्षति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजधानी पटना में भीषण अग्निकांड हुआ है। पटना सिटी स्थित दीदारगंज थाना क्षेत्र के महुली रोड पर तेल, रिफाइंड और डालडा गोदाम में भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयावह थी कि देखते ही देखते पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के करीब 13 घंटे बाद काफी हद तक इसपर नियंत्रण पाया जा चुका है। मौके पर अग्निशमन विभाग की दो दर्जन से अधिक गाड़ियां लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रही। इस हादसे में एक युवक मामूली रूप से झुलस गया जबकि गोदाम में रखे 20 करोड़ रुपये मूल्य के सामान जलकर नष्ट होने की आशंका जताई जा रही है। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि इसपर काबू पाने के लिए लगभग तीन लाख लीटर पानी का उपयोग हुआ। करीब 3500 लीटर फोम का प्रयोग किया गया है। फायर ब्रिगेड की करीब 100 से ऊपर कर्मी आग बुझाने में लगे। करीब दो सौ ट्रिप गाड़ी पानी को लाने में लगी। मौके पर 30 से भी ज्यादा फायर ब्रिगेड की बड़ी-छोटी गड़िया पहुंची। जानकारी के अनुसार घटना रविवार देर रात करीब एक बजे की है। गोदाम में भारी मात्रा में डालडा, रिफाइंड और सरसों तेल का भंडारण किया गया था। आग लगने के बाद कुछ ही देर में लपटें पूरे परिसर में फैल गईं। सूचना मिलते ही दीदारगंज थाना की पुलिस और अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा आग बुझाने का अभियान शुरू किया।

## अनियंत्रित इनोवा कार से कुचलकर दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** भोजपुर जिले के सिकरहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पीरो-बिहटा हाईवे पर सिकरहटा खुर्द स्थित पोल्ट्री फार्म के समीप सोमवार की दोपहर तेज रफ्तार अनियंत्रित इनोवा कार ने सेवानिवृत्त शिक्षक समेत दो लोगों को कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद कार सड़क किनारे नाले में पलट गई। घटना के बाद इलाके में अफरातफरी मच गई। मृतकों की पहचान सिकरहटा खुर्द निवासी 65 वर्षीय मो. रमजान अली एवं 25 वर्षीय मो. जाबीर उर्फ मुन्ना अंसारी के रूप में हुई है। मो. रमजान अली सेवानिवृत्त शिक्षक थे। बताया जाता है कि वह बैंक से पैसे निकालकर साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार ने पहले उन्हें टक्कर मारी फिर बिजली के पोल से टकराने के बाद निर्माणाधीन मकान की देखरेख कर रहे मो. जाबीर को भी अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि बिजली का पोल टूट गया और मो. जाबीर कार के नीचे दब गए जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इनोवा सड़क किनारे नाले में पलट गई। दुर्घटना के तुरंत बाद चालक समेत कार में सवार अन्य लोग मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही सिकरहटा थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने दोनों शवों के साथ पीरो-बिहटा हाईवे जाम कर मुआवजा, स्पीड ब्रेकर निर्माण और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

## दिल्ली में गडकरी से मिले सम्राट चौधरी, कई हाइवे-एक्सप्रेसवे पर सहमति

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सोमवार को दिल्ली पहुंचे और उन्होंने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस मीटिंग में बिहार के पथ निर्माण मंत्री इंजीनियर शैलेंद्र और विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक में बिहार के अंदर रोड कनेक्टिविटी और नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट्स की बारीकी से समीक्षा की गई। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि इस मुलाकात का मकसद बिहार की सड़क परियोजनाओं को एक नई और तेज गति देना है। करीब आधे घंटे तक चली इस बैठक के बाद पथ निर्माण मंत्री शैलेंद्र ने मीडिया को बताया कि बिहार के लगभग सभी हाईवे प्रोजेक्ट्स पर केंद्र सरकार के साथ सहमति बन गई है। बैठक में मुख्य रूप से गोरखपुर-सिलीगुड़ी एक्सप्रेसवे, रक्सौल-हल्दिया और बक्सर-भागलपुर जैसे बड़े हाईवे को लेकर चर्चा हुई और उनके काम को आगे बढ़ाने पर मुहर लगी। इसके अलावा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के जो प्रोजेक्ट जमीन अधिग्रहण या अतिक्रमण की वजह से फंसे हुए थे, उनका भी समाधान निकाल लिया गया है। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने बताया कि बिहार सरकार ने केंद्र के सामने राज्य के फोरलेन हाईवे को सिक्सलेन में बदलने का प्रस्ताव रखा है। इसके साथ ही जहां भी जमीन मिलने में दिक्कत आ रही है या वन विभाग के क्लीयरेंस की वजह से काम रुका हुआ है, उन रुकावटों को तेजी से दूर किया जा रहा है। सीएम सम्राट चौधरी सोमवार दोपहर पटना से दिल्ली आए थे, हवाई अड्डे से सीधे बिहार भवन और फिर गडकरी के आवास पहुंचे। वे आज रात ही वापस पटना लौट जाएंगे। यह बैठक ऐसे समय पर हुई है जब दिल्ली के सियासी गलियारों में नरेंद्र मोदी कैबिनेट के विस्तार और फ़ेरबदल की खबरें तेज हैं। माना जा रहा है कि केंद्रीय मंत्रिपरिषद में जल्द ही बड़ा बदलाव हो सकता है जिसके तहत कुछ मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है और कुछ के विभाग बदले जा सकते हैं। इस चर्चा में नितिन गडकरी का नाम भी शामिल है, जो साल 2014 से लगातार इस मंत्रालय को संभाल रहे हैं।



# कृषि और सहकारिता से होगा विकसित बिहार का सपना पूरा : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में कृषि और सहकारिता के माध्यम से राज्य को वर्ष 2047 तक 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जाएगा। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जल्द ही बिहार सहकारिता नीति-2026 लागू की जाएगी। यह जानकारी सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने सोमवार को पटना के शास्त्री नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में आयोजित सहकारिता सप्ताह समारोह के उद्घाटन अवसर पर दी। भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल), नई दिल्ली एवं बिहार सहकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 6 जुलाई 2021 को अलग सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के बाद देश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा मिली है। केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सहकारी नीति-2025 लागू की गई है जिसके अनुरूप बिहार भी अपनी नई सहकारिता नीति-2026 लाने की तैयारी कर रहा है। उन्होंने कहा कि बिहार की युवा आबादी राज्य की सबसे बड़ी ताकत है। सहकारिता क्षेत्र के विस्तार से गांवों में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे और पलायन पर रोक लगेगी। उनके अनुसार प्रत्येक पंचायत को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में सहकारिता महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। मंत्री ने बताया कि राज्य के सभी 8,463 पैक्स में मॉडल बायलॉज लागू कर उन्हें मल्टीपर्पज पैक्स के रूप में विकसित किया जा चुका है। वहीं सभी प्रखंडों में प्राथमिक सब्जी सहकारी समितियों में भी मॉडल बायलॉज लागू करने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा बिहार में अब तक 13,370 डेयरी सहकारी समितियों का गठन हो चुका है तथा 'सात निश्चय-3' के तहत अगले तीन वर्षों में राज्य के सभी 45 हजार गांवों में डेयरी सहकारी समितियों का गठन किया जाएगा। सहकारिता विभाग के सचिव धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि सहकारिता सप्ताह के तहत 6 जुलाई तक राज्य के सभी जिलों एवं प्रखंडों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनका उद्देश्य पैक्स तथा जमीनी स्तर की सहकारी संस्थाओं को मजबूत बनाना और सहकारिता आंदोलन को गांव-गांव तक पहुंचाना है। इस अवसर पर बिस्कोमॉन के अध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा कि पिछले दो वर्षों में सहकारी समितियों को व्यापक जनसमर्थन मिला है जो इनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। समारोह में बीबीएसएसएल के अध्यक्ष योगेंद्र कुमार, सहकारिता विभाग के निबंधक रजनीश कुमार सिंह, अपर सचिव अभय कुमार सिंह, वेजफेड के प्रबंध निदेशक डॉ. गगन, बिहार राज्य सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक मनोज कुमार सिंह, पैक्स प्रतिनिधियों सहित सहकारिता क्षेत्र से जुड़े बड़ी संख्या में हितधारक उपस्थित रहे।

# जम्मू-कश्मीर प्रवास के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने श्रीनगर और गुलमर्ग का किया भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने जम्मू एवं कश्मीर प्रवास के दौरान सपरिवार श्रीनगर के प्रमुख ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक का दौरा कर उसके सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। प्रवास के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वप्रसिद्ध डल झील में पारंपरिक शिकारा पर नौकाविहार का आनंद लिया। उन्होंने कहा कि डल झील की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और कश्मीर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत देश-विदेश के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है। उन्होंने जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन क्षेत्र में हुए सकारात्मक विकास और बेहतर आधारभूत सुविधाओं की भी सराहना की। डॉ. प्रेम कुमार ने विश्वविख्यात पर्यटन स्थल गुलमर्ग का भी भ्रमण किया। वहां स्थित गुलमर्ग क्लब में उन्होंने गोल्फ खेला और क्षेत्र की मनोरम प्राकृतिक छटा का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि गुलमर्ग की हरी-भरी वादियां, प्राकृतिक सौंदर्य और विश्वस्तरीय पर्यटन सुविधाएं इसे भारत के प्रमुख पर्यटन स्थलों में विशेष पहचान दिलाती हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू एवं कश्मीर की प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक विविधता और यहां के लोगों का आत्मीय व्यवहार 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को और अधिक सशक्त बनाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने देशवासियों से जम्मू एवं कश्मीर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर वहां की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करने का आह्वान किया।

# राज्यभर में तैयार होंगे मास्टर ट्रेनर्स, अधिकारी से लेकर कर्मियों तक को मिलेगा नियमों का प्रशिक्षण : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों को सेवा नियमों एवं अनुशासनिक प्रक्रियाओं में दक्ष बनाने के लिए राज्यभर में मास्टर ट्रेनर्स का विशेष समूह तैयार कर रही है। इन प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने के बाद वे पूरे राज्य में अधिकारियों और कर्मियों को संबंधित नियमों की जानकारी देंगे। यह बात मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने नई दिल्ली स्थित सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) में आयोजित छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से कही। बिहार मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से आयोजित यह प्रशिक्षण अखिल भारतीय सेवा (अनुशासन एवं अपील) नियमावली, 1969 तथा बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 पर आधारित है। मुख्य सचिव ने कहा कि आईएसटीएम प्रशासनिक प्रशिक्षण के क्षेत्र में देश का प्रतिष्ठित संस्थान है। यहां प्रशिक्षित होने वाले सभी मास्टर ट्रेनर्स बिहार लौटकर अपने ज्ञान का प्रसार करेंगे और राज्य के प्रशासनिक पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को सेवा नियमों और अनुशासनिक प्रक्रियाओं में दक्ष बनाएंगे। उन्होंने बताया कि यह बिहार में प्रशिक्षकों का विशेष समूह तैयार करने की दिशा में एक पायलट परियोजना है। भविष्य में इन प्रशिक्षकों के माध्यम से राज्यभर में बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उद्घाटन सत्र में महानिदेशक सह मुख्य जांच आयुक्त एवं अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि यह मास्टर ट्रेनर्स के लिए पहला पायलट बैच है और आने वाले समय में अन्य बैचों को भी आईएसटीएम में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बिहार में अनुशासनिक कार्रवाई से जुड़े लगभग 99 प्रतिशत मामले प्रक्रियागत त्रुटियों के कारण न्यायालय में टिक नहीं पाते। अधिकांश मामलों का निस्तारण तकनीकी आधार पर हो जाता है जिससे सरकार की छवि प्रभावित होती है और आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए भविष्य में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ-साथ लिपिकीय कर्मचारियों तक के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि अनुशासनिक मामलों की प्रक्रिया में होने वाली त्रुटियों को कम किया जा सके और प्रशासनिक कार्यप्रणाली अधिक प्रभावी बन सके।

# राज्य की प्रमुख विकास योजनाओं के लिए 45,748 एकड़ भूमि का अधिग्रहण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में आधारभूत संरचना और विकास परियोजनाओं को गति देने के लिए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भूमि अधिग्रहण अभियान में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। विभाग ने राज्य की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए अब तक 45,748 एकड़ से अधिक भूमि का अधिग्रहण किया है। विभाग के अनुसार केंद्र और राज्य सरकार की कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि उपलब्ध कराने की दिशा में करीब 30 हजार करोड़ रुपये की लागत से यह अधिग्रहण किया गया है। उद्योगों के विस्तार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 24 जिलों में उद्योग विभाग के लिए भूमि अधिग्रहित की गई है। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ), एक्सप्रेसवे, रेलवे तथा पथ निर्माण विभाग की विभिन्न परियोजनाओं के लिए भी बड़े पैमाने पर भूमि उपलब्ध कराई गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी), जल संसाधन विभाग, विभिन्न हवाई अड्डों तथा मधुबनी, सुपौल और कटिहार में व्यवहार न्यायालयों के निर्माण के लिए भी आवश्यक भूमि का अधिग्रहण किया है। विभाग का कहना है कि भूमि अधिग्रहण की इस तेज प्रक्रिया से राज्य की आधारभूत संरचना, औद्योगिक विकास, परिवहन नेटवर्क और प्रशासनिक सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को गति मिलेगी।

# दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न, संगठन सशक्त बनाने का लिया संकल्प

## जनता के बीच सक्रिय रहें कार्यकर्ता, तभी मजबूत होगी कांग्रेस : कृष्णा अल्लावरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्षों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में संपन्न हो गया। समापन अवसर पर पार्टी के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि संगठन को मजबूत किए बिना किसी भी कार्यक्रम को सफल नहीं बनाया जा सकता। उन्होंने कहा कि सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास करना होगा। केवल चुनाव के समय सक्रिय होकर नेता बनने से किसी का भला नहीं होगा। कांग्रेस को मजबूत बनाने के लिए लगातार जनता के बीच रहकर काम करना आवश्यक है। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी डॉ. कन्हैया कुमार ने कहा कि कांग्रेस बूथ स्तर पर मजबूत होगी तभी दिल्ली में भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष ही प्रदेश अध्यक्ष की वास्तविक ताकत हैं। जनता किसी समस्या को लेकर नेता के पास पहुंचे, उससे पहले नेता स्वयं जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझे और समाधान का प्रयास करे। यही कांग्रेस की कार्यशैली और पहचान है। दूसरे दिन प्रशिक्षुओं ने प्रभातफेरी निकाली। इस दौरान पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम से कुर्जी मोड़ होते हुए प्रभातफेरी साईं बाबा मंदिर पहुंची। वहां से पाटलीपुत्र गोलंबर होते हुए गोसाईं टोला के रास्ते सदाकत आश्रम वापस लौटी। प्रभातफेरी के बाद प्रशिक्षुओं ने आश्रम परिसर में श्रमदान से सफाई की। प्रशिक्षण शिविर का समापन कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर अधिक मजबूत बनाने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के संकल्प के साथ हुआ।

# एस.बी.आई. पेंशनर्स एसोसिएशन के कार्यालय का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** एस.बी.आई. पेंशनर्स एसोसिएशन, पटना मंडल के कार्यालय का उद्घाटन अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के कर कमलों द्वारा पटना मुख्य शाखा के प्रथम तल पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सी पी सिंह द्वारा मुख्य महाप्रबंधक को पुष्प गुच्छ तथा महासचिव हरेन्द्र प्रसाद द्वारा शॉल प्रदान कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस शुभ अवसर पर उपस्थित योगेंद्र शेल्के, महाप्रबंधक (दक्षिण बिहार), बिजय कुमार सामल, महाप्रबंधक (उत्तर बिहार), बेणुधर पाढ़ी, महाप्रबंधक (झारखंड), देवेश मित्तल, उप महाप्रबंधक तथा मंडल विकास अधिकारी को भी पुष्प गुच्छ तथा शॉल प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। राजीव कुमार दास उपाध्यक्ष ने पेंशनर्स एसोसिएशन की ओर से मुख्य महा प्रबंधक के स्वागत और सम्मान में अभिनंदन पत्र पढ़ कर उन्हें भेंट किया। मुख्य महाप्रबंधक ने पेंशनर्स द्वारा बैंक में उनके निष्ठावान तथा समर्पित सेवा और उनके योगदान का स्मरण करते हुए उनके सुखद एवं शांतिमय जीवन की कामना की तथा आश्वस्त किया कि बैंक पेंशनर्स के बैंक से संबंधित किसी भी समस्या के प्रति बैंक सदा सजग और सचेष्ट है।

# छात्र सम्मान समारोह में मेधावियों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** राजधानी पटना के बोरिंग रोड स्थित सिविल्स फोड़ो के प्रांगण में आज 70वीं बिहार लोक सेवा आयोग परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के सम्मान में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विभिन्न रैंक हासिल करने वाले सफल अभ्यर्थियों को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। सम्मानित होने वाले अभ्यर्थियों में शाहीन आफरीन (रैंक-49), अविनाश कुमार (78), शिवेंदु आनंद (87), धनंजय कुमार (368), सेजल कुमार (475), श्वेता भारती (505), अमरजीत कुमार (736), प्रांजलि राज (1172), प्रकृति कुमारी (1847), मयंक कुमार (3412) तथा किरण कुमारी (4049) शामिल रहे। कार्यक्रम में सभी सफल अभ्यर्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशासनिक सेवा के माध्यम से समाज और राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह के आयोजक एवं प्रबंध निदेशक दीपक प्रकाश (एम.ए. इन इंटरनेशनल रिलेशंस, यूनिवर्सिटी ऑफ इंडियानापोलिस, यूएसए) ने कहा कि बीपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि आज के युवा अपनी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के बल पर नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहे हैं जो अन्य अभ्यर्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत हैं। दीपक प्रकाश ने सभी सफल अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रशासनिक सेवा में ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करना ही उनकी सबसे बड़ी पहचान होगी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से निरंतर मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास बनाए रखने का आह्वान किया तथा कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि निरंतर प्रयास ही मंजिल तक पहुंचाता है।

# 'मिशन निपुण' के पांच वर्ष पूरे होने पर विद्यालयों में मनाया जाएगा पठन पर्व

## 1 से 7 जुलाई तक सभी प्राथमिक विद्यालयों में पठन पर्व मनाने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** शिक्षा विभाग ने 1 से 7 जुलाई तक राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में पठन पर्व मनाने का आदेश दिया है। यह पर्व मिशन निपुण के 5 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में मनाया जाएगा। शिक्षा विभाग ने राज्य के सभी डीईओ, डीपीओ (समग्र शिक्षा) और बीईओ के पास पत्र भेजकर इसे मनाने का आदेश दिया है। पत्र में कहा गया है कि इस कार्यक्रम के तहत दूसरी कक्षा के सभी बच्चे रोज 15 मिनट तक अपनी पसंदीदा भाषा हिन्दी, उर्दू, बांग्ला, मैथिली या अंग्रेजी में कहानी, कविता या अनुच्छेद का जोर-जोर से वाचन करेंगे। सामग्री का चयन बच्चों की आयु व कक्षा के अनुरूप स्कूल के शिक्षक करेंगे। पठन सामग्री का चयन सिलेबस के अलावा स्कूल की लाइब्रेरी में उपलब्ध पुस्तकों एवं अन्य पठन सामग्रियों से किया जाएगा। 'पठन पर्व' को अधिक प्रभावी बनाने के लिए उच्चतर कक्षाओं के विद्यार्थी छोटे बच्चों को जरूरत के अनुसार वाचन में सहयोग प्रदान करेंगे। साथ ही जो बच्चे किसी कारणवश स्कूल में उपस्थित नहीं हो सकेंगे, उनके लिए घर से ही सहभागिता की व्यवस्था की गई है। स्कूल के शिक्षक अपने पोषण क्षेत्र के बच्चों के अभिभावकों को व्हाट्सएप के माध्यम से कहानियां, कविताएं एवं अन्य पठन सामग्री उपलब्ध कराएंगे तथा जरूरी दिशा-निर्देश साझा करेंगे।

# 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक्शन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगामी 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के मद्देनजर एक्शन समिति की पहली बैठक गांधी संग्रहालय, पटना में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं एक्शन ग्रुप के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने किया। इस अवसर पर कुमार अनुपम ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा उपस्थित सदस्यों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों को छात्रों के बीच जाकर उनसे संपर्क एवं संवाद स्थापित करना है तथा उन्हें 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व की जानकारी देनी है। उन्होंने आगे कहा कि आज भारत की प्रतियोगी परीक्षा व्यवस्था सिलेक्शन (चयन) प्रक्रिया कम और रिजेक्शन (अस्वीकृति) प्रक्रिया अधिक बन गई है। लाखों युवा वर्षों तक मेहनत करते हैं, लेकिन सीमित अवसरों, भर्ती में देरी और परीक्षा संबंधी अनियमितताओं के कारण अधिकांश छात्रों को निराशा का सामना करना पड़ता है। बैठक में कांग्रेस नेता एवं एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रभारी कन्हैया कुमार ने भी उपस्थित सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 'छात्रों की गूंज' कोई राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देशभर में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लाखों युवाओं की आवाज है। यह उन छात्रों और उनके परिवारों की पीड़ा एवं संघर्ष को सामने लाने का प्रयास है जो वर्षों की कठिन मेहनत के बावजूद अपने परिश्रम का उचित परिणाम नहीं प्राप्त कर पाते। कन्हैया कुमार ने कहा कि यदि देश की शीर्ष पांच प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में छात्रों द्वारा खर्च की जाने वाली राशि को जोड़ दिया जाए तो वह भारत सरकार के कई मंत्रालयों के कुल बजट से भी अधिक होगी। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता है कि छात्रों की समस्याओं, चुनौतियों और अपेक्षाओं को राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनाया जाए।

# राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर प्रो. पी.सी. महालनोबिस को श्रद्धांजलि

## छात्रों को सांख्यिकी के क्षेत्र में करियर बनाने के लिए किया प्रेरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सोमवार को प्रख्यात सांख्यिकीविद् प्रो. पी.सी. महालनोबिस की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कर्पूरी सदन परिसर स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में किया गया। इस वर्ष समारोह की थीम 'एडमिनिस्ट्रेटिव डेटा की क्षमता को अनलॉक करना' रही जिसका उद्देश्य आधिकारिक सांख्यिकी तंत्र को मजबूत करना तथा जनहित में विश्वसनीय आंकड़ों के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं प्रो. महालनोबिस की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। उद्घाटन उप महानिदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख रोशन लाल साहू ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि सांख्यिकी केवल अनुसंधान का माध्यम नहीं, बल्कि सुशासन की मजबूत आधारशिला भी है। उन्होंने युवाओं से सांख्यिकी के महत्व को समझने और इस क्षेत्र में करियर बनाने का आह्वान किया। उपनिदेशक परिमल ने प्रशासनिक आंकड़ों के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जनगणना, जन्म-मृत्यु, स्वास्थ्य एवं विवाह से जुड़े आंकड़े देश की नीतियों के निर्माण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथियों में बिहार सरकार के उपनिदेशक (डीईएस) वीरेन्द्र कुमार तथा पटना विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. प्रमित कुमार, डॉ. डौली भारती एवं डॉ. सुरभि सुमन ने सांख्यिकी के शैक्षणिक और व्यावहारिक महत्व पर अपने विचार रखे। उन्होंने विद्यार्थियों में सांख्यिकी विषय के प्रति रुचि और जागरूकता बढ़ाने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी सुशील कुमार सिंह द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के सांख्यिकी विषय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह में स्वागत भाषण सहायक निदेशक आर.के. झा ने दिया। इस अवसर पर सहायक निदेशक रश्मि रंजन, सुधीर कुमार झा, ए.के. पाठक, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी तथा कार्यालय के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी मंजूषा कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# बाबा नागार्जुन की जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** हिंदी और मैथिली साहित्य के प्रख्यात कवि, लेखक और सामाजिक कार्यकर्ता बाबा नागार्जुन की जयंती पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि बाबा नागार्जुन भारतीय साहित्य के ऐसे जनकवि थे जिन्होंने अपनी लेखनी के माध्यम से समाज के वंचित, गरीब, किसान और मजदूर वर्ग के संघर्षों को सशक्त स्वर दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बाबा नागार्जुन का मूल नाम वैद्यनाथ मिश्र था और वे मैथिली साहित्य में 'यात्री' नाम से रचनाएं करते थे। उनकी रचनाओं में जनवादी विचारधारा की स्पष्ट झलक मिलती है और उन्होंने सामाजिक सरोकारों को साहित्य के केंद्र में स्थापित किया। उन्होंने बताया कि बाबा नागार्जुन ने कविता के साथ-साथ उपन्यास, लघुकथाएं, आत्मकथाएं और यात्रा-वृत्तांत भी लिखे। उनकी प्रमुख कृतियों में 'बादल को घिरते देखा है', 'युगधारा', मैथिली की चर्चित कृति 'पत्रहीन नग्न गाछ' तथा 'हजार-हजार बांहों वाली' शामिल हैं जो आज भी साहित्य प्रेमियों के बीच अत्यंत लोकप्रिय हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि साहित्य के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए उन्हें साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि बाबा नागार्जुन का साहित्य सामाजिक चेतना, मानवीय संवेदना और जनपक्षधरता का सशक्त दस्तावेज है तथा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा।

# हिन्दुस्तान जिंक ने पूरे किये 60 साल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड जिंक उत्पादक और वैश्विक स्तर पर शीर्ष 10 सिल्वर उत्पादकों में से एक वेदांता ग्रुप की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपनी 60वीं वार्षिक आम बैठक में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। संचालन के छह दशक पूरे होने पर हिंदुस्तान जिंक 2.0 विजन को और मजबूत किया जो भविष्य के लिए तैयार मल्टी-मेटल एंटरप्राइज बनने की दिशा में एक निरंतर बदलाव की प्रक्रिया है। चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बर ने कहा कि महत्वपूर्ण खनिजों में घरेलू क्षमताओं का विकास भारत की दीर्घकालिक विकास यात्रा का एक प्रमुख आधार होगा। इसी दिशा में हिंदुस्तान जिंक की भूमिका लगातार विकसित हो रही है। हमारा लक्ष्य एक भविष्य तैयार ऊर्जा परिवर्तन कंपनी बनना है जो अनेक धातुओं और महत्वपूर्ण खनिजों में अपनी ताकत बढ़ाते हुए भारत के औद्योगिक विकास को गति दे और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को सशक्त बनाए।

# केवाइपी परीक्षा के लिए कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में तैयारियां पूरी

## एक से तीन जुलाई तक आयोजित होगी परीक्षाः डॉ. आनंद रंजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जन्दाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जन्दाहा के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि बिहार कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 1 जुलाई से 3 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाली केवाईपी नॉन-डोमेन परीक्षा के लिए पात्र प्रशिक्षुओं के स्लॉट-वाइज हॉल टिकट जारी कर दिए गए हैं। सभी प्रशिक्षुओं को उनके निर्धारित परीक्षा स्लॉट की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है तथा परीक्षा को लेकर आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। डॉ. झा ने बताया कि सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे अपने निर्धारित परीक्षा स्लॉट के अनुसार समय से परीक्षा केंद्र पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हों। उन्होंने कहा कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए संस्थान द्वारा प्रशिक्षुओं को लगातार मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आत्मविश्वास और पूरी तैयारी के साथ परीक्षा दें तथा अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर एक मजबूत कदम बढ़ाएं। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम एवं स्लॉट के अनुसार सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# महिला सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम : डिहरी में सिलाई-कढ़ाई कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** महिलाओं को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आदर्श जन कल्याण फाउंडेशन के तत्वावधान में डिहरी बाजार में सिलाई-कढ़ाई कौशल विकास केंद्र का शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन संस्था की सचिव डॉ. अर्चना गुप्ता के छोटे पुत्र कान्हा गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर दो सिलाई मशीनों के साथ प्रशिक्षण कार्य की औपचारिक शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान आयोजित कार्यकारिणी बैठक में महिला रोजगार, स्वरोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को दोहराया गया। संस्था की सचिव डॉ. अर्चना गुप्ता ने उपस्थित सदस्यों और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि किसी भी समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं का आर्थिक रूप से सशक्त होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उचित प्रशिक्षण और संगठित प्रयासों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने संस्था के उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक महिलाओं से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। केंद्र में प्रशिक्षण कार्य के लिए अनुभवी महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंचन सोनी सिलाई प्रशिक्षण का संचालन करेंगी जबकि आशा देवी अपने दो दशक के अनुभव के आधार पर प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न प्रकार के वस्त्र निर्माण की जानकारी देंगी। वहीं नीलम देवी को टेलर मास्टर की जिम्मेदारी दी गई है जो वर्षों से इस क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

आदर्श जन कल्याण फाउंडेशन की कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता नीरज कुमार ने की। बैठक में कोषाध्यक्ष आशा गुप्ता, अमृता देवी, माधुरी देवी, रेखा कुमारी, आरती कुमारी सहित कई महिलाओं ने भाग लिया। इसके अलावा सामाजिक कार्यकर्ता राजन गुप्ता, अरुण सिंह, अमित गुप्ता और कान्हा गुप्ता भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि इस केंद्र का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। भविष्य में केंद्र के विस्तार के साथ अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण से जोड़ने की योजना भी बनाई गई है। स्थानीय लोगों ने इस पहल को महिला सशक्तिकरण और सामाजिक विकास की दिशा में एक सराहनीय एवं प्रेरणादायक कदम बताया।

# अल्युमिनियम फैक्ट्री का निर्माण शुरू, सैकड़ों युवाओं को मिलेगा रोजगार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट प्रखंड के नगर पंचायत गोडारी स्थित जिला गांव में अल्युमिनियम फैक्ट्री (के एन एस जी) की स्थापना का काम प्रथम चरण में शुरू हो गया है। चिल्हा गांव के समाजसेवी और उद्यमी पिंटू सिंह की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत फिलहाल साइट पर मिट्टी भराई का कार्य चल रहा है। पिंटू सिंह का कहना है कि इस फैक्ट्री के चालू होने से क्षेत्र के सैकड़ों नवयुवकों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा और स्थानीय स्तर पर उद्योग-धंधों को नई गति मिलेगी। पिछले एक महीने से सरकार के विभिन्न विभागों से सभी कागजी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद अब निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ी है। गोडारी नगर पंचायत के इस नए उद्योग को लेकर न केवल स्थानीय लोगों में खुशी है, बल्कि पूरे अनुमंडल और जिले के समाजसेवियों-उद्यमियों के बीच भी यह चर्चा का विषय बन गया है। लोगों का मानना है कि क्षेत्र में पहली बार कोई स्थानीय उद्यमी इतने बड़े स्तर पर उद्योग लगा रहा है। पिंटू सिंह ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य युवाओं का पलायन रोकना है। फैक्ट्री शुरू होने के बाद सीजनल व स्थायी दोनों तरह के रोजगार सृजित होंगे जिससे युवाओं को काम के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इस पहल से काराकाट क्षेत्र में औद्योगिक विकास की नई शुरुआत मानी जा रही है और आसपास के गांवों में भी आर्थिक गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है। फैक्ट्री निर्माण की खबर से क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना है और लोग इसे विकास की दिशा में बड़ा कदम बता रहे हैं।

# बिक्रमगंज नगर में मंत्री अशोक चौधरी का भव्य स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** जदयू नेत्री अरुणा सिंह के मार्गदर्शन में रविवार को बिक्रमगंज नगर परिषद के तेंदुनी चौक पर बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी का भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बिहार राज्य परिषद सदस्य सह तरारी विधानसभा प्रभारी अरुणा सिंह ने किया। मंत्री अशोक चौधरी के तेंदुनी चौक पहुंचते ही जदयू कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं, अंगवस्त्र और नारों के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पूरे नगर में उत्साह का माहौल रहा। स्वागत से अभिभूत होकर मंत्री अशोक चौधरी ने जदयू नेत्री अरुणा सिंह, नगर अध्यक्ष रवि प्रकाश, प्रखंड अध्यक्ष सद्दाम हुसैन और सभी कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया। इस मौके पर मंत्री चौधरी ने कहा कि बिक्रमगंज नगर के कार्यकर्ताओं की एकजुटता और समर्पण पार्टी की ताकत है। उन्होंने अरुणा सिंह के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि जदयू का संगठन यहां लगातार मजबूत हो रहा है। कार्यक्रम में जदयू के नगर एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों समेत बहुत कार्यकर्ता मौजूद रहे। बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र में हुए इस स्वागत समारोह को जदयू की जमीनी पकड़ और मंत्री अशोक चौधरी की लोकप्रियता का प्रतीक माना जा रहा है।

# लापता लड़के-लड़कियां सकुशल बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढी गोला(रोहतास)।** जिले के अकोढी गोला थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से लड़का एवं लड़कियों की लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। अकोढी गोला थाना क्षेत्र के अलगू बिगहा की रहने वाली एक मां ने 25 अप्रैल 2026 को अपनी 18 वर्षीय पुत्री की लापता होने की प्राथमिकी थाने में दर्ज करवाई थी। लिखित आवेदन में उन्होंने बताया कि 24 तारीख को वे खेतों में काम करने गई थी जब घर आए तो उनकी पुत्री घर में नहीं थी। एक अन्य लापता के मामले में अकोढी गोला थाना क्षेत्र के बाघाखोह की रहने वाली एक मां ने 21 जून 2026 को स्थानीय थाने में अपनी 19 वर्षीय पुत्री की लापता होने की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लिखित आवेदन में बताया कि 20जून 2026 को किसी काम से डिहरी ऑन सोन गई थी वापस आने पर घर में मेरी पुत्री नहीं थी। 28 जून 2026 को अकोढी गोला थाना क्षेत्र के अंसार मोहल्ला की रहने वाली साजदा खातून ने अपने 10 वर्षीय पुत्र शाहनवाज अंसारी की लापता होने की प्राथमिकी थाने में दर्ज करवाई। लिखित आवेदन में उन्होंने बताया कि मेरा पुत्र 28 जून की सुबह 10 बजे घर के बाहर खेल रहा था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इन सभी मामलों का उद्भेदन करते हुए अकोढी गोला थाना अध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि आवेदन प्राप्त होते ही तीनों मामलों में कांड संख्या 158/26, 239/26,245/26 दर्ज की गई थी। दोनों कांडों में लापता लड़कियों को सकुशल अकोढी गोला थाना के समीप से बरामद किया गया है वहीं 10 वर्षीय लापता लड़के को अकोढी गोला बाजार के समीप से बरामद किया है। तीनों लापता लड़का एवं लड़कियों को सकुशल बरामद करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# एआई आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जीएनएसयू का सात दिवसीय राष्ट्रीय एफडीपी संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह यूनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एंड इंजीनियरिंग द्वारा आईईईई कोलकाता सेक्शन के सहयोग तथा इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के समर्थन से आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन 29 जून को हुआ। कार्यक्रम का विषय था 'एआई आधारित युग में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए उन्नत शिक्षण रणनीतियां'। 23 से 29 जून तक आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन, साइबर सुरक्षा, नैनो-इलेक्ट्रॉनिक्स, वायरलेस कम्युनिकेशन, आधुनिक शिक्षण विधियों तथा शोध पद्धतियों पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन चांसलर गोपाल नारायण सिंह के संरक्षण में हुआ। इसका नेतृत्व फैकल्टी के डीन प्रो. (डॉ.) पंकज दशोरे ने किया। डॉ. मोनिका सिंह और प्रो. (डॉ.) एस. चाइना वेंकटेश्वरलू सह-संयोजक रहे। विशेषज्ञों ने एआई आधारित शिक्षा, नवाचार और शोध की बदलती जरूरतों पर विस्तार से विचार साझा किए। प्रतिभागियों ने तकनीकी चर्चाओं और सामूहिक शिक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन सत्र में वक्ताओं ने एआई-सक्षम शिक्षण पद्धतियों और शोध-आधारित शिक्षा को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। आयोजकों ने विश्वविद्यालय नेतृत्व, आईईईई कोलकाता सेक्शन, सभी रिसोर्स पर्सन्स, समन्वयकों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन के अवसर पर विश्वविद्यालय ने नवाचार, शोध उत्कृष्टता और एआई आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने वाले ऐसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में डालमियानगर में कैंडल मार्च, न्याय की उठी मांग




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डालमियानगर (रोहतास)।** भरत भूषण तिवारी के कथित फर्जी एनकाउंटर के विरोध में रविवार को जय भारती सेवा संस्थान, राष्ट्रीय सवर्ण कल्याण मोर्चा और भारतीय ब्राह्मण महासभा के बैनर तले डालमियानगर में आक्रोश कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च हनुमान मंदिर से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए एकता चौक पहुंचा जहां प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कैबिनेट मंत्री जीतन राम मांझी का पुतला दहन किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने भरत तिवारी को न्याय दिलाने, उन्हें शहीद का दर्जा देने, परिजनों को आर्थिक सहायता एवं सरकारी नौकरी देने की मांग की। साथ ही एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों और संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की भी मांग उठाई गई। नेताओं ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। कैंडल मार्च में विनय बाबा, सुरेन्द्र तिवारी, उमाशंकर पाण्डेय, अनिल मिश्रा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, अधिवक्ता और विभिन्न संगठनों के सदस्य शामिल रहे।

# पल्स पोलियो अभियान शुरू, नवजात को पिलायी गयी खुराक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा प्रखंड में रविवार को पल्स पोलियो अभियान की विधिवत शुरुआत की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सौरभ प्रकाश, स्वास्थ्य प्रबंधक इरफान खान और डब्ल्यूएचओ मॉनिटर उदय पाण्डेय की मौजूदगी में खरोज गांव में एक नवजात को पोलियो रोधी दवा की दो बूंद पिलाकर अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद रही। अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक दी जा रही है। डॉ. सौरभ प्रकाश ने बताया कि पोलियो एक खतरनाक बीमारी है जो बच्चों को स्थायी अपंगता दे सकती है, इसलिए हर बच्चे को दवा पिलाना अनिवार्य है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को बूथ पर लाएं या घर आने वाली टीम का सहयोग करें ताकि कोई भी बच्चा छूटे नहीं। स्वास्थ्य प्रबंधक इरफान खान के अनुसार प्रखंड के सभी बूथों पर टीमें तैनात कर दी गई है और स्वास्थ्यकर्मी डोर-टू-डोर जाकर बच्चों को दवा पिला रहे हैं। डब्ल्यूएचओ मॉनिटर उदय पाण्डेय ने अभियान की मॉनिटरिंग करते हुए टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विभाग ने दोहराया कि पोलियो मुक्त भारत के लक्ष्य के लिए हर चरण का टीकाकरण जरूरी है। इस अभियान में आशा कार्यकर्ता, एएनएम और आंगनबाड़ी सेविकाएं भी पूरी सक्रियता से जुटी हैं। ग्रामीणों से अपेक्षा की गई है कि वे स्वास्थ्यकर्मियों का सहयोग करें और अपने आसपास के सभी बच्चों तक दवा पहुंचवाने में मदद करें ताकि सूर्यपुरा प्रखंड को पोलियो मुक्त रखा जा सके।

# पतंजलि आदर्श योग कक्षा में हवन-पूजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पतंजलि आदर्श योग कक्षा, डिहरी-रोहतास में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पतंजलि परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से हवन कर विश्व कल्याण, सुख-समृद्धि एवं निरोगी जीवन की कामना की।

इस अवसर पर पतंजलि के जिला प्रभारी उमाशंकर प्रसाद ने बताया कि प्रत्येक माह की पूर्णिमा को हवन-पूजन का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि हवन-पूजन से वातावरण शुद्ध होता है तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। भारतीय संस्कृति में हर शुभ अवसर पर हवन-पूजन का विशेष महत्व है। हवन-पूजन कार्यक्रम में योग शिक्षक जितेंद्र सिंह, सहयोग शिक्षक प्रभूनारायण शर्मा, सरोज कुमार, मुराली सिंह, ललन चौधरी, ददन राय, राजेश कुमार, अजय सिंह, कृष्णा प्रसाद, प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, राजू सोनी, कृष्णा पासवान, भगवान सिंह एवं राजू कुमार सहित अन्य सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने मिलकर भगवान से प्रार्थना की।


**Office of The Civil Surgeon –Cum-Chief Medical Officer, Garhwa**
**Email ID- cs.garhwa@gmail.com,**

**E-Tender Notice**
**(E-Procurement Notice)**

Tender No. :- CS/GRH/01/26-27 Date: 27/06/2026

Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of Medicine, Materials, Machinery and Consumables. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.in and bid should be submitted through e-procurement systems only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Ernest money deposit (EMD) through online mode.

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Supply of Medicine Materials, Machinery and Consumables. |
| 2 | Date of Publication of the Tender on Website | 03/07/2026 |
| 3 | Pre-Bid Conference Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders. | 08.07.2026 latest by 3.00 P.M. The bidders may visit the department concerned and submit their queries / Suggestions to the Civil Surgeon Cum CMO, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms of specifications. |
| 4 | Date & Time Online submission of BID | 11.07.2026 to 25.07.2026 |
| 5 | Bid submission closing date | 25.07.2026 by 5.00PM |
| 6 | Bid Opening date | 27/07/2026 by 03.00PM |
| 7 | Opening date online Financial proposal | After completion of Technical BID |
| 8 | Bid Security/Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 2,00,000/- (Rs. Two Lakh only) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurement portal of the tender inviting authority. Exemptions for Micro & Small Enterprises (MSEs) Registered Agency |
| 10 | Contact No. of Procurement Cell | 8294999290 |

Note : The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 383517 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer, Garhwa.


# श्री लक्ष्मी नारायण प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी बाजार स्थित श्री हनुमान मानस मंदिर परिसर में श्री लक्ष्मी नारायण जी की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर चार दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के माहौल में हुआ। कार्यक्रम के तहत सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भव्य कलश एवं जलभरी यात्रा निकाली। जलभरी यात्रा श्री हनुमान मानस मंदिर से प्रारंभ होकर डिहरी बाजार, कर्पूरी चौक होते हुए एनिकट स्थित सोन नद तट तक पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा और पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर अनुष्ठान में शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण जय श्रीराम और हरि नाम के जयघोष से भक्तिमय बना रहा। प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए वाराणसी से पांच विद्वान ब्राह्मणों का दल डिहरी पहुंचा। उनके द्वारा वैदिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं यज्ञ संबंधी अनुष्ठानों की शुरुआत कर दी गई है। मंदिर के प्रधान पुजारी संजय मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में धनंजय गुप्ता, अर्जुन केसरी, विनय गुप्ता, बसंत लाल, काशी शर्मा, अखिलेश यादव, अनूप अग्रवाल, पार्वती देवी, रेणु देवी, आरती देवी, कुसुम देवी, उषा देवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर समिति के सदस्य अर्जुन केसरी ने बताया कि श्री हनुमान मानस मंदिर में श्री लक्ष्मी नारायण जी की नवीन प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है जिसके लिए चार दिवसीय कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 29 जून को कलश शोभायात्रा एवं पूजन-अर्चना के साथ अनुष्ठान की शुरुआत हुई है। 30 जून को संध्या 4 बजे प्रतिमा के साथ भव्य नगर भ्रमण निकाला जाएगा। 1 जुलाई को वैदिक विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा एवं विशेष पूजन का आयोजन होगा। उसी दिन शाम 5 बजे से 12 घंटे का अखंड हरिकीर्तन प्रारंभ किया जाएगा जबकि 2 जुलाई को हवन-पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की गई है।

# महान संत कबीर दास जयंती संपन्न


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** संत कबीर दास विचार मंच के तत्वावधान में महान संत कबीर दास जयंती समारोह कबीर दास विचार मंच के अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में एवं समिति के संरक्षक सत्यनारायण स्वामी के संचालन में बी पी मंडल परिसर जी टी रोड सासाराम में संपन्न हुआ। इसका उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर शेरशाह सूरी इंटर स्तरीय विद्यालय के पूर्व प्राचार्य, शिक्षाविद सुग्रीव प्रसाद सिंह एवं कवि, लेखक, साहित्यकार, प्रोफेसर, डॉक्टर चंद्रमा सिंह ने किया तथा उपस्थित सभी लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर संत कबीर दास को हार्दिक नमन किया। उक्त अवसर पर संत कबीर के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए अनेक वक्ताओं ने संत कबीर को महान संत, समाज सुधारक बताया। प्रोफेसर डॉक्टर चंद्रमा सिंह ने बताया कि आजीवन समाज में व्याप्त आडंबरों पर कुठाराघात करने वाले संपूर्ण विश्व में अपने दोहों के माध्यम से मानव को कर्मशील बनाने वाले भारतीय संत कबीर दास को कोटि-कोटि नमन किया।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा**

**आवश्यक सूचना**

**( अपहृता (1)शमीमा खातुन उम्र–16 वर्ष, (2)रुकसाना खातुन उम्र–18 वर्ष )**




मेराल थाना कांड सं0–119/26 दिनांक–01.06.26 धारा–137(2), 140(3) बी0एन0एस0 में अपहृता 1. शमीमा खातुन उम्र–16 वर्ष, पिता–अली हुसैन अंसारी, 2. रुकसाना खातुन उम्र–18 वर्ष, पिता–अख्तर अंसारी, दोनों सा0–बनखेता, थाना–मेराल, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाली है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि अपहृता शमीमा खातुन एवं रुकसाना खातुन का दिनांक–25.05.26 को अपहरण कर लिया गया है जो अबतक घर वापस नहीं आयी है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त दोनों अपहृता लड़की कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**अपहृता का विवरण / हुलिया :–**

1.नाम–शमीमा खातुन, लम्बाई–05 फीट 01 इंच, शरीर–समान्य, रंग–गोरा, पहनावा–हरा रंग का सलवार सूट।

2.नाम–रुकसाना खातुन रंग–गोरा, लम्बाई–05 फीट, पहनावा–लल रंग का सलवार सूट।

PR 383591 Police(26-27).D

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,गढ़वा



**GOVT. OF BIHAR**

**BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD**
**I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.**

**Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in**

**UNDER GRADUATE ENGINEERING ADMISSION COUNSELLING (UGEAC)-2026 for 5-Year full-time Bachelor of Architecture Course**

**Adv. No.- BCECEB(UGEAC)-2026/06 Dated 29.06.2026**

**Important Notice**

Online Applications are invited from candidates who have appeard in Joint Entrance Examination [JEE (MAIN)]-2026 (Paper-II), conducted by the National Testing Agency (NTA) or NATA qualified and got valid score for appearing in the Under Graduate Engineering Admission Counselling (UGEAC)-2026 for admission to the First Year of 5-year full-time Bachelor of Architecture Course in Gaya College of Engg., Gaya, Bihar.

2. The online Registration and submission of Application Form will start from **01.07.2026** and close on **15.07.2026 (10.00 p.m.)**.

3. Detailed Programme/ eligibility criteria for counselling / admission/ Fee payment precedure, instructions and other details are available in the prospectus of UGEAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGEAC)-2026/05 dated 29.06.2026 which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination

# नालंदा सदर अस्पताल में शुरू होगी पांच बेड की अत्याधुनिक आईसीयू सुविधा

## गंभीर मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत,30 जून को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले के सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हुए पांच बेड की अत्याधुनिक आईसीयू (गहन चिकित्सा इकाई) पूरी तरह तैयार कर ली गई है। लंबे समय से आईसीयू सुविधा के अभाव में गंभीर मरीजों को पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर करना पड़ता था, लेकिन अब उन्हें जिले में ही समय पर जीवन रक्षक उपचार मिल सकेगा। इस नई सुविधा का ऑनलाइन उद्घाटन 30 जून को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी करेंगे। अब तक हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, गंभीर दुर्घटना और सांस संबंधी जटिल बीमारियों के मरीजों को 16 किलोमीटर दूर पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेजा जाता था। इस दौरान इलाज में देरी के कारण कई मरीजों की हालत गंभीर हो जाती थी। नई आईसीयू शुरू होने से ऐसे मरीजों को तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सकेगा। अस्पताल प्रबंधक मो. इमरान ने बताया कि आईसीयू संचालन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यहां तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों सहित अन्य डॉक्टरों की तैनाती की गई है। मरीजों की चौबीसों घंटे निगरानी के लिए 15 जीएनएम समेत कुल 21 नर्सिंग स्टाफ को तीन शिफ्टों में लगाया गया है। साफ-सफाई, सुरक्षा और जीवन रक्षक दवाओं की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पावापुरी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. जकी अनवर जमां ने बताया कि उनके अस्पताल में पहले से 12 बेड की आईसीयू और इमरजेंसी में छह सुरक्षित बेड संचालित हैं। सदर अस्पताल में आईसीयू शुरू होने से पावापुरी मेडिकल कॉलेज पर मरीजों का दबाव कम होगा और जिले की स्वास्थ्य सेवाएं अधिक प्रभावी एवं सुलभ बनेंगी।

# पावापुरी फ्लाईओवर में तकनीकी खराबी, वन-वे से गुजर रहे वाहन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरियक**। एनएच-20 स्थित पावापुरी फ्लाईओवर में तकनीकी खराबी सामने आने के बाद यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने फिलहाल फ्लाईओवर पर वाहनों की आवाजाही वन-वे से शुरू कर दी है। इससे रोजाना इस मार्ग से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दिन पहले फ्लाईओवर से कंक्रीट का मलबा नीचे गिरा था। उस घटना के बाद से ही लोगों ने पुल की गुणवत्ता और रखरखाव पर सवाल उठाए थे। अब फ्लाईओवर के एक हिस्से में दोबारा तकनीकी खराबी मिलने से लोगों की चिंता और बढ़ गई है। एनएच-20 बिहार के प्रमुख मार्गों में शामिल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में निजी वाहन, बसें और मालवाहक ट्रक गुजरते हैं। ऐसे में फ्लाईओवर की क्षति को गंभीर मानते हुए वाहन चालकों ने जल्द स्थायी समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि पुल और फ्लाईओवर जैसी महत्वपूर्ण संरचनाओं का नियमित निरीक्षण एवं समय पर रखरखाव जरूरी है। फिलहाल क्षेत्रवासियों की निगाहें विभागीय कार्रवाई और पावापुरी फ्लाईओवर के जल्द सुरक्षित रूप से बहाल होने पर टिकी हैं।

## एक नजर

### पेड़ काटने के विवाद में एक दर्जन से अधिक घायल

**बिहारशरीफ**। सोहसराय थाना क्षेत्र के बसारबीघा-जलालपुर मोहल्ले में रविवार की देर शाम पेड़ की टहनी काटने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए हैं। एक पक्ष की आरती देवी ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाले जैकी कुमार के घर के पास पेड़ की टहनी झुक गई थी। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष के लोग उनके घर में घुस आए, गाली-गलौज की और महिलाओं के साथ मारपीट की। उनका आरोप है कि बाहर से लोगों को बुलाकर भी हमला कराया गया।वहीं, दूसरे पक्ष के जैकी कुमार ने आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उनका कहना है कि विवाद की शुरुआत किरायेदारों के बीच पानी भरने को लेकर हुई थी। विपक्षी पक्ष ने उनके परिवार पर लोहे की रॉड से हमला किया तथा हवाई फायरिंग भी की।मारपीट में घायल होने वालों में जैकी कुमार, अश्विनी कुमार, सुरभि कुमारी, अभिषेक कुमार, राखी कुमारी, रेनू देवी, सुनीता देवी, धीरज कुमार, पप्पू कुमार, रूबी देवी, गिरजा देवी, शिवनंदन महतो समेत अन्य लोग शामिल हैं। सभी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मुकेश ने बताया कि पेड़ एवं बांस काटने के विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई है। दोनों पक्षों से लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।

### करंट लगने से किसान की मौत

**बिहारशरीफ**। चंडी थाना क्षेत्र के रुखाई नवादा गांव में खेत की पटवन करने गए एक किसान की करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा है, जबकि पूरे गांव में शोक का माहौल है।मृतक की पहचान रुखाई नवादा निवासी स्वर्गीय राधेश्याम केवट के 51 वर्षीय पुत्र अखिलेश केवट के रूप में हुई है।मृतक के पुत्र उपेंद्र कुमार ने बताया कि उनके पिता अपने छोटे भाई के साथ खेत की पटवन करने गए थे। इसी दौरान उन्हें करंट लग गया। कुछ देर बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर अवस्था में अखिलेश केवट को इलाज के लिए चंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही चंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थाना अध्यक्ष अखिलेश झा ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल भेज दिया है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# 20 दिनों से जलजमाव से जूझ रहा पंचशील नगर

## सड़क-नाली के अभाव में बढ़ा बीमारी का खतरा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हरनौत**। नगर पंचायत के वार्ड संख्या-11 स्थित पंचशील नगर मुहल्ले में पिछले 20 दिनों से जलजमाव की गंभीर समस्या बनी हुई है। नाली और पक्की सड़क के अभाव में घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर जमा है, जिससे लोगों का आवागमन बाधित हो गया है। लगातार फैल रही दुर्गंध और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि घरों के शौचालय, बाथरूम और रसोई का गंदा पानी सड़क पर बहकर जमा हो रहा है। नगर पंचायत द्वारा नियमित रूप से ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव भी नहीं कराया जा रहा है, जिससे स्थिति और चिंताजनक हो गई है। सोमवार सुबह हुई मानसूनी बारिश के बाद जलस्तर और बढ़ गया, जिससे लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है। कई परिवार घरों से निकलने में भी परेशानी झेल रहे हैं।मुहल्ले की वीणा देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे वर्षों से सड़क और नाली निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। वहीं, स्ट्रीट लाइट नहीं होने से शाम के समय अंधेरे में आवागमन और अधिक कठिन हो जाता है। बुजुर्गों और बच्चों के गिरने का खतरा बना रहता है।वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय शर्मा ने बताया कि एक सप्ताह पहले कार्यपालक पदाधिकारी समेत अन्य अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने कहा कि वार्ड संख्या-11 और 17 को जोड़ने वाली लगभग 600 फीट लंबी सड़क का निर्माण प्रस्तावित है। कार्यपालक पदाधिकारी सौरभ सुमन ने कहा कि समस्या उनके संज्ञान में है और इसके स्थायी समाधान के लिए जल्द आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# वी बी जी राम जी अधिनियम 2025 को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। आगामी 1 जुलाई 2026 से देशभर में लागू होने जा रहे वी बी जी राम जी अधिनियम 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सोमवार को कौआकोल प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह उन्मुखीकरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद असलम हुसैन ने की। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनरेगा अंतर्गत कार्यरत पंचायत स्तरीय कर्मियों के साथ-साथ त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद असलम हुसैन ने कहा कि वी बी जी राम जी अधिनियम 2025 ग्रामीण विकास योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी को और अधिक मजबूत करेगा। उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के लागू होने के बाद योजनाओं की निगरानी और कार्यान्वयन व्यवस्था पहले से अधिक प्रभावी बनेगी। उन्होंने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय कर्मियों एवं आम ग्रामीणों को इस अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देना जरूरी है,ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सही तरीके से अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके। सरकार की मंशा है कि ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं में जनता की सीधी भागीदारी सुनिश्चित हो तथा जनसुनवाई के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। कार्यक्रम में पीटीए सूरज कुमार, प्रवीण कुमार, मनरेगा अकाउंटेंट अंजनी कुमार, कार्यपालक सहायक कुंदन कुमार, प्रीतम कुमार, रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, सुमित कुमार, उपेंद्र यादव, संतोषी कुमार समेत कई कर्मी उपस्थित रहे। वहीं जनप्रतिनिधियों में मुखिया दीपक कुमार, पैक्स अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तथा पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि विनोद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# देश की अर्थव्यवस्था और नीति निर्माण की रीढ़ है सांख्यिकीः प्रो. सुनीता सिन्हा

**बिहारशरीफ**। नालंदा कॉलेज, बिहारशरीफ के अर्थशास्त्र विभाग के तत्वावधान में सोमवार को महान भारतीय सांख्यिकीविद् एवं वैज्ञानिक प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पर ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। डिजिटल माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सर्वदमन कश्यप के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने कहा कि प्रो. महालनोबिस ने सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया, जिसके सम्मान में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनीता सिन्हा ने कहा कि सांख्यिकी किसी भी देश की अर्थव्यवस्था और नीति निर्माण की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि ठोस आंकड़ों और सांख्यिकीय साक्ष्यों के बिना अर्थशास्त्र केवल एक विचारधारा बनकर रह जाता है। किसी भी आर्थिक योजना की सफलता का मूल्यांकन और प्रभावी क्रियान्वयन सटीक आंकड़ों के आधार पर ही संभव है।मुख्य वक्ता डॉ. पीयूष कुमार ने अर्थशास्त्र में सांख्यिकी की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि मांग-आपूर्ति, मुद्रास्फीति, राष्ट्रीय आय और गरीबी के आकलन से लेकर नीति निर्माण तक हर क्षेत्र में सांख्यिकीय विश्लेषण की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि आज डेटा विश्लेषण, सार्वजनिक स्वास्थ्य और भविष्यवाणी आधारित शोध में भी सांख्यिकी की उपयोगिता लगातार बढ़ रही है। वेबिनार के अंत में आयोजित वर्चुअल संवाद सत्र में छात्र-छात्राओं एवं शोधार्थियों ने सांख्यिकी के नए रुझानों और उसके व्यावहारिक उपयोग से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता ने विस्तार से उत्तर दिया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा**। देश के ग्रामीण विकास और रोजगार क्षेत्र में 1 जुलाई 2026 से एक ऐतिहासिक बदलाव होने जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मनरेगा' का स्थान अब नया जी राम जी' (रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण) कानून लेगा। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित उजला भवन में पीओ राजीव कुमार की अध्यक्षता में पंचायत प्रतिनिधियों व कर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पीओ ने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत ग्रामीण अकुशल श्रमिकों को अब साल में 100 दिनों के बजाय 125 दिनों के गारंटीशुदा रोजगार का अधिकार मिलेगा। कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के लिए फसल बुआई व कटाई के सीजन में राज्य सरकारें योजना पर अधिकतम 60 दिनों की रोक लगा सकेंगी, जिससे किसानों को समय पर मजदूर मिल सकें। श्रमिकों के पुराने जॉब कार्ड मान्य रहेंगे, जिन्हें बाद में स्मार्ट कार्ड में बदला जाएगा। योजना में जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार जैसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मौके पर मुखिया शशिभूषण कुमार उर्फ वेणु यादव,रोजगार सेवक रामाशीष पासवान, पीटीए अविनाश कुमार,अजय कुमार समेत अन्य रहे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। थाना क्षेत्र के बिझो गांव निवासी सुनील महतो के 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार राहुल कुमार ट्रक चालक था। रविवार की रात नोएडा (दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र) में सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही युवक का शव उनके पैतृक गांव बिझो पहुंचा, पूरे गांव में मातम छा गया। स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की खबर मिलते ही आसपास के लोग मृतक के घर पहुंचने लगे और शोक-संवेदना व्यक्त की। राहुल कुमार की असामयिक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोगों ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए परिवार को ढांढस बंधाया।

# कौआकोल में पीएम आवास योजना में व्याप्त धांधली की जांच की मांग, डीएम-डीडीसी से कार्रवाई की अपील

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। प्रखंड कार्यालय कौआकोल में संचालित पीएम आवास योजना (ग्रामीण) में व्यापक धांधली का आरोप लगाते हुए इसकी जांच कराने की मांग उठी है। इस संबंध में जिला प्रशासन से कार्रवाई की अपील की गई है। जानकारी के अनुसार प्रखंड की कई पंचायतों में वित्तीय वर्ष की समाप्ति होने के बाद भी पात्र लाभुकों को आज तक पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका है। दरावां पंचायत के बरौन गांव निवासी बीरू ठाकुर ने आरोप लगाया कि जनवरी 2025 में उनके नाम से पीएम आवास योजना की स्वीकृति मिली थी,लेकिन पहली किस्त की राशि उनके खाते में न जाकर किसी दूसरे व्यक्ति के खाते में चली गई। इसके बाद भी आज तक उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे वे लगातार प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। बताया जा रहा है कि ऐसे कई लाभुक हैं,जिनके नाम पर आवास योजना स्वीकृत हुई,लेकिन राशि अब तक उनके खाते में नहीं पहुंची। इससे योजना में गड़बड़ी और अनियमितता की आशंका जताई जा रही है। इस मामले को लेकर भाकपा माले नेता मंटू कुमार ने जिलाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त से कौआकोल प्रखंड में पीएम आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

# ककोलत से गेरांडी तक 40 लाख की सड़क 3 माह में ही टूटी, ग्रामीणों में आक्रोश

**रजौली**। अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर प्रखंड के ककोलत से गेरांडी गांव तक बनी सड़क निर्माण के तीन माह बाद ही उखड़ने लगी है। 1.1 किमी लंबी इस सड़क पर 40 लाख रुपये खर्च हुए, लेकिन बारिश से पहले ही जगह-जगह गड्ढे और दरारें पड़ गईं। घटिया निर्माण से नाराज ग्रामीणों ने संवेदक पर गुणवत्ताहीन सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है।

**एक माह में ही बिखरने लगी सड़क,ग्रामीणों में रोष :-**

गेरांडी निवासी रामजतन सिंह, सुमन सिंह, राजू सिंह, बब्लू सिंह, शिवालक यादव, शिवदानी प्रसाद, सुरेश पंडित समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि एनएस ईएसएम जेभी कंपनी के प्रतिनिधि मनोज कुमार महारथी ने तीन माह पहले ही सड़क का निर्माण पूरा किया था। आरोप है कि निर्माण के दौरान भारी अनियमितता बरती गई। एक माह बाद से ही सड़क टूटकर बिखरने लगी। ग्रामीणों का कहना है कि घटिया मटेरियल के कारण सड़क की हालत बेहद खराब है। उन्हें डर है कि इस साल की बारिश में पूरी सड़क टूटकर बह जाएगी और आवागमन ठप हो जाएगा। गांव के लोगों को फिर से कीचड़ और जलजमाव की समस्या झेलनी पड़ेगी।

**योजना बोर्ड पर 43.7 लाख का बजट :-**

सड़क पर लगे योजना बोर्ड के मुताबिक ककोलत से गेरांडी तक 1.1 किमी सड़क निर्माण के लिए 40 लाख रुपये आवंटित किए गए थे। साथ ही संचालन व प्रबंधन मद में 3.7 लाख रुपये अलग से दिए गए। कार्यकारी एजेंसी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, रजौली अंकित है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी संवेदक और लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही सड़क का दोबारा गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की गुहार लगाई है।

**जेई से जांच कराएंगेः कार्यपालक अभियंता :-**

इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग, रजौली के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार ने कहा, "मामला संज्ञान में आया है। कनीय अभियंता से स्थल जांच कराई जा रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद संवेदक पर नियमानुसार अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं होगा।"

# इस्लामपुर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इस्लामपुर**। स्थानीय बाजार में सोमवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ किया गया। जदयू विधायक रुहैल रंजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजीव प्रसाद सिंह ने फीता काटकर केन्द्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिकों और ग्रामीणों की उपस्थिति रही। दुकान संचालक ने बताया कि केन्द्र पर उच्च गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयाँ 50 से 80 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। यहां जीवन रक्षक दवाओं के साथ-साथ रोजमर्रा में उपयोग होने वाली दवाइयां, वरिष्ठ नागरिकों के लिए आवश्यक दवाएं, स्वास्थ्य संबंधी उत्पाद तथा मेडिकल उपकरण भी एक ही छत के नीचे उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि योजना का उद्देश्य आम लोगों को किफायती दर पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयाँ उपलब्ध कराना है। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब छोटे-मोटे इलाज और जरूरी दवाइयों के लिए शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे समय, श्रम और पैसे तीनों की बचत होगी तथा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा स्थानीय स्तर पर ही मिल सकेगी। उद्घाटन समारोह में इस्लामपुर नगर परिषद के उपाध्यक्ष तनवीर आलम, जदयू नेता राजेश कुमार, जिब्बू जी, प्रफुल्ल कुमार आजाद, विपिन कुमार, पिंकू सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। समारोह में वक्ताओं ने जन औषधि केन्द्र को ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

# 1 जुलाई से लागू होगा नया अधिनियम, रजौली में जनप्रतिनिधियों व मनरेगा कर्मियों को प्रशिक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर सोमवार को रजौली प्रखंड सभागार में वीबी-ग्राम अधिनियम, 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रखंड क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक तथा मनरेगा से जुड़े कर्मियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख सरोज देवी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय परमार, उपप्रमुख विनोद राजवंशी एवं कनीय अभियंता कमलेश कुमार उपस्थित रहे। अधिकारियों ने अधिनियम के उद्देश्य, प्रमुख प्रावधानों तथा पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी। प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विजय परमार ने बताया कि नए अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर बिपार्ड, पटना में मास्टर ट्रेनरों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इसके बाद जिला स्तर पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया और अब उसी क्रम में प्रखंड स्तर पर पंचायत प्रतिनिधियों एवं मनरेगा कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विभागीय निर्देशानुसार प्रशिक्षण दो पालियों में संपन्न हुआ। पहली पाली में मनरेगा से जुड़े कर्मियों को तथा दूसरी पाली में मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि नए अधिनियम के लागू होने से ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास कार्यों की गुणवत्ता में सुधार होगा। प्रशिक्षण के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने 01 जुलाई से अधिनियम को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने तथा आम लोगों को इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित रहे।


# गोदान के साथ आचार्य श्याम दास जी महाराज समेत अतिथियों को दी गई विदाई

**कौआकोल**। प्रखंड क्षेत्र के सोखोदेवरा गांव में आयोजित श्री श्री 108 श्री सूर्य नारायण महायज्ञ के समापन अवसर पर रविवार की देर रात्रि श्रद्धा,भक्ति और उत्साह के माहौल में वृंदावन (चित्रकूट धाम) से पधारे आचार्य श्याम दास जी महाराज सहित आगत सभी अतिथियों को यज्ञ समिति के सदस्यों एवं ग्रामीणों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। विदाई समारोह से पूर्व स्थानीय समाजसेवी पारस सिंह ने सनातन परंपरा के अनुसार श्रद्धा भाव से गोदान किया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के बीच संपन्न हुए इस पुनीत कार्य में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। गौदान के बाद यज्ञ समिति के सदस्यों ने आचार्य श्याम दास जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस महायज्ञ को सफल बनाने में समिति के सदस्य नवीन यादव,अमित कुमार,विनीत कुमार,सत्यनारायण यादव,अभिमन्यु कुमार,मनोज मेहता,श्रीकांत पांडेय,शैलेन्द्र,तुलसी,बिरेन्द्र, रामचंद्र सहित अन्य सभी ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन के दौरान पूरे गांव एवं आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय वातावरण बना रहा तथा श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। गौरतलब है कि महायज्ञ के दौरान आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य श्याम दास जी महाराज ने अपने ज्ञानवर्धक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को धर्म,भक्ति और संस्कार का संदेश दिया। वहीं श्रीकृष्ण रासलीला कलाकार मंडली द्वारा प्रस्तुत मनमोहक रासलीला की सर्वत्र सराहना हो रही है।

# भव्य कलश शोभायात्रा के साथ नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**। अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित नौ वर्षीय मातृ शक्ति संकल्प साधना के अंतर्गत राष्ट्र शौर्य एवं समृद्धि के लिए नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा के साथ हुआ। आशा नगर स्थित देवी स्थान (पानी टंकी के पास) से निकली शोभायात्रा में करीब 500 पीतवस्त्रधारी महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। शोभायात्रा देवी स्थान से प्रारंभ होकर कुशवाहा चैक, केएस कॉलेज, सूर्य मंदिर, इमलीतार, धोबी टोला और बाइपास होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची, जहां आरती और प्रार्थना के साथ इसका समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एमएलसी राजू यादव ने कलश पूजन कर देव कन्याओं के सिर पर कलश रखकर यात्रा का शुभारंभ कराया। उन्होंने कहा कि यज्ञ जैसे श्रेष्ठ आयोजनों से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है तथा अनेक समस्याओं का समाधान संभव होता है। उन्होंने कलश को 33 करोड़ देवी-देवताओं का प्रतीक बताते हुए समाज में प्रेम, भाईचारे और आपसी सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

# गिट्टी लदे ओवरलोडेड तीन ट्रक व दो हाइवा पर 51.61 लाख रुपए का जुर्माना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ सरकार के सख्त रुख के बीच रजौली में खनन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला खनन पदाधिकारी अमन प्रत्यय के निर्देश पर खनन विभाग ने रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली चेकपोस्ट के पास विशेष सघन जांच अभियान चलाया, जिसमें गिट्टी लदे तीन ओवरलोडेड ट्रक एवं दो हाइवा को जब्त किया गया है। खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा के नेतृत्व में बीते रविवार की शाम 4 बजे से लेकर 11 बजे रात्रि तक टीम हर आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की कड़ाई से जांच कर रही थी। इसी दौरान 7:10 बजे गिट्टी से लदा हाइवा संख्या बीआर01जीएन7914, 7:40 बजे हाइवा संख्या बीआर27जीए9321, 8:15 बजे ट्रक संख्या जेएच12ई9188, 8:30 बजे ट्रक संख्या जेएच12डी4730 एवं 21:45 बजे ट्रक संख्या जेएच12एफ2931 आता दिखाई दिया, जिसे टीम ने तुरंत घेराबंदी कर रोक लिया। मौके पर ही वाहन के कागजात और क्षमता की जांच की गई तो पाया गया कि ट्रक तय मानकों से कहीं अधिक मात्रा में गिट्टी लादकर परिवहन कर रहा था। नजदीकी धर्मकांटा पर सभी वाहनों का वज़न करने के बाद ओवरलोडिंग की पुष्टि होते ही टीम वाहनों को जब्त किया है। खनन निरीक्षक संतोष कुमार झा ने बताया कि नियमों के घोर उल्लंघन और ओवरलोडिंग के तहत जब्त तीन ट्रकों और दो हाइवा पर कुल 51.607 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। सभी वाहनों को जब्त कर जांच चौकी पर लगाया गया है एवं स्थानीय थाना को इसकी सूचना दी गई है। खनन अधिकारियों ने दोहराया कि रजौली और आस-पास के सीमावर्ती क्षेत्रों में ओवरलोडिंग, अवैध खनन तथा बिना चालान के होने वाले अवैध परिवहन को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विभाग ने कहा कि राजस्व की चोरी रोकने और सड़कों को नुकसान से बचाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार का औचक चेकिंग अभियान पूरी कड़ाई के साथ लगातार जारी रहेगा, ताकि अवैध परिवहन करने वाले माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लगाई जा सके।

# 68 खोए मोबाइल वापस कर पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान

## 20 लाख से ज्यादा स्मार्ट्स फोन की कीमत, मोबाइल चोरी या गुम हो तो सनहा दर्ज कराएं : एसएसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गयाजी।** गयाजी में पुलिस ने अलग-अलग क्षेत्रों से 68 स्मार्ट फोन बरामद किया है जिन्हें मालिकों को सौंप दिया गया है। एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि रिकवर 68 स्मार्टफोन की कुल अनुमानित कीमत लगभग 20 लाख 50 हजार रुपए है। एसएसपी ने कहा कि यह कोई पहला मौका नहीं है जब गयाजी पुलिस ने ऐसी कार्रवाई की है। इससे पहले भी पुलिस विभाग की ओर से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद कर जनता को लौटाया जा चुका है। पुलिस लगातार इस अभियान पर काम कर रही है और जो भी मोबाइल फोन खो जाते हैं या चोरी हो जाते हैं उन्हें तकनीकी सर्विलांस



की मदद से रिकवर कर असली मालिकों को सौंपने का सिलसिला जारी है। ऑपरेशन मुस्कान तहत कार्रवाई हो रही है। एसएसपी सुशील कुमार ने आम जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाता है या चोरी हो जाता है तो वे घबराएं नहीं। सबसे पहले अपने नजदीकी थाने में जाकर इस संबंध में एक सनहा जरूर दर्ज करवाएं। सनहा दर्ज कराना इस पूरी प्रक्रिया का सबसे पहला और महत्वपूर्ण कदम है। मोबाइल धारकों को भारत सरकार के सीईआईआर पोर्टल का उपयोग करना चाहिए। एसएसपी ने प्रक्रिया समझाते हुए बताया कि मूल मोबाइल धारक को इस पोर्टल पर जाकर खुद को रजिस्टर करना होगा। रजिस्ट्रेशन के दौरान उन्हें अपने मोबाइल से जुड़ी तमाम जानकारियां जैसे मोबाइल का आईएमईआई नंबर, मोबाइल का मॉडल नंबर, कंपनी का नाम और थाने में दर्ज कराए गए सनहा की एक कॉपी अपलोड करनी होगी।

**अपराधियों को पकड़ने में मिलेगी मदद**

एसएसपी ने इसके फायदे बताते हुए कहा कि सीईआईआर पोर्टल पर डेटा अपलोड होने के बाद यदि कोई भी अन्य व्यक्ति उस गुम या चोरी हुए मोबाइल का उपयोग करने की कोशिश करेगा तो असली मालिक को तुरंत ऑटोमैटिक नोटिफिकेशन मिल जाएगा। इसके साथ ही स्थानीय पुलिस को भी इसकी सूचना तुरंत मिल जाएगी। चूंकि हर स्थानीय थाने के पास अब सीइआइआर का एक्सेस मौजूद है। इसलिए पुलिस के लिए मोबाइल को लोकेट करना और उसे रिकवर करना बेहद आसान हो जाएगा। इस तकनीक की मदद से मोबाइल चोरी की घटनाओं में संलिप्त अपराधियों को पकड़ने और उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने में पुलिस को मदद मिलेगी।

# सहकारिता मंत्रालय के पांच वर्ष पूरे होने पर डॉ. प्रेम कुमार ने सहकारिता आंदोलन की उपलब्धियां गिनाईं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** सहकारिता मंत्रालय के गठन के पांच वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने इसे भारत के सहकारिता आंदोलन के इतिहास में महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सहकारिता क्षेत्र को नई ऊर्जा, नई दिशा और नई गति देने के उद्देश्य से अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भारत की आर्थिक मजबूती का आधार गांव, किसान, महिलाएं, छोटे उद्यमी और सहकारी संस्थाएं हैं। सहकारिता केवल व्यवस्था नहीं, बल्कि 'साथ



मिलकर आगे बढ़ने' का भारतीय संस्कार है। उन्होंने कहा कि मंत्रालय बनने के बाद सहकारी संस्थाओं को मजबूत करने, पारदर्शिता बढ़ाने, डिजिटल तकनीक से जोड़ने और किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि साख समितियों (पैक्स) को केवल ऋण देने वाली संस्था तक सीमित न रखकर बहुउद्देशीय सेवा केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से किसानों को बीज, खाद, कृषि उपकरण, भंडारण, बैंकिंग और अन्य सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। सहकारी बैंकों को सशक्त बनाने, बहु-राज्य सहकारी समितियों में सुधार और डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा देने के भी प्रयास किए गए हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भंडारण क्षमता बढ़ने से किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलेगा। उन्होंने महिलाओं के सशक्तीकरण, स्वयं सहायता समूहों, दुग्ध सहकारी समितियों और ग्रामीण उद्यमों की भूमिका की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बिहार जैसे कृषि प्रधान राज्य में सहकारिता का महत्व अधिक है और ''सहकार से समृद्धि'' का मंत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# राहुल गांधी के आह्वान पर गयाजी से हजारों कार्यकर्ता लेंगे भाग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** पेपर लीक से लेकर शिक्षा व्यवस्था के हत्यारे धर्मेंद्र प्रधान की बर्खास्तगी के मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी के बैनर के तले 11 जुलाई को आयोजित होने वाले छात्र सम्मेलन में देश के करोड़ों छात्रों की आवाज राहुल गांधी के आह्वान पर गयाजी से हजारों, हजार की संख्या में छात्र- युवा भाग लेंगे। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, टिंकू गिरी, राम प्रमोद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, मोहम्मद शामिम आलम, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि देश के दूसरे भगवान कहे जाने वाले डॉक्टर की पढ़ाई हेतु आयोजित होने वाले प्रतियोगिता परीक्षा नीट परीक्षा पेपर लीक की घटना मोदी सरकार के बारह वर्षों के कार्यकाल में लगातार कई बार होने से इसमें शामिल होने वाले लाखों, लाख परीक्षार्थी सहित उनके अभिभावकों में व्यापक रोष, गुस्सा एवं मायूसी है, परंतु देश के प्रधानमंत्री के चहेते शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मीडिया के सामने परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार एवं धांधली को स्वीकार करने के बाद भी इस्तीफा नहीं देने से आमजनों में भयानक आक्रोश है। नेताओं ने कहा कि देश के सजग, सहसी , संघर्षशील, लोकप्रिय, जनप्रिय नेता, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संपूर्ण देश के छात्रों की आवाज बन कर देश के महत्पूर्ण शहरों में छात्रों का विशाल सम्मेलन कर देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की बर्खास्तगी की मांग कर रहे हैं जिसके तहत 11 जुलाई को पटना में होने वाले छात्रों के सम्मेलन में गयाजी जिला से ज्यादा से ज्यादा संख्या में छात्र, युवाओं को शामिल कराने हेतु जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। नेताओं ने कहा कि कल 30 जून 2026 से जिला के सभी डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, +2 विद्यालय में जनजागरण चला कर 11 जुलाई 2026 को पटना चलने का आह्वान कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई के नेता, कार्यकर्ता करेंगे।

# गुलबनी देवी की श्रद्धांजलि सभा में शिक्षा और समरसता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के बिजहरा गांव में रविवार रात दिवंगत गुलबनी देवी की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। अध्यक्षता उनके पुत्र उपेंद्र कुमार उर्फ इंजीनियर साहब ने की। सभा में गुलबनी देवी के साथ संत रविदास, डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा बुद्ध के चित्र स्थापित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। गांव सहित आसपास के कई गणमान्य लोग व सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। वक्ताओं ने गुलबनी देवी के सामाजिक योगदान को याद किया। साथ ही डॉ. अंबेडकर के संघर्ष, बुद्ध के शांति-करुणा के संदेश और संत रविदास की समरसता की शिक्षाओं पर चर्चा हुई। उपेंद्र कुमार ने कहा कि व्यक्ति की पहचान शिक्षा और संस्कार से है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने और आगे बढ़ाने का आह्वान किया। समाजसेवी महताब अंसारी सहित अन्य उपस्थित लोगों ने शिक्षा को समाज विकास का मूल बताया।

# पंचायतों के विकास से ही समृद्ध राष्ट्र का सपना होगा साकार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भभुआ।** कैमूर जिले के सर्किट हाउस भभुआ पहुंचे बिहार सरकार के मंत्री संजय टाइगर ने कहा ग्रामीण विकास और महात्मा गांधी की 'ग्राम स्वराज' की परिकल्पना को धरातल पर उतारने के लिए बिहार सरकार के पंचायती राज विभाग ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब राज्य की प्रत्येक पंचायत में पंचायत विकास दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर योजनाओं के चयन, उनके क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग में पारदर्शिता लाना तथा आम जनता की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना है।

संविधान के 73वें संशोधन के तहत ग्राम पंचायत को सबसे मजबूत इकाई माना गया है। हर गांव की अपनी अलग प्राथमिकताएं और बुनियादी जरूरतें होती हैं जिन्हें दिल्ली या पटना में बैठ कर पूरी तरह समझना मुमकिन नहीं है। इसीलिए गांव के लोग स्वयं अपनी योजनाओं का चयन कर सकें, इसके लिए सत्ता का विकेंद्रीकरण किया जा रहा है। सरकार का मानना है कि जब पंचायतें आत्मनिर्भर और विकसित होंगी, तभी राज्य और अंततः 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र बन सकेगा। इसके साथ ही जनसमस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए 'सहयोग कार्यक्रम' भी चलाया जा रहा है जिसके तहत महीने के पहले और तीसरे मंगलवार को शिविर लगाए जाते हैं। सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए यह साफ कर दिया है कि यदि अधिकारियों द्वारा 30 दिनों के भीतर जनता के आवेदनों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सीधे तौर पर निलंबित किए जाएंगे। हाल ही में अयोध्या के राम मंदिर से सामने आए चंदा चोरी मामले पर बोलते हुए स्पष्ट किया गया कि जांच हो रही है जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी । जांच के बाद ही पता चलेगा की गड़बड़ी हुई है कि नहीं है जो गड़बड़ी करेगा वह बच्चेगा नहीं भरत तिवारी एनकाउंटर मामले पर कहा सरकार ने सेवानिवृत्त न्यायाधीश विनोद कुमार सिन्हा के नेतृत्व में एक न्यायिक जांच कमेटी का गठन कर दिया है।

# वर्षों पुरानी पइन पर अतिक्रमण, सिंचाई व्यवस्था ठप

## ग्रामीणों में आक्रोश, अंचल कार्यालय घेराव की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के हबीबपुर गांव में ग्रामीणों ने भूमाफियाओं पर वर्षों पुरानी पइन है जो भरकर सड़क बनाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सर्वे नक्शा में खाता फ्लॉट 47 है जो खतियान में भी दर्ज है जो हबीपुर गांव से कसला गांव आहार तक सिंचाई का साधन था जो किसानों के लिए सिंचाई का प्रमुख साधन पूरी तरह बाधित हो गया है और सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि की सिंचाई वंचित हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार इस मामले की लिखित शिकायत अंचल अधिकारी को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसे लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि अंचल अधिकारी की कार्यशैली संतोषजनक नहीं है तथा भूमाफियाओं से मिलीभगत के कारण कार्रवाई नहीं हो रही है। हालांकि इस आरोप की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही पइन को



अतिक्रमण से मुक्त कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गई, तो वे अंचल कार्यालय का घेराव करेंगे। वहीं, इस संबंध में जब संवाददाता ने अंचल अधिकारी अतहर जमील से उनका पक्ष जानने के लिए दूरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया तो कॉल रिसीव नहीं हुआ। संवाददाता का यह भी कहना है कि बाद में उनका नंबर ब्लॉक कर दिया गया। अंचल अधिकारी का पक्ष उपलब्ध नहीं हो सका। यदि उनका पक्ष प्राप्त होता है तो उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

# दिव्या हत्याकांड में नया मोड़, मौत से पहले वीडियो में जताया था जान का खतरा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** गया जिले के डोभी प्रखंड की रहने वाली और शेरघाटी कोर्ट में वकालत सीख रही एलएलबी छात्रा दिव्या कुमारी पासवान हत्याकांड में नया मोड़ सामने आया है। मौत से पहले रिकॉर्ड किया गया दिव्या का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में दिव्या ने अपने प्रेमी राहुल कुमार और उसके परिवार से जान का खतरा होने की आशंका जताई थी।

वायरल वीडियो में दिव्या भावुक होकर आरोप लगा रही है कि राहुल कुमार ने करीब दो वर्षों तक उससे प्रेम संबंध का दिखावा किया और शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दिव्या के अनुसार जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो राहुल ने इनकार कर दिया। दिव्या ने वीडियो में यह भी आरोप लगाया कि न्याय की मांग



करने पर राहुल और उसके परिवार की ओर से उसे और उसके परिजनों को मानसिक रूप से परेशान किया गया तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। उसने कहा था कि अगर उसके या उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसके लिए राहुल और उसका परिवार जिम्मेदार होगा।

दिव्या का शव झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र के जजलो गांव के पास एक पुराने माइंस के गड्ढे से बरामद हुआ था। शव मिलने के बाद शेरघाटी और डोभी क्षेत्र में लोगों में आक्रोश है। परिजनों का आरोप है कि दिव्या की हत्या एक सोची-समझी साजिश के तहत की गई है। मृतका की बहन पूनम ने बताया कि दिव्या की जल्द ही एससी-एसटी कोर्ट में एक महत्वपूर्ण मामले में गवाही होनी थी, इसलिए गवाही रोकने के लिए उसकी हत्या की गई। मामले की जांच बिहार और झारखंड पुलिस संयुक्त रूप से कर रही है। दिव्या की मां उर्मिला देवी की शिकायत पर शेरघाटी थाने में आरोपी राहुल कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले में वायरल वीडियो, मोबाइल रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक हंटरगंज पुलिस आरोपी राहुल और शेरघाटी थाना के एक स्टाफ द्वारा कई बार बातचीत हुआ है जिसका सीडीआर निकाल लिया गया है जबकि शेरघाटी थाना और थाना मोड़ पर लगे सारा सीसीटीवी कैमरे को खंगाला जा रहा है। ताकि पुलिस द्वारा कितना आरोपी को संरक्षण दिया जा रहा था इसका सच्चाई उजागर किया जाएगा। परिजनों ने बताया कि इस मामले को लेकर मगध रेंज के आईजी विकास वैभव से भी मुलाकात किया जाएगा और थाने में भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्रवाई करने की मांग की जाएगी। ऐसे में पासवान उत्थान समाज के लोगों का कहना है कि दोषी पुलिसकर्मी एवं हत्यारे पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो।

# बीसीईसीई 2026 में दिव्यम यादव ने लहराया परचम, पीसीबी ग्रुप में हासिल की 1003वीं रैंक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** प्रखंड के कठौतिया गांव निवासी दिव्यम यादव ने बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (बीसीईसीई) 2026 में शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने पीसीबी (फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी) कोर्स ग्रुप में 1003वीं रैंक प्राप्त की है। दिव्यम की इस उपलब्धि से परिवार, रिश्तेदारों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता कठिन परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दिव्यम ने बताया कि उनका लक्ष्य डॉक्टर बनना है और वे वर्तमान में नीट की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21 जून को आयोजित नीट परीक्षा भी दी है।



पिता के सुझाव पर उन्होंने बीसीईसीई की परीक्षा में भी शामिल हुए जिसमें उन्हें सफलता मिली। दिव्यम की उपलब्धि यह साबित करती है कि स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उनकी सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायी है और उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने का संदेश देती है।

# घरेलू विवाद में मारपीट, दो राहगीर समेत कई घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के रतनपुरा गांव में सोमवार को घरेलू विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो राहगीर समेत कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सभी घायलों को इलाज के लिए शेरघाटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मकबूल अंसारी और उनकी पत्नी तबस्सुम खातून के बीच हुए घरेलू विवाद के बाद तबस्सुम खातून के मायके पक्ष के कुछ लोग रतनपुरा गांव पहुंचे। आरोप है कि इसी दौरान विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के दौरान वहां से गुजर रहे दो राहगीर भी इसकी चपेट में आ गए। घायलों में इंतजार अंसारी, निवासी रतनपुरा शामिल है। बताया जा रहा है कि नन्हकू खान बाइक से कहीं जा रहे थे, इसी दौरान गाड़ी खड़ा करते ही उन पर बांस से हमला कर दिया गया जिससे वह घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष के लोगों को भी चोटें आई है। घायलों में मो. अलीम (गेंजना), नावाडीह निवासी मकसूद अंसारी और महफूज अंसारी शामिल बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शेरघाटी थाना पुलिस ने बताया कि मारपीट की घटना की जानकारी मिली है और सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

# खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष त्रिपुरारि शरण की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पटना खादी समिति के कार्यालय में देश के प्रसिद्ध नेता, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष, खादी रत्न स्व. त्रिपुरारि शरण की 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस



मौके पर ग्राम निर्माण मंडल के अध्यक्ष प्रभाकर कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। साथ ही खादी समिति के कार्यकर्ताओं ने स्व. त्रिपुरारी बाबू के संबंध में अपने विचार रखे।

# मानवीय संवेदना, सात्विक प्रेम और राष्ट्रीय पुनर्जागरण की कहानी है 'गुंडा' : पवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** महान साहित्यकार जय शंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध कहानी 'गुंडा' मानवीय संवेदना, नैतिकता, कर्तव्यबोध, सात्विक प्रेम तथा राष्ट्रीय पुनर्जागरण की मार्मिक प्रस्तुति है। नगर के हैप्पी किड्स स्कूल परिसर में आयोजित 'कहानी विद कॉफी' कार्यक्रम की 22 वीं कड़ी में कहानी 'गुंडा' के पाठ एवं चर्चा के दौरान वक्ताओं ने इन पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने इस बात की प्रशंसा की कि पिछले 22 माह से इस साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन लगातार किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत पवन द्वारा कहानी पाठ से हुई। कहानी से जुड़े कई पहलुओं पर उन्होंने बड़ी ही बेबाक टिप्पणी की और कहा कि गुंडा कहानी के माध्यम से हमारे समाज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक चरित्रों को बहुत ही बेहतर तरीके से उकेरा गया है। उन्होंने बताया कि यह कहानी व्यवस्था के बागी 'गुंडा' कहे जाने वाले व्यक्ति के महान चरित्र और बलिदान की




मार्मिक गाथा है। कहानी के नायक बाबू नन्हकू सिंह हैं। वे काशी के एक संभ्रांत और प्रतिष्ठित जमींदार परिवार से थे, लेकिन परिस्थितियों और एकतरफा प्रेम के कारण बागी (गुंडा) बन गए। नन्हकू सिंह पन्ना नामक स्त्री से प्रेम करते थे जिसे बाद में राजा बलवंत सिंह ने बलपूर्वक अपनी रानी बना लिया। इससे निराश होकर नन्हकू सिंह ने अपनी सारी संपत्ति लुटा दी और समाज के शोषितों के रक्षक बन गए, लेकिन एवं ब्रिटिश शासक उन्हें गुंडा समझती थी।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**

**( लापता/अपहृत ओम प्रकाश कुमार उम्र–करीब 23 वर्ष )**



रमना थाना कांड सं0–11/2024 दिनांक–28.01.2026 धारा–363 भा0 द0वि0 में लापता/अपहृत ओम प्रकाश कुमार उम्र–करीब 23 वर्ष, (दिमागी हालत हल्का खराब है) पिता–बिहारी बैठा, ग्राम–चनाकला, थाना–रमना, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड के रहने वाले है। थाना से प्राप्त आवेदन में उल्लेख किया गया है कि ओम प्रकाश कुमार दिनांक–28.12.2023 से घर से लापता है जो अबतक घर वापस नहीं आया है। उक्त लापता व्यक्ति का काफी खोजबीन किया गया, परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त लापता/अपहृत व्यक्ति कहीं दिखे या इनके कहीं होने के बारे में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की लाभप्रद सूचना प्राप्त हो तो कृपया पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**लापता/अपहृत का विवरण/हुलिया :–**

1.नाम–ओम प्रकाश कुमार उम्र–23 वर्ष, लम्बाई–05 फीट, रंग–सांवला, पहनावा–छीटदार नीला सर्ट एवं सफेद रंग का फुलपैन्ट, बोली–हल्का तोतला बोलता है।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.383602 Police(26-27):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गढ़वा

**प्रेस विज्ञप्ति**

एतद् द्वारा मे0 रेवन्त इन्जीनियर्स, अशोक (JV), प्रो0–अंजनी सिंह, M-31/DS, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची, पिन नं0–834002 को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पैकेज सं0– JH-P3-22-23-GAR-01-FDR अन्तर्गत पड़ने वाले पाँच पथों का FDR तकनीकी के तहत निर्माण कार्य कराया जा रहा है, उक्त कार्य को एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 13.10.2023 एवं कार्य पूर्णता की तिथि 12.06.2025 था, जो समय सीमा समाप्त होने के पश्चात् उपरोक्त पत्रों द्वारा सूचित करने के बावजूद भी आपके द्वारा निर्माण कार्य को पूर्ण नहीं कराया जा सका है, तथा वर्त्तमान में (1) MRL01-उदयपुर से रमकण्डा (2) T02-उदयपुर से गम्हरीया भाया चेटे पथ में आपके द्वारा FDR का कार्य छः माह पूर्व किया गया था, परन्तु कालीकरण का कार्य अभी तक प्रारम्भ नहीं कराया गया है, साथ ही (3) T01-सलैयादामर से मरदा भाया मदगड़ी जमौती पथ का कार्य में आपके Firm का Technical Staff एवं Site Engineer के नहीं रहने के कारण कार्य की गति संतोषप्रद नहीं रहने के कारण आपको अंतिम रूप से निर्देशित किया जाता है कि सात दिनों के अन्दर अवशेष कार्यो को प्राक्कलन में निहित प्रावधान एवं विशिष्टियों के अनुरूप प्रारम्भ करना सूनिश्चित करें, अन्यथा SBD में निहित प्रावधानों के तहत् आपको डीबार करने हेतु उच्चाधिकारीयों को सूचित करना अधोहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी, जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेवार होगें।

कार्यपालक अभियंता
ग्रा0का0वि0,कार्य प्रमंडल, गढ़वा

PR 383469 Rural Work Department(26-27).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/RPWS/Med-04/2026-27 (1st Call) (पाण्डू ग्रामीण जलापूर्ति योजना) जो PR No. 382286 (Drinking Water and Sanitation) 26-27*D द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है। जिसे अपरिहार्य कारणों से निविदा की तिथि निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 19/06/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। | 10.07.2026 / 12.30 बजे अपराहन में। |
| 2 | प्री बीड की तिथि एवं समय | 24/06/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। | 13/07/2026 / 12.30 बजे अपराहन में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 04/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक | 23.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन तक | 23.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन तक |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06/07/2026 / 05.00 बजे अपराहन में। | 24.07.2026 / 05.00 बजे अपराहन में। |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
मेदिनीनगर

PR 383477 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D

संपादकीय

## गंभीर दौर से गुजर रहा भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र

जब शासक और प्रशासक अपने अधिकार क्षेत्र में सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को खूबसूरत तरीके से अंजाम देने की बजाय निजी स्वार्थों की दलदल में फंसते जाएं, धार्मिक स्थानों में संस्कृति के उच्च कोटि के आदर्शों एवं मानवतावादी संदेशों के प्रचार-प्रसार के स्थान पर केवल माथा टेकना, चढ़ावा इकट्ठा करना और प्रसाद खाने तक सीमित हो जाएं, न्यायाधीश मामूली फैसले करने में 20 से 25 वर्ष लगा दें, जिससे फरियादी की खून-पसीने की कमाई और कीमती समय बर्बाद हो रहा हो और ईश्वर का रूप माने जाने वाले डाक्टर इलाज के नाम पर अपने मरीजों की नादिरशाह की तरह लूट-खसूट में लग जाएं तो समझ लो कि समाज पतन की गहरी खाई की तरफ बढ़ रहा है। इन परिस्थितियों में लोग निराश, मायूस और सहमे हुए नजर आने लगते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र में चल रहे लूट-खसूट के गोरखधंधे को बेपर्दा करने से हकीकत की मालूमात हो सकती है। भारत में 24 हजार सरकारी और 44 हजार के करीब प्राइवेट अस्पताल हैं। 2 लाख लैब हैं, परंतु प्रमाणित केवल 1000 हैं। देश में एलोपैथी के 13.86 लाख डाक्टर हैं और 7.51 लाख आयुष चिकित्सक हैं। हर वर्ष 1.20 लाख डाक्टर सेवा को समर्पित होते हैं और 50 हजार आयुष डाक्टर बनते हैं। देश में 10 से 15 प्रतिशत लोग साधन सम्पन्न हैं, जो किसी भी समय अपनी जरूरत के मुताबिक चीजें खरीदने में समर्थ हैं जबकि शेष मध्य वर्ग और गरीब हैं, जो इलाज कराने में भी असमर्थ हैं। हकीकत में यह एक खतरनाक स्थिति है। देश में कुछ विश्वसनीय एजेंसियों ने कई बड़े अस्पतालों में लूट-खसूट की शोध रिपोर्ट को संसद की संसदीय समिति के आगे रखा, जिसने अध्ययन के बाद इसे स्वीकार किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश में लगभग 44 प्रतिशत सर्जरियां फर्जी, धोखाधड़ीपूर्ण और पूरी तरह अनावश्यक होती हैं। इस आंखें खोलने वाले तथ्य से स्पष्ट है कि लगभग आधे आप्रेशन केवल मरीजों या सरकार को लूटने के मकसद से किए जाते हैं। 55 प्रतिशत हृदय सर्जरी, 48 प्रतिशत गर्भाशय निकालना, 47 प्रतिशत कैंसर सर्जरी, 48 प्रतिशत घुटना प्रत्यारोपण, 45 प्रतिशत सी सैक्शन, कंधा प्रत्यारोपण, रीढ़ की हड्डी के आप्रेशन फर्जी और अनावश्यक होते हैं। महाराष्ट्र के कई नामी अस्पतालों में किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, वरिष्ठ डाक्टरों को 1-1 करोड़ रुपया मासिक वेतन और महंगी गाडियां मुहैया की जाती हैं। एक गरीब देश में इतना अधिक वेतन न तो महंगाई के इंडैक्स के अनुसार है और न ही तर्कसंगत। हकीकत में यह एक बहुत बड़ा प्रलोभन है ताकि डाक्टर मरीजों के इलाज के नाम पर अधिक से अधिक धन इकट्ठा कर सकें। कई अस्पतालों में मृत मरीजों को जिंदा दिखाकर धन इकट्ठा किया जाता है। यह एक अत्यंत हैरतअंगेज, अफसोसनाक और दुखदायी कृत्य है। कई बार मृत मरीज को जिंदा बताकर लंबे समय तक अस्पताल में रखा जाता है और मोटी रकम वसूल करके उसे मृत घोषित कर दिया जाता है। कई बार डाक्टर मृत मरीजों को आप्रेशन थिएटर में ले जाते हैं और परिवार से धन वसूल करके मृत घोषित कर देते हैं। भारत में 68 प्रतिशत लोगों के पास स्वास्थ्य बीमा है। बीमा कम्पनियां आंशिक भुगतान करती हैं, जबकि शेष रकम परिवार वालों को देनी पड़ती है। अब तक 3 हजार अस्पताल बीमा कम्पनियों द्वारा फर्जी दावों के कारण ब्लैक लिस्ट किए जा चुके हैं। कई बार मानव अंग तस्करी के भी केस सामने आए हैं, जिस पर सरकार ने सख्त कार्रवाई की है। रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट हुआ है कि कुछ डाक्टर मरीज को गंभीर रोग बताकर बड़े अस्पतालों में रैफर करते हैं और उनसे प्रत्येक मरीज के हिसाब से कमिशन वसूल करते हैं। डायग्नोस का धंधा अरबों में जाता है। बेंगलुरु में आयकर विभाग ने एक लैब से 100 करोड़ रुपए नकद और 3.5 किलो सोना बरामद किया, जो डाक्टरों को रिश्वत देने के लिए रखा गया था। देश की 20 से 25 दवा कम्पनियां हर वर्ष डाक्टरों पर 1000 करोड़ रुपए खर्च करती हैं और कई कम्पनियां डाक्टरों को विदेश यात्रा पर भी भेजती हैं। कई कंपनियां अस्पतालों को सस्ती दवाइयां देती हैं, जबकि अस्पताल मरीजों को वही दवाई महंगे दामों पर बेचता है। कई अस्पतालों में पूर्व सैनिकों को मामूली बीमारी पर भर्ती किया जाता है और नकली इलाज दिखाकर सरकारी योजनाओं का नाजायज फायदा उठाया जाता है। भारत का स्वास्थ्य क्षेत्र बड़े गंभीर दौर से गुजर रहा है। महंगा इलाज जनसाधारण के लिए चिंताजनक और परेशानी का सबब बनता जा रहा है। सरकार को अस्पतालों में हो रही धोखाधड़ी और महंगे इलाज पर नियंत्रण करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिएं, ताकि लोग आसानी से इलाज भी करा सकें और मैडीकल कौंसिल आफ इंडिया द्वारा की गई सिफारिशों को सभी अस्पतालों में बिना रुकावट लागू किया जाए।

# हिंद-प्रशांत में उभरते नए समीकरण...


**चीन की समुद्री विस्तारवादी नीति का मुकाबला करने के लिए अमेरिका के पास भारत से अधिक विश्वसनीय और सक्षम साझेदार नहीं है। हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति, उसकी बढ़ती नौसैनिक शक्ति और स्वतंत्र विदेश नीति उसे हिंद-प्रशांत रणनीति का अपरिहार्य स्तंभ बनाती है। जापान और आस्ट्रेलिया इस भू-रणनीतिक सच्चाई को समझते हुए भारत के साथ रक्षा, समुद्री सुरक्षा और उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में लगातार अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं। यदि अमेरिका इस वास्तविकता की अनदेखी करता है, तो वह पूरे हिंद-प्रशांत में अपनी रणनीतिक बढ़त को भी कमजोर करने का जोखिम उठाएगा। चीन 'वन बेल्ट वन रोड' परियोजना को साकार कर दुनिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और उसके केंद्र में हिंद प्रशांत क्षेत्र की अहम भागीदारी है। भारत अपनी सुरक्षा मजबूरियों के कारण अमेरिका का स्वभाविक सहयोगी बन गया है।**

**ब्रह्मदीप अलूने**

रणनीतिक अवधारणाएं दीर्घकालीन राष्ट्रीय हितों और व्यापक भू-राजनीतिक दृष्टि पर आधारित होती हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र की अवधारणा भी ऐसी ही एक रणनीतिक पहल थी, जिसने चीन के बढ़ते समुद्री प्रभाव को नियंत्रित और संतुलित करने के लिए अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया जैसे समान हितों वाले देशों को गोलबंद किया था।

अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों ने इस दीर्घकालीन रणनीतिक नीति को आर्थिक सौदेबाजी और तात्कालिक लाभों की कसौटी पर रख कर इसकी विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुंचाई है। बदलते वैश्विक परिदृश्य में अमेरिका रणनीतिक प्रतिबद्धताओं की अपेक्षा तात्कालिक आर्थिक फायदों को अधिक महत्त्व दे रहा है। इससे उसकी हिंद-प्रशांत रणनीति के उद्देश्य कमजोर पड़ गए हैं। एक महाशक्ति के रूप में अमेरिका की साख एवं नेतृत्व क्षमता पर भी संकट खड़ा हो गया है।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में हिंद प्रशांत क्षेत्र को रणनीतिक पहचान दी थी और जापान, आस्ट्रेलिया, यूरोपीय देशों तथा आसियान ने भी चीन से मुकाबला करने के लिए इसे व्यापकता दी। भारत ने इसे सैन्य रणनीति से कहीं ज्यादा समुद्री सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन, संपर्क, व्यापार और क्षमता निर्माण से जोड़ कर इसे बहुआयामी बनाया। हिंद-प्रशांत विश्व के सबसे महत्त्वपूर्ण और परस्पर जुड़े हुए क्षेत्रों में शुमार है। यह विशाल समुद्री क्षेत्र पूर्वी अफ्रीका के तट से लेकर संयुक्त राज्य अमेरिका के पश्चिमी तट तक फैला हुआ है। विश्व की लगभग आधी जनसंख्या और वैश्विक व्यापार का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से जुड़ा है।अपने प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता तथा सांस्कृतिक विविधता के कारण यह क्षेत्र वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था का केंद्र बन गया है। हिंद-प्रशांत केवल हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के भौगोलिक जुड़ाव का संकेत नहीं देता, बल्कि यह एशिया, अफ्रीका और आसियान के देशों के बीच बढ़ती रणनीतिक, आर्थिक तथा सुरक्षा साझेदारी का भी प्रतीक है। समुद्री मार्गों से वस्तुओं और ऊर्जा के साठ



फीसद से अधिक व्यापार का आवागमन इसी क्षेत्र से होता है।

भारत हिंद प्रशांत की व्यापक अवधारणा के केंद्र में कई कारणों से है। भारत हिंद महासागर के केंद्र में स्थित है और मलक्का जलमार्ग, अरब सागर तथा बंगाल की खाड़ी जैसे प्रमुख समुद्री मार्गों पर उसकी प्रभावी पहुंच है। विश्व के ऊर्जा व्यापार और समुद्री वाणिज्य का बड़ा हिस्सा इन्हीं मार्गों से होकर गुजरता है। यदि कभी संकट की स्थिति उत्पन्न होती है, तो भारत इन समुद्री मार्गों की सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।अमेरिका के लिए यह सामरिक दृष्टि से बेहद महत्त्वपूर्ण है। भारत हिंद-प्रशांत का एक लोकतांत्रिक, स्थिर और विश्वसनीय साझेदार रहा है। अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया के साथ भारत की भागीदारी ने 'क्वाड' को क्षेत्रीय स्थिरता का एक अहम मंच बना दिया है। यदि भारत इसका हिस्सा न हो, तो हिंद-प्रशांत की अवधारणा केवल अमेरिकी या पश्चिमी रणनीति तक सीमित दिखाई दे सकती है और इससे विकासशील देश आशंकित हो सकते हैं। भारत की नौसैनिक क्षमता मजबूत है और यह हिंद महासागर में मानवीय सहायता, समुद्री सुरक्षा तथा आपदा राहत कार्यों में बड़ी भूमिका निभा रही है। भारत के अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह मलक्का जलमार्ग के निकट है, जो चीन की समुद्री आपूर्ति श्रृंखला पर निगरानी रखने की दृष्टि से अहम है। यह सामरिक लाभ अमेरिका के पास नहीं है।

अब अमेरिका 'इंडो-पैसिफिक' जैसी व्यापक और स्थापित अवधारणा से हट कर इसे 'यूएस-पैसिफिक' कह रहा है, तो इसमें अमेरिकी वर्चस्व का स्पष्ट संकेत है और इससे स्वयं उसे रणनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। हाल के वर्षों में अमेरिका की वैश्विक विश्वसनीयता पर प्रश्न उठे हैं। ट्रंप की नीतियों के कारण अमेरिका अपने दीर्घकालीन रणनीतिक दायित्वों के बजाय अल्पकालिक आर्थिक और घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं को अधिक महत्त्व दे रहा है। इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र के अनेक देश अपनी सुरक्षा और आर्थिक हितों के बीच नया संतुलन तलाशने के लिए चीन के साथ संबंधों को और प्रगाढ़ कर सकते हैं। अमेरिकी प्रतिबद्धताओं पर अनिश्चितता बढ़ने की स्थिति में चीन का प्रभाव इस क्षेत्र में अपेक्षाकृत बढ़ सकता है।

चीन की समुद्री विस्तारवादी नीति का मुकाबला करने के लिए अमेरिका के पास भारत से अधिक विश्वसनीय और सक्षम साझेदार नहीं है। हिंद महासागर में भारत की केंद्रीय स्थिति, उसकी बढ़ती नौसैनिक शक्ति और स्वतंत्र विदेश नीति उसे हिंद-प्रशांत रणनीति का अपरिहार्य स्तंभ बनाती है। जापान और आस्ट्रेलिया इस भू-रणनीतिक सच्चाई को समझते हुए भारत के साथ रक्षा, समुद्री सुरक्षा और उच्च प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में लगातार अपने संबंधों को गहरा कर रहे हैं। यदि अमेरिका इस वास्तविकता की अनदेखी करता है, तो वह पूरे हिंद-प्रशांत में अपनी रणनीतिक बढ़त को भी कमजोर करने का जोखिम उठाएगा। चीन 'वन बेल्ट वन रोड' परियोजना को साकार कर दुनिया में अपना प्रभुत्व स्थापित करना चाहता है और उसके केंद्र में हिंद प्रशांत क्षेत्र की अहम भागीदारी है। भारत अपनी सुरक्षा मजबूरियों के कारण अमेरिका का स्वभाविक सहयोगी बन गया है। चीन पाकिस्तान की बढ़ती साझेदारी ने भारत की सामरिक समस्याएं बढ़ाई हैं। चीन पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह का प्रमुख भागीदार है। श्रीलंका का हंबनटोटा बंदरगाह, बांग्लादेश का चटगांव बंदरगाह, म्यांमा की सितवे परियोजना समेत मालदीव के कई निर्जन द्वीपों पर चीनी कब्जे से भारत की समुद्री सुरक्षा की चुनौतियां बढ़ गई हैं। दक्षिण चीन सागर का इलाका हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच है और चीन, ताइवान, वियतनाम, मलेशिया, इंडोनेशिया, ब्रुनेई और फिलीपींस से घिरा हुआ है।

अमेरिका को यह समझना होगा कि महाशक्तियां केवल आर्थिक शक्ति से नहीं, बल्कि दीर्घकालीन रणनीतिक प्रतिबद्धताओं और विश्वसनीय साझेदारियों से अपना नेतृत्व कायम करती हैं। उसने हिंद-प्रशांत की अवधारणा को कमजोर कर अपने सबसे बड़े रणनीतिक निवेश को दांव पर लगा दिया है। उसका यह दृष्टिकोण उन रणनीतिक साझेदारियों और वैचारिक प्रतिबद्धताओं को कमजोर कर रहा है, जिनके बल पर अमेरिका ने दशकों तक वैश्विक नेतृत्व बनाए रखा। अमेरिकी राष्ट्रपति की नीतियों से यूरोप से लेकर हिंद-प्रशांत तक अनिश्चितता बढ़ी है। अब भारत को हिंद महासागर में अपनी समुद्री कूटनीति और क्षेत्रीय साझेदारियों को नए सिरे से मजबूत करना होगा। जापान, आस्ट्रेलिया और आसियान देश भारत के स्वाभाविक रणनीतिक साझेदार बन सकते हैं। भारत किसी एक महाशक्ति पर निर्भर हुए बिना अपनी रणनीतिक स्वायत्तता को और सुदृढ़ कर सकता है। बहरहाल, अमेरिका की 'यूएस पैसेफिक' की नई रणनीति को भारत के लिए हिंद महासागर क्षेत्र में एक विश्वसनीय, स्थिर और नेतृत्वकारी शक्ति के रूप में अपनी भूमिका को और प्रभावी बनाने के अवसर के रूप में भी देखा जाना चाहिए।

अध्यात्म

## उपहार की कीमत उसके मूल्य से नहीं, बल्कि देने वाले की भावना से होती है

एक पौराणिक कथा है, पुराने समय में ऋषि दुर्वासा हमेशा ज्ञान की खोज और धर्म के संदेश फैलाने के लिए यात्राएं किया करते थे। ऋषि दुर्वासा अपने गुस्से के लिए भी प्रसिद्ध थे। उनका क्रोध इतना तीव्र था कि यदि कोई व्यक्ति गलती करता, तो वे तुरंत उसे दंड दे देते थे। एक दिन यात्रा करते समय दुर्वासा ऋषि के सामने देवराज इंद्र आ गए। इंद्र देवताओं के राजा थे और वे अपने वाहन ऐरावत हाथी पर सवार थे। दोनों ने एक-दूसरे को देखा। उस समय दुर्वासा ऋषि के पास एक दिव्य माला थी, जो उन्हें भगवान विष्णु ने उपहार में दी थी। ऋषि ने सोचा, 'यह माला मेरे पास रखने से अच्छा है कि मैं इसे देवराज इंद्र को भेंट कर दूं। वे तीनों लोकों के राजा हैं।' दुर्वासा ऋषि ने प्रेमपूर्वक वह माला इंद्र को दे दी। इंद्र ने माला तो स्वीकार कर ली, लेकिन उनके मन में राजा होने का अहंकार आ गया। उन्होंने सोचा, 'इस सामान्य सी माला का मैं क्या करूंगा?' उन्होंने उस दिव्य माला को अपने हाथी ऐरावत के ऊपर डाल दिया। ऐरावत को माला का महत्व समझ नहीं आया। उसने अपनी सूंड से माला उठाई और फिर उसे अपने पैरों से कुचल दिया। यह देखकर दुर्वासा ऋषि अत्यंत क्रोधित हो गए। उन्होंने कहा, 'इंद्र! तुमने एक संत के उपहार और भगवान की कृपा का अपमान किया है। मैं शाप देता हूं- तुम्हारा अहंकार ही तुम्हारे वैभव को नष्ट करेगा।' ऋषि के श्राप के कारण देवताओं की शक्ति कमजोर हो गई। असुरों ने आक्रमण किया और देवताओं को पराजय का सामना करना पड़ा। तब सभी देवता ब्रह्मा जी के पास पहुंचे। ब्रह्मा जी ने कहा कि यह संकट दुर्वासा ऋषि के अपमान और अहंकार के कारण आया है। इस कथा का संदेश यह है कि जीवन में पद, पैसा और शक्ति मिलने के बाद भी हमें विनम्र रहना चाहिए। सम्मान देने की आदत इंसान को महान बनाती है, जबकि अहंकार व्यक्ति के पतन का कारण बनता है।

**सीख:** चाहे हमें कितनी भी सफलता मिल जाए, हमें यह याद रखना चाहिए कि जीवन में हमारा विकास कई लोगों के सहयोग से होता है। माता-पिता, गुरु, बुजुर्ग और शुभचिंतक हमारे जीवन को दिशा देते हैं। उनका सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। हर स्थिति में हमें विनम्र रहना चाहिए। किसी भी उपहार की कीमत उसके मूल्य से नहीं, बल्कि देने वाले की भावना से होती है।

# थकान का असली मर्ज भीतर दबा हुआ...

**सवाल उठता है कि हम क्या करें? किसी के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है, मगर कुछ रास्ते जरूर हैं। कभी-कभी ब्रेक लगाइए, जिंदगी कोई एक्सप्रेस ट्रेन नहीं है कि बिना रुके ही मंजिल तक पहुंच जाएगी। कुदरत के पास जाइए- पेड़-पौधे, हवा, आसमान, ये मुफ्त के मनोचिकित्सक हैं। सच्चे लोगों से मेल-जोल बनाएं, हर किसी से नहीं, किसी एक से दिल खोलकर बात कर लीजिए। ऐसा करने से मन का बोझ आधा हो जाएगा। पुराने मूल्यों को झाड़-पोंछ कर देखिए हर पुरानी चीज बेकार नहीं होती। कई बार 'पुराना सोना' ही असली चमक देता है। याद रखना चाहिए कि असली आनंद पकड़े रखने से नहीं, जीवन की गति के साथ बहने से ही मिलता है। मगर हम आनंद को पकड़ना चाहते हैं, जैसे वह कोई चीज हो, जो बाजार में मिल जाए।**

**पूनम पांडे**

आज के समय में अमूमन हर कोई यह दिखाने की कोशिश करता है कि उसके जीवन में सब कुछ सामान्य है, लेकिन सभी के दिल में कोई अनजाना सा बोझ हर समय हावी रहने लगा है। मन में कोई भय और संशय चलता ही रहता है। अगर ऊपर से देखें, तो सब दुरुस्त नजर आता है। शरीर सही सलामत है, दिनचर्या पटरी पर है और चेहरे पर मुस्कान भी बिखरी रहती है।

मगर भीतर जैसे कोई सूना सा मकान सिसकता है, जिसमें खिड़कियां तो हैं, पर बंद हैं, इसलिए हवा नहीं आती। कहते हैं- 'सब कुछ होते हुए भी कुछ न होना' यही असली दिक्कत है। हम जी तो रहे हैं, मगर मन में न संतुष्टि है और न शांति। दिखावे का जीवन वह स्थिति है जहां, व्यक्ति अपनी वास्तविक पहचान, खुशी और स्थिति को छिपाकर दूसरों को प्रभावित करने के लिए एक नकली छवि प्रस्तुत करता है। यह अक्सर सोशल मीडिया, भौतिकवाद और समाज की उम्मीदों से उपजा एक मानसिक तनाव है, जो इंसान को आंतरिक रूप से खोखला कर देता है। जो लोग केवल दूसरों को प्रभावित करने के लिए अपनी क्षमता से अधिक खर्च करते हैं या झूठी जिंदगी जीते हैं, वे अक्सर मानसिक शांति और वास्तविक खुशी से वंचित रह जाते हैं।

आजकल जीने के लिए संघर्ष का दबाव इतना अधिक है कि उलझनें और असहजता बार-बार हावी होती हैं, जो आत्मविश्वास और भरोसे की हरी-भरी लता को सुखा देती है। इसीलिए इन दिनों एक चलन सा दिखाई दे रहा है। लोगों के चेहरे पर हंसी, मगर दिल में खामोशी है। यानी हमने जीना नहीं, 'दिखाना' सीख लिया है।

दफ्तर में लोग काम में व्यस्त रहते हैं, घर में जिम्मेदार और समाज में संस्कारी, लेकिन जब रात का सन्नाटा उतरता है, तो मन में कई तरह के सवाल तैरने लगते हैं। यह जो भीतर का खालीपन है, यह यों ही नहीं पनपता। यह धीरे-धीरे मन के कोनों में जमा होता है। जैसे घर के उस कोने में धूल, जिसे हम झाड़ू लगाते हुए भी नजरअंदाज कर देते हैं।

थकान का असली मर्ज शायद बाहर नहीं है, कहीं भीतर दबा हुआ है। हम थके हुए हैं, मगर काम से नहीं, बल्कि बनावटीपन से। हर समय खुद को साबित करने की जुगत में लगे रहते हैं- 'लोग क्या कहेंगे'। इस सोच ने लोगों को बुरी तरह जकड़ रखा है। ऊपर से कहते हैं- 'हम सकारात्मक हैं, हम अनुशासित हैं'। भीतर का मन कहता है- दिखावे के बजाय थोड़ा जी भी ले, मगर बनावटी चकाचौंध में हम मन की इस आवाज को सुन नहीं पाते।

इस मायावी जगत में कितने सारे इंद्रजाल हैं, हमको वश में करने के लिए। कितनी भागमभाग और बहलावे हैं। जब मन ऊब जाता है, तो हम उसे बहलाने निकल पड़ते हैं- कभी मोबाइल में, कभी नशे में, कभी बेवजह की गपशप में और किसी ऐसे समूह की संगत में, जहां न हमारे विचार मिलते हैं और न हमारे संस्कार। ये सब





'सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे' वाली कोशिश है। यानी दर्द भी दबा रहे हैं और सच का सामना भी नहीं करना चाहते। मगर खालीपन कोई बच्चा नहीं है, जो टाफी या चाकलेट से बहल जाए। वह तो हमेशा चिपका रहता है। इसे खुद से जितना दूर करना चाहो, यह मन में उतना गहरा उतरता जाता है।

कहते हैं कि जिंदगी दुख का दूसरा नाम है। मगर यह भी आधा सच है। असल बात यह है कि हमने जिंदगी को 'मशीन' बना दिया है। चलते रहो, करते रहो, सोचो मत, रुको मत। और जब आदमी 'होने' की जगह सिर्फ 'करने' लगे, तो खालीपन तो पनपेगा ही। खाली बर्तन ज्यादा बजता है, यह कहावत यों ही नहीं बनी है।

हम आधुनिकता की दौड़ में ऐसे भागते जा रहे हैं कि अपनी जड़ें ही भूल गए हैं। परंपराएं हमें बांधती नहीं थीं, बल्कि संभालती थीं। यह बात वास्तव में हमें देर से समझ आती है। अब हालत यह है कि हम न पूरी तरह आधुनिक बन पाए हैं, न पूरी तरह पारंपरिक रह पाए। बीच मझधार में नाव डगमगा रही है।

ऐसे में सवाल उठता है कि हम क्या करें? किसी के पास कोई जादू की छड़ी नहीं है, मगर कुछ रास्ते जरूर हैं। कभी-कभी ब्रेक लगाइए, जिंदगी कोई एक्सप्रेस ट्रेन नहीं है कि बिना रुके ही मंजिल तक पहुंच जाएगी। कुदरत के पास जाइए- पेड़-पौधे, हवा, आसमान, ये मुफ्त के मनोचिकित्सक हैं। सच्चे लोगों से मेल-जोल बनाएं, हर किसी से नहीं, किसी एक से दिल खोलकर बात कर लीजिए। ऐसा करने से मन का बोझ आधा हो जाएगा। पुराने मूल्यों को झाड़-पोंछ कर देखिए हर पुरानी चीज बेकार नहीं होती। कई बार 'पुराना सोना' ही असली चमक देता है। याद रखना चाहिए कि असली आनंद पकड़े रखने से नहीं, जीवन की गति के साथ बहने से ही मिलता है। मगर हम आनंद को पकड़ना चाहते हैं, जैसे वह कोई चीज हो, जो बाजार में मिल जाए।

असल में आनंद तो बरसात की तरह है। जब मन की मिट्टी में संतुष्टि की फसल तैयार होती है, तब वह अपने आप बरसने लगता है। इसके लिए गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर की जीवन शैली पर अमल करना चाहिए। गुरुदेव जीवन की अंतिम श्वास तक कुछ न कुछ सीखते रहे और आनंद से सराबोर रहे। इसलिए अपने भीतर की जमीन को सूखी मत होने दीजिए। मन का खालीपन दुश्मन नहीं, दूत की तरह होता है। यह गिराने नहीं, बल्कि हमें जगाने आता है। जिंदगी जब बोझिल होने लगे, तो समझ लीजिए कि अब उसे नए सिरे से जीने का वक्त आ गया है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
अपनी बातों को शान्तिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। दोपहर के बाद सभी स्थितियाँ अनुकूल रहेंगी।

**वृषभ**
यदि बुखार और सर्दी के लक्षण हैं तो तुरन्त डॉक्टर से मिलें। नौकरी को लेकर परेशानी हो सकती है। रिश्ते में आयी खटास को दूर करने का प्रयास करें।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में साथी सहकर्मियों के साथ आपका तालमेल बहुत ही बेहतरीन रहने वाला है। अविवाहित लोगों को विवाह का प्रस्ताव मिल सकता है।

**कर्क**
यदि आप बेरोजगार हैं तो रोजगार के उत्तम अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह**
परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। बेवजह के मामलों में न उलझें। दिनचर्या और खानपान में कड़ा अनुशासन रखें। नये सम्बन्धों में स्थायीत्व कम रहेगा।

**कन्या**
अपने विचारों में स्पष्टता रखें। विरोधी आपकी छवि बिगाड़ सकते हैं। छात्रों के ऊपर पढ़ाई का दबाव रहेगा। माता आपसे नाराज हो सकती हैं।

**तुला**
आपके उत्साह और एकाग्रता में वृद्धि होगी। आयात-निर्यात से जुड़े व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। प्रशासन से आपको सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक**
नये व्यापार की शुरुआत को लेकर कुछ तनाव रहेगा। व्यापार में आपको लोगों से सलाह लेनी चाहिये, उससे आपको लाभ मिलेगा।

**धनु**
धन के लेन-देन को लेकर असुविधा हो सकती है। सरकारी नियमों को न मानने के कारण आर्थिक दण्ड भुगतना पड़ सकता है। आपको अपने गुरु से परामर्श अवश्य लेना चाहिये।

**मकर**
विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये छात्रवृत्ति मिल सकती है। चिकित्सा के कार्यक्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन बेहतर है। विवाह समारोह में कुछ विघ्न आ सकते हैं।

**कुंभ**
किसी बड़ी कम्पनी से डील करने के मौके मिलेंगे। मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कारोबार में बाधा आने की आशंका है। भाई-बहनों से आपको लाभ मिल सकता है।

**मीन**
सभी की भावनाओं का ध्यान रखें। जीवनसाथी के साथ उत्तम समय का आनन्द लेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। लोग आपको बहकाने का प्रयास करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सुधा डेयरी प्रोजेक्ट के तरफ से महिलाओं एवं बच्चों के लिए किया गया क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुधा दुध एवं दुग्ध उत्पादक की गुणवत्ता के बारे में विपणन प्रभारी संजय कुमार ने लोगो को बताया।अपार्टमेंट के लोगों ने इस कार्यक्रम में गर्मजोशी से भाग लिया।बच्चों ने पासिंग गेम एवं



महिलाओं ने म्यूजिकल चेयर गेम का खूब आनन्द लिया। पटना डेयरी प्रोजेक्ट द्वारा गेम में विजेताओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया इस मौके पर पटना डेयरी प्रोजेक्ट के विपणन प्रभारी संजय कुमार एवं मार्केटिंग ऑफिसर, सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### पत्नी को पीटने और अश्लील वीडियो बनाने वाला पति गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दहेज के लिए पत्नी पर जानलेवा हमला, मारपीट और अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति को मसौढ़ी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान भगवानगंज निवासी उज्जवल राज सिंह, पिता रामानुजन सिंह के रूप में हुई है।दरअसल मामला 24 दिसंबर 2025 का है। पीड़िता करिश्मा कुमारी, पिता रंजीत कुमार, निवासी पटेल नगर ने मसौढ़ी थाने में अपने पति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। आवेदन में करिश्मा ने लिखा था कि पति उज्जवल राज सिंह बराबर उसके साथ मारपीट करता है और घर से ₹2 लाख लाने का डिमांड करता है। मना करने पर गला दबाकर हत्या करने की साजिश रचता है और अश्लील वीडियो बनाकर उसे धमकाता है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की थी। तब से आरोपी उज्जवल राज सिंह फरार चल रहा था। मसौढ़ी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### फरार गांजा तस्कर मणीचक से गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गांजा तस्करी के 4 साल पुराने मामले में फरार चल रहे नामजद अभियुक्त को धनरूआ पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान मणीचक मोहल्ला निवासी छोटू कुमार उर्फ संजीव कुमार, पिता गणेश कुमार के रूप में हुई है।धनरूआ थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि यह मामला 4 अक्टूबर 2020 का है।धनरूआ थाना कांड संख्या 287/20 के तहत धनरूआ थाना क्षेत्र के मधुबन गांव के समीप मोटरसाइकिल पर दो बोरा गांजा की तस्करी की सूचना मिली थी। पुलिस को देखकर तस्कर भागने लगे थे। मौके से 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया था और 60 किलो गांजा बरामद किया गया था। दो आरोपी बाइक से भागने में सफल रहे थे, जिसमें छोटू उर्फ संजीव भी शामिल था। फरार चल रहे नामजद अभियुक्त छोटू उर्फ संजीव की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। गुप्त सूचना के आधार पर धनरूआ पुलिस ने उसे मणीचक मोहल्ले स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### 100 लीटर शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार, स्कूटी जब्त

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ऑपरेशन देसी शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पिपरा थाना पुलिस ने अवैध शराब जब्त की है। दरअसल आसूचना संकलन के आधार पर की गई छापेमारी में 100 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी भी जब्त की गई है।पिपरा थानाध्यक्ष ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान एक स्कूटी सवार को रोका गया। जांच में स्कूटी पर 100 लीटर देसी शराब लदी मिली।



गश्ती दल ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान धीरज कुमार जायसवाल, पिता रामबाबू जायसवाल, निवासी भंवर पोखर, थाना पीरबहोर के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि वह बेहरावां चकिया से यह शराब पटना की ओर ले जा रहा था।पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली है। बरामद शराब और स्कूटी को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और पटना में किसे सप्लाई की जानी थी।

### रहमतगंज में तीजा पर लाठी-तलवार के करतब

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुहर्रम के मातम और ताजिया विसर्जन के ठीक तीन दिन बाद मनाए जाने वाले तीजा का आयोजन मसौढ़ी के रहमतगंज मोहल्ले में उत्साह के साथ हुआ। इस दिन कर्बला की घटनाओं से जुड़े शोक की समाप्ति होती है और अखाड़ों के युवा पारंपरिक खेलों का प्रदर्शन करते हैं। रहमतगंज मोहल्ले में देर रात तक लाठी खेली गई और तलवारबाजी के हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। अखाड़ों से जुड़े युवाओं ने एक से एक कलाबाजियां



कर लोगों का मन मोह लिया। लाठी के दांव-पेंच, तलवार के फन और शारीरिक करतबों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर हौसला बढ़ाया।तीजा को लेकर युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। आसपास के मोहल्ले से भी लोग करतब देखने पहुंचे थे। देर रात तक माहौल भक्तिमय और जोश से भरा रहा। स्थानीय लोगों ने बताया कि मुहर्रम का मातम खत्म होने के बाद तीजा मनाया जाता है। यह कर्बला के शहीदों को याद करते हुए अन्याय के खिलाफ लड़ने के शौर्य का प्रतीक माना जाता है। प्रशासन ने भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

### 50 बोतल शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भेटगांव पंचायत के आलमपुर गांव में मद्य निषेध विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक महिला को विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। मद्यनिषेध विभाग से रविवार की सुबह 8 बजे मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में महिला के घर के बरामदे से ऑफिस चॉइस ब्रांड की 180 मिलीलीटर की 50 बोतल शराब बरामद की गई। गिरफ्तार महिला की पहचान आलमपुर निवासी कुमिता कुमारी के रूप में हुई है। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है और बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने साफ कहा है कि अवैध शराब कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### आरोपित स्वास्थ्यकर्मी को फिर इमरजेंसी वार्ड

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल अस्पताल का हैरतअंगेज कारनामा इलाके के लोगों को हैरत में डाल दिया है एक सप्ताह पहले अनुमंडल अस्पताल में मरीज से अवैध वसूली करने वाले स्वास्थ्य कर्मी विजय तिवारी को अस्पताल प्रबंधन ने इमरजेंसी वार्ड से हटाकर दवा वितरण में शिफ्ट किया था और इसकी जानकारी सिविल सर्जन को भी दी गई थी लेकिन एक सप्ताह गुजरते ही आरोपी स्वास्थ्य कर्मी को फिर से बाढ़ अनुमंडल अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की जिम्मेदारी सौंप दी गई है जिसको देखकर लोग हैरान हैं अस्पताल प्रबंधन की ढुलमुल नीति से लोग हैरत में हैं।

### ऑपरेशन मुस्कान: अधिवक्ता का गुम मोबाइल बरामद

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार पुलिस के 'ऑपरेशन मुस्कान' के तहत मोकामा पुलिस ने एक बार फिर अपनी तत्परता साबित की है। पुलिस टीम ने वार्ड संख्या 13 निवासी अधिवक्ता आनंद गौरव का खोया हुआ मोबाइल फोन बरामद कर उन्हें सौंप दिया है।अधिवक्ता आनंद गौरव का 34,000 रुपये मूल्य का सैमसंग ए34 फोन 10 नवंबर 2025 को गायब हो गया था। इसके बाद



उन्होंने 11 नवंबर 2025 को मोकामा थाना में सन्हा संख्या 458/25 दर्ज कराकर पुलिस से मदद मांगी थी।मामले को गंभीरता से लेते हुए मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार और बाढ़ एसडीपीओ रामकृष्ण के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और लगातार प्रयासों से मोबाइल को ट्रेस कर बरामद कर लिया।

# अवैध दो देसी कट्टा-कारतूस के साथ हथियार बनाने वाला तस्कर गिरफ्तार, घर से ही बेचता था हथियार

### भगवानगंज पुलिस की छापेमारी, घर से भट्ठी मशीन, रिंच-पेचकस समेत हथियार बनाने के उपकरण भी बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** विशेष छापेमारी अभियान में भगवानगंज थाना पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने घर पर ही देशी कट्टा बनाकर बिक्री करता था। पुलिस ने उसके पास से दो कट्टा, दो कारतूस के साथ हथियार बनाने के उपकरण भी बरामद किए हैं। सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने इस पूरे घटना के संदर्भ में उद्वेदन करते हुए कहा कि 28 जून को दोपहर करीब 1:30 बजे पुअनि संजीव कुमार यादव थाना के सशस्त्र बल के साथ देवरिया मोड़ के पास गश्त पर थे। तभी गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर खरौना मोड़ की तरफ जा रहा है। सूचना



पर वरीय पदाधिकारी को अवगत कराते हुए सअनि दिवान सोयेब खॉ के नेतृत्व में दिवा गश्ती दल ने खरौना मोड़ के पास सघन वाहन जांच शुरू की जांच के दौरान एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह के आधार पर उसे खदेड़कर पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम महामाया रविदास, उम्र 55 वर्ष, पिता स्व. विनेश्वर रविदास, निवासी भदौरा, थाना मसौढ़ी बताया। तलाशी में उसके कमर से एक देशी कट्टा और शर्ट की जेब से 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उसने बताया कि वह अवैध हथियार अपने घर में बनाकर बेचता है। इसके बाद उसके घर की तलाशी ली गई तो वहां से एक और देशी कट्टा, नोकिया व लावा कंपनी का मोबाइल, लोहे की भट्ठी मशीन, वाइस मशीन, रेती, पेचकस, दो रिंच, पिलास, दाब और लोहे के छोटे-छोटे टुकड़े बरामद हुए भगवानगंज थाना में कांड संख्या दर्ज कर आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपी महामाया रविदास को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस यह पता लगा रही है कि वह किन-किन लोगों को हथियार सप्लाई करता था।

# कुर्की करने गई पुलिस के सामने किया सरेंडर

### छेड़खानी और सिर फोड़ने के मामले में था वांछित

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के बारी बिगहा गांव में 3 साल पुराने जानलेवा हमला और छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे आरोपी मिथिलेश कुमार ने पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया है। उसके खिलाफ कुर्की वारंट जारी होने के बाद पुलिस जब घर कुर्की करने पहुंची तो पुलिसिया दबिश के भय से उसने सरेंडर कर दिया। कादिरगंज थाना अध्यक्ष ने बताया कि यह मामला 6 मई 2022 का है। बारी बिगहा गांव की झुन्नी देवी, पति नागेंद्र यादव ने 5 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर जानलेवा हमला, लोहे के रॉड से सिर फोड़ने और बुरी नियत से छेड़खानी का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में कई लोगों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। मिथिलेश कुमार, पिता जुदागी यादव पर कुर्की वारंट निकला हुआ था। रविवार को कुर्की करने गई पुलिस को देखकर वह सरेंडर कर दिया। पीड़िता ने बताया था कि 6 मई 2022 को सुबह 9 बजे वह घर पर अकेली थी। तभी मिथिलेश यादव, मुकेश यादव, नन्दु यादव, गोलू कुमार, खुशबू देवी और गीता देवी लाठी-डंडा लेकर घर में घुस गए और गाली-गलौज करने लगे। मिथिलेश यादव और मुकेश यादव ने हाथ-बांह, कमर, जूड़ा पकड़कर जमीन पर पटक दिया और इज्जत लूटने का प्रयास किया। बचाने आई सास कलावती देवी को लात-मुक्के से मारा गया। गोलू कुमार ने सास के कान से 8 आना सोने का कुंडल छीन लिया और मुकेश यादव ने लोहे के ईंट से सिर पर मारकर सिर फाड़ दिया। मिथिलेश यादव ने भी सिर पर ताबड़तोड़ वार किए थे। बहरहाल सरेंडर के बाद पुलिस ने मिथिलेश कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# कार्यपालक पदाधिकारी की स्कॉर्पियो गाड़ी अध्यक्ष के आवास के बाहर से चोरी

### 'बिहार सरकार' की बोर्ड लगी गाड़ी ले उड़े चोर, पुलिस जांच में जुटी

**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद के कार्य पालक पदाधिकारी अभिनव कुमार की स्कॉर्पियो गाड़ी मुख्य पार्षद सुजीत कुमार के घर के बाहर से चोरी हो गई।जिसका नंबर BR01JQ 8619 के खगौल में चोरों ने एक बार फिर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए नगर परिषद अध्यक्ष के आवास के बाहर खड़ी स्कॉर्पियो वाहन पर हाथ साफ कर दिया।जानकारी के अनुसार, खगौल नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार एवं नगर परिषद पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार के दरवाजे पर खड़ी एक स्कॉर्पियो देर रात चोरी हो गई। वाहन पर 'बिहार सरकार' का बोर्ड भी लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि यह स्कॉर्पियो उनके बहनोई शंभूनाथ राय के नाम से है । वही नगर




परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार बताया कि हमारे बहनोई के नाम से गाड़ी है। और बताया कि सुबह गाड़ी चोरी होने के बाद तुरंत स्थानीय प्रशासन घटना की सूचना दी । सूचना मिलते ही खगौल थाना अध्यक्ष रंजन कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंची। और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि वाहन चोरों की पहचान कर जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

### मसौढ़ी में एक ही दिन दो अलग-अलग जगह से दो बाइक की हुई चोरी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी नगर मुख्यालय से बाइक चोरी की घटनाओं पर रोक लगाना पुलिस के लिए चेतावनी बन गई है, जहां एक ही दिन दो अलग-अलग जगह से दो बाईक की चोरी की गई है,पहली चोरी मसौढ़ी थाना क्षेत्र के कश्मीरगंज संत मेरी स्कूल के पास से एक अपाची बाइक चोरी की घटना हुई है। दूसरी घटना चटकारा रेस्टोरेंट के पास से अज्ञात बाइक चोरों ने हेलमेट पहनकर बाइक चोरी कर ली है,अपाची बाईक के पीड़ित ललित कुमार पिता मौनीलाल यादव महारजक निवासी ने मसौढ़ी थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ललित , पिता नौमीलाल ने बताया कि 27 जून 2026 को करीब 7:00 बजे वह अपने बहन के मकान काशमीरगंज संतमाइकल स्कूल के बगल गए थे। बाइक को बाहर गली में लगाकर वह अंदर चले गए और आपस में बात करने लगे।

# हरित खाद और मृदा परीक्षण से टिकाऊ खेती का मंत्र लेकर पहुंचे आईसीएआर के वैज्ञानिक

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत 29 जून 2026 को बिहार के भोजपुर जिले के गढ़हनी प्रखंड स्थित बलीगांव एवं रौशन टोला गांवों में किसानों के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को संतुलित उर्वरक प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण तथा वैज्ञानिक पोषक तत्व प्रबंधन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान किसानों को मृदा परीक्षण के महत्व, मृदा स्वास्थ्य, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, फसलों की आवश्यकता के अनुरूप संतुलित उर्वरक प्रबंधन, हरित खाद के रूप में ढैंचा एवं सनई की खेती तथा मृदा की उर्वराशक्ति बनाए रखने के वैज्ञानिक




उपायों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वैज्ञानिकों ने बताया कि मृदा परीक्षण के आधार पर उर्वरकों का संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग करने से उत्पादन लागत में कमी आती है, फसल की उत्पादकता बढ़ती है तथा भूमि की उर्वरता लंबे समय तक सुरक्षित रहती है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बलीगांव के 30 तथा रौशन टोला के 35, कुल 65 किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार राय, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी श्री ए. एस. महापात्र तथा कृषि विज्ञान केंद्र, आरा के विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. सच्चिदानंद सिंह मौजूद थे।

# बाढ़ अनुमंडल अस्पताल में चार एंबुलेंस होने के बावजूद भी जिंदगी मौत से जूझती रही मरीज

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी हो या स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार लगातार अस्पताल निरीक्षण करते हुए यह दावा करते हैं कि अब किसी भी अनुमंडल अस्पताल से किसी भी गंभीर मरीज को रेफर नहीं किया जाएगा उसका मुकम्मल इलाज अनुमंडल अस्पताल में ही होगा लेकिन उनका दावा बाढ़ में खोखला साबित हो रहा है ।

अनुमंडलीय अस्पताल का नया भवन करीब 25 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुआ और जिसका विधि वाट उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया गया था 100 बेड वाला इस अनुमंडलीय अस्पताल का हाल बुरा है हालत यह है कि अनुमंडल अस्पताल में आज चार पांच बजे के आसपास एक 15 वर्ष की बच्ची रिया कुमारी पिता शिव शंकर प्रसाद गंभीर रूप से बीमार होकर अनुमंडल अस्पताल आई थी जिसे चिकित्सकों ने स्थिति को गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया लेकिन मरीज को करीब 3 घंटे तक एंबुलेंस मुहैया नहीं कराया गया और इस दौरान जिंदगी और मौत से जंग लड़ते हुए बच्ची इमरजेंसी वार्ड में पड़ी रही और लगातार परिजन एंबुलेंस की मांग करते नजर आए लेकिन अनुमंडल अस्पताल परिसर के पुराने भवन की तरफ तीन एंबुलेंस को एंबुलेंस चालक ने छुपा कर रख दिया और एंबुलेंस मुहैया नहीं कर इस दौरान ऑक्सीजन पर अपनी जिंदगी की उल्टी गिनती गिन रही बच्ची लगातार परेशान रही आखिरकार मामले पर जब अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर विनय कुमार चौधरी से बात की गई तो उन्होंने कोई सार्थक जवाब नहीं दिया लेकिन जब सिविल सर्जन पटना से बात की गई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र एंबुलेंस मुहैया कराने की बात कही इस दौरान मोकामा के एंबुलेंस को बुलवाकर करीब 4 घंटे बाद पटना भेजा गया सवाल उठता है कि अनुमंडलीय अस्पताल बाढ़ को बेहतर बनाने के लिए एक से बढ़कर एक बातें कही जाती है लेकिन हालात कुछ और ही देखने को मिलता है अब देखने वाली बात यह होगी कि यदि बच्ची की मौत होती है तो इसका जिम्मेवार कौन होगा साथ ही परिजन लगातार कार्यालय जाकर एंबुलेंस की भीख मांगते हुए नजर आए और आरजू विनती करते देखे गए।

### शराब पीकर बहन व बहनोई में मारपीट, भाई ने 112 पर कॉल कर छुड़ाया

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शराब पीकर पत्नी से मारपीट करने के मामले में मसौढ़ी थाना पुलिस ने कार्रवाई शुरू की है। पीड़िता के भाई मनीष कुमार सिंह पिता सूर्यदेव सिंह पांडेपुर, सिम्हाडी मनेर निवासी ने थाने में आवेदन देकर बहनोई राकेश सिंह पिता जुगल किशोर सिंह कुमहरटोली देवीस्थान पर रोजाना मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता मनीष कुमार सिंह, ने बताया कि उनकी बहन साक्षी कुमारी की शादी राकेश सिंह, पिता जुगल किशोर सिंह, निवासी कुमहरटोली देवी मंदिर, मसौढ़ी के साथ हुई है। शादी के बाद से ही राकेश सिंह रोजाना शराब पीकर बहन के साथ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देता है। इस कारण बहन के घर हमेशा डर का माहौल बना रहता है।मनीष ने बताया कि 27 जून 2026 को भी राकेश सिंह शराब पीकर बहन साक्षी कुमारी के साथ मारपीट कर रहा था।

### भुगतान नहीं मिलने से प्लस पोलियो अभियान पर संकट

# आशा व आंगनबाड़ी कर्मियों ने घर-घर जाकर दवा पिलाने से किया इनकार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 28 जून से 2 जुलाई तक चलने वाले राष्ट्रीय प्लस पोलियो अभियान को बाढ़ अनुमंडल में झटका लग सकता है। बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल में आशा कार्यकताओं, आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं अभियान से जुड़े अन्य कर्मियों ने लंबित मानदेय के विरोध में घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से इनकार कर दिया। विरोध कर रहे कर्मियों का कहना है कि उन्हें पिछले दो चरणों के पोलियो अभियान का भुगतान अब तक नहीं मिला है। ऐसे में बिना मानदेय के दोबारा घर-घर जाकर काम करना संभव नहीं है। उनका कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। आशा कार्यकर्ता रीता देवी और रेनू देवी ने बताया कि कोरोना काल के दौरान किए गए कार्यों का भी पूरा भुगतान अभी तक नहीं हुआ है। लगातार लंबित भुगतान के कारण कर्मियों में नाराजगी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जब तक बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक वे पोलियो अभियान में घर-घर जाकर बच्चों को दवा पिलाने का कार्य नहीं करेंगी। कर्मियों के विरोध के कारण बाढ़ अनुमंडल में 28 जून से शुरू हुए प्लस पोलियो अभियान की सफलता पर सवाल खड़े हो गए हैं। यदि जल्द ही भुगतान संबंधी विवाद का समाधान नहीं हुआ तो अभियान के निर्धारित लक्ष्य पर असर पड़ सकता है। हालांकि, इस संबंध में जब अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ विनय कुमार से बात हुई तो उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी सहायिकाओं के भुगतान की प्रक्रिया चल रही है तकनीकी कारणों से भुगतान में देरी हुई है हफ्ते भर में सबका भुगतान हो जाएगा।

### बीएसएफ जवान पर घर के सामने हमला, चाकू-गड़ासे से सिर फोड़ा, सोने की चेन-नकदी लूटे

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के खरौना, हांसडीह गांव में बीएसएफ के एक जवान पर 6 लोगों ने चाकू, गड़ासा और लाठी-डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में जवान का सिर गंभीर रूप से फट गया और आंख के नीचे भी चोट आई। आरोपियों ने सोने की चेन और नकदी भी लूट ली। घटना के बाद जवान की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे पटना के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।ताकिन खरौना, पो० हांसाडीह निवासी वकील सिंह ने मसौढ़ी थाने में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया कि 29 जून 2026 को सुबह करीब 9 बजे वह अपने छोटे भाई धनंजय कुमार के साथ घर के बाहर खड़े थे। धनंजय कुमार बीएसएफ में सिपाही हैं और छुट्टी पर घर आए हुए थे। तभी स्नेहल कुमार, रविशंकर कुमार, शिवशंकर कुमार, पिंकी कुमारी, पुनम देवी और अनीता देवी सभी निवासी खरौना हथियार, चाकू, खंती-गड़ासा और लाठी-डंडा लेकर आए, आवेदन के अनुसार, हमलावरों ने एकाएक धनंजय के सिर पर हमला कर दिया और जान मारने की नीयत से माथे पर चाकू, गड़ासा व लाठी-डंडे से लगातार वार किए। इसमें धनंजय का सिर गंभीर रूप से फट गया और आंख के नीचे भी चोट आई। बीच-बचाव करने आए वकील सिंह को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया गया। बेहोश हुए धनंजय के गले से 2 भर की सोने की चेन और जेब में रखे रुपये छीन लिए गए। घटना के बाद पीड़ित मसौढ़ी थाना पहुंचे, जहां से जख्म प्रतिवेदन लेकर अनुमंडलीय अस्पताल मसौढ़ी में इलाज कराया गया। धनंजय के माथे में दर्जनों टांके लगे हैं।

# मोकामा में सड़क हादसों में दो की मौत, इलाके में शोक की लहर

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के लिए सोमवार काला दिन साबित हुआ। अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में मातम का माहौल है।मोकामा थाना क्षेत्र के शिवनार मोड़ के पास शनिवार को हुई मोटरसाइकिल दुर्घटना में मोलदियार टोला निवासी स्व. आनंदी सिंह के छोटे पुत्र बबलू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे।सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां डॉक्टरों ने स्थिति नाजुक बताते हुए उन्हें घर ले जाने की सलाह दी। रविवार को अपने निजी आवास पर ही उनका निधन हो गया।मृतक बबलू सिंह मोकामा के एक प्रगतिशील किसान और दुग्ध उत्पादक थे। बताया जा रहा है कि शनिवार को वह शिवनार दूध का पैसा लेने जा रहे थे, तभी रास्ते में उनकी मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई।दूसरी घटना पचमहला थाना क्षेत्र की है। नौरंगा जलालपुर निवासी पिंटू सिंह की पत्नी अनिता देवी, उम्र 50 वर्ष, अपने मायके जमुई में एक शादी समारोह में शामिल होकर अपने बहनोई के साथ बाइक से घर लौट रही थीं।बरहिया थाना क्षेत्र के प्रतापपुर और पहाड़पुर के बीच उनकी बाइक को एक पिक-अप वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस खबर के मिलते ही गांव में शोक छा गया।दोनों मृतकों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, और पूरे इलाके में शोक की लहर है।

# गाद से पटी भुतही नदी, जल प्रवाह ठपः 16 साल बाद फिर उड़ाही की मांग

डॉ. राजीव नयन सिंह

**दनियावां/पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां प्रखंड के पश्चिमी इलाके में जीवनचक गांव के पास से गुजरने वाली फल्गु नदी की शाखा लोकाईन की सहायक बरसाती नदी भुतही गाद और सिल्ट से पूरी तरह पट चुकी है। नदी का बड़ा हिस्सा सूखा पड़ा है और पानी का प्रवाह अवरुद्ध हो गया है। ग्रामीणों ने इसकी तत्काल उड़ाही की मांग की है। **तस्वीर बता रही हकीकतः** तस्वीर में साफ दिख रहा है कि पुल के नीचे से गुजरने वाली नदी का उद्‌गम का बड़ा हिस्सा सूखा पड़ा है। सिर्फ गड्ढों में ही थोड़ा-बहुत पानी बचा है। नदी में मिट्टी और घास भर गई है। इससे साफ है कि मुहाने पर गाद जमा होने से पानी आगे नहीं बढ़ पा रहा। वैसे तो यह बारहमासी नदी नहीं है, लेकिन संकट ज्यादा तब होता है जब सावन-भादो में भी पानी इसमें नहीं ठहरता या ऊपरी इलाकों में नहीं चढ़ता। **5-6 साल से अनियमित जलसंचयनः** ग्रामीणों के अनुसार यह बरसाती नदी है, इसमें सिर्फ बरसात में ही जल आता है। लेकिन पिछले 5-6 साल



का ट्रेंड देखें तो कभी ज्यादा तो कभी काफी कम जलसंचयन हो रहा है।नदी के ज्यादातर हिस्से में गाद भरने से नदी की जलग्रहण क्षमता घट गई है। **8 किमी लंबी लाइफलाइनः** यह नदी जीवनचक से निकलकर सरथुआ-खरभैया, शोहपर होते हुए कराय-परसुराय प्रखंड तक जाती है। करीब 8 किमी लंबी इस नदी से सैकड़ों एकड़ खेतों की सिंचाई होती है। नदी सूखने से आसपास के गांवों का भूजल स्तर भी तेजी से गिर रहा है। **सावन-भादो में भरते हैं आहर-पाइनः** ग्रामीणों ने बताया कि सावन-भादो महीने में इसी नदी से तोप, सरथुआ, दौलतपुर, परशन्नबीघा, शोहपर समेत कई गांवों के आहर, पाइन और पोखर जल से लबालब भर जाते हैं। नदी सूखने से इस बार जल संचयन पर भी संकट है। **मछली पालन पर संकटः** कभी यह नदी स्थानीय मछलियों की बैंक मानी जाती थी। यहां टेंगरा, चेलक्खड़, पताशी, इचना जैसी देशी मछलियां बहुतायत में मिलती थीं। पानी कम होने और नदी सूखने से अब इन मछलियों की प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं। इससे सैकड़ों मछुआरों की रोजी-रोटी पर असर पड़ा है। **2010 में हुई थी खुदाईः** जुलाई 2010 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सरथुआ शहीद विजय स्मारक के उद्घाटन के दौरान इस नदी की जेसीबी से खुदाई की घोषणा की थी। घोषणा के बाद खुदाई हुई थी। 16 साल बाद फिर से गाद भरने से नदी उथली हो गई है। **प्रगतिशील किसान संघ ने की मांगः** प्रगतिशील किसान संघ ने नदी की तत्काल उड़ाही की मांग की है। संघ के पूर्व आत्मा अध्यक्ष सुनील कुमार, सतीश कुमार, झूलन सिंह, रामनाथ सिंह, बब्बन सिंह और सरथुआ निवासी नागेंद्र पटेल,वार्ड सदस्य सह अधिवक्ता शम्भू कुमार ने बताया कि नदी ही पटवन का मुख्य स्त्रोत है। उड़ाही नहीं हुई तो जलसंचयन कम होने से खरीफ व रबी फसल पर संकट आ जाएगा। किसानों ने जिला प्रशासन और लघु जलसंसाधन व सिंचाई विभाग से जल्द भुतही नदी का उड़ाही कराकर जल प्रवाह बहाल करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस रेसिडेंसियल स्कूल में साइबर अपराध जागरूकता एवं बैंकिग नियमों पर संगोष्ठी' का आयोजन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आरपीएस रेसिडेन्शियल स्कूल में 'साइबर अपराध से बचाव एवं सुरक्षित बैंकिग' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति सतर्क करना तथा सुरक्षित बैंकिग व्यवहार अपनाने के लिए प्ररित करना था। कार्यक्रम में आरबीआई के विशेषज्ञों ने साइबर ठगी, फिशिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी एवं यूपीआई धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने सुरक्षित



डिजिटल लेन-देन अपनाने तथा किसी भी प्रकार की बैंकिग जानकारी किसी के साथ साझा न करने की सलाह दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से प्रश्न भी पूछे गए, जिसका संतोषजनक उत्तर दिया गया। सही उत्तर देने वाले को पुरस्कृत भी किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप कुमार सिंह एवं उप-प्रधानाचार्या उषा सिन्हा ने भारतीय रिजर्व बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम समाज में सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

### नगर अध्यक्ष के निधन पर जदयू के प्रदेश अध्यक्ष परिजनों से मिलेंगे

**चकिया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा मंगलवार की शाम चकिया पहुंचकर नगर अध्यक्ष कौशर रजा के निधन से मर्माहत उनके परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। उनके आने की जानकारी पार्टी के पूर्व प्रदेश सचिव कवीन्द्र कुशवाहा ने दी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष श्री कुशवाहा पहले बेतिया जायेंगे जहां वे बेतिया के जिला अध्यक्ष के निधन पर उनके परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त कर शाम के लगभग साढ़े पांच दिवंगत कौशर रजा के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे।

### दानापुर में दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दानापुर थाना क्षेत्र के हड़िया बाजार स्थित एक दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। पीड़ित दुकानदार ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित दुकानदार ओमप्रकाश राय ने बताया कि उनकी दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। यह घटना रविवार की रात को हुई। पीड़ित का आरोप है कि चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां से लगभग 1,10,000 (एक लाख दस हजार) रुपये नकद और कीमती कागजात चोरी कर लिए। पीड़ित ने मामले की सूचना पुलिस को देते हुए उचित कानूनी कार्रवाई करने और अपनी संपत्ति बरामद करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### गर्भवती महिला से मारपीट, हत्या की कोशिश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के बद्रीविगहा गांव में 4 महीने की गर्भवती महिला से बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है। आरोपियों ने महिला को शौच के लिए जाते समय पकड़ लिया और पेट में लात-मुक्के मारे। मारपीट के दौरान "पेट खराब कर दो, इसका बच्चा गिर जाए" जैसी बातें भी कही गईं। महिला को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। बद्रीबिगहा निवासी मालती देवी, उम्र 35 वर्ष, पति जितेंद्र यादव ने आवेदन में बताया कि 27 जून 2026 को दिन में करीब 8 बजे वह घर से पश्चिम दिशा में शौच के लिए जा रही थी। तभी सोनाक्षरी देवी, पति गुड्डू यादव, अनीता देवी, पति मंटू यादव और बबीतादेवी, पति मिथलेश यादव सभी निवासी बद्रीविगहा ने उसे पकड़ लिया और मारपीट करने लगे।वह गिड़गिड़ाती रही कि वह 4 महीने की गर्भवती है और उसे मत मारो। इसके बावजूद सभी ने लात-मुक्के से उसके पेट पर वार करना शुरू कर दिया, जिससे पेट में काफी दर्द होने लगा। इसी बीच सोनाक्षरी देवी ने आवाज देकर गुड्डू यादव, लल्लू यादव, मिथलेश यादव, रागु यादव, विजेंद्र यादव, विनय यादव और सुख्खु यादव समेत कुल 12 लोगों को बुला लिया। सभी आकर मिलकर मारने लगे और गाली देते हुए बोले "इसे पेट में और मारो, इसका बच्चा खराब हो जाए"। टोले के लोग जुटे तो सभी आरोपी भाग गए। मारपीट से मालती देवी के पेट में दर्द और खून बहने लगा। ग्रामीणों की मदद से उसे इलाज के लिए ले जाया गया। पीड़िता ने थाने में 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है

### चोरी गई बाइक लावारिस हालत में बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी बाजार स्थित डीडीएस क्लासेस के समीप से गत दिनों चोरी गई अपाची बाइक को लावारिस हालत में पुलिस ने बरामद कर लिया है। बरामद की गई बाइक को पुलिस मसौढ़ी थाना लाई है बाइक किसने चुराई और कैसे चुराई इस बात की जांच पुलिस कर रही है आपको बताते चलें कि गत 27 जून को अनुमंडल मुख्यालय के डीडीएस क्लासेस के गली से बाइक चोरों ने दिनदहाड़े बाइक चुराकर ले भागा था चोरी गई बाइक महाराज चक गांव के रहने वाले ललित कुमार का बताया जाता है चोरी गई बाइक सरवॉ् गांव के समीप स्थित राजवाड़ा मैरिज हॉल के बगल में पिछले दो दिनों से लावारिस हालत में लगी हुई थी जिसकी सूचना आसपास के लोगों ने मसौढी थाना को दिया मसौढ़ी थाना की पुलिस सूचना पाते ही चोरी के बाइक को जप्त कर थाना ले आई है पुलिस गाड़ी मालिक को सूचित कर दिया है आगे की प्रक्रिया में पुलिस जुटी हुई है।

### खेतों में किसान तो बाजारों में व्यावसायियों ने मानसून की बारिश का किया स्वागत

**रसूलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र में सोमवार को हुए झमाझम बारिश से किसान सहित समाज के हर वर्ग ने मानसून की पहली बारिश का स्वागत झूमते हुए किया।खेतों में धान ,मक्का,अरहर की मुरझाते बिचड़ो को जान में जान आई देख ग्रामीण लोगों के चेहरे पर मुस्कान



छा गई।किसानों की मानें तो एक दो दिनों में बारिश नहीं होती तो धान ,मक्का अरहर ,बाजरा,ज्वार आदि फसलों को काफी नुकसान होता।किसानों की मानें तो रसूलपुर क्षेत्र में मानसून पूर्व पिछली बारिश में ही करीब एक तिहाई से ज्यादा लोगों ने बावग (खेतों में अरहर ,मकई का बीज डालना) कर चुके हैं।जिन किसानों ने मक्का, अरहर, धान के बीज आदि खेतों में डाल चुके हैं वे मानसून की बारिश की बाट जोह रहे थे। सोमवार की बारिश देख बावग कर चुके और बावग करने की योजना बना रहे दोनों तरह के किसान खुश हो गये। भीषण गर्मी से त्रस्त लोगों ने भी सोमवार की झमाझम बारिश से खुश दिखे। रसूलपुर चट्टी पर झमाझम बारिश को देख युवकों ने चैनपुर रोड में नृत्य करते हुए बारिश का स्नान किया और खुशी प्रकट की। बारिश में स्नान का आनंद लेते उपमुखिया मनोज सोनी 'नन्हे', रंजीत सोनी, विजय प्रसाद, कृष्णा सोनी, रुपेश कुमार, विवेक सोनी, बिट्टू साह ने कहा कहां कि हम मानसून की पहली बारिश का स्वागत में झूमते हुए कर रहे हैं।

# श्रीनाथ बाबा रोट पूजन समारोह में शामिल होने रसड़ा के लिए सारण से श्रद्धालुओं का काफिला रवाना

**आज बलिया जिले के रसड़ा के नागपुर में होगा भव्य रोट पूजन समारोह, श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह**

**छपरा/एकमा/मांझी (सारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रसड़ा क्षेत्र स्थित नागपुर में आयोजित श्री श्री 1008 श्रीनाथ बाबा रोट पूजन समारोह में शामिल होने के लिए सोमवार की सुबह सारण जिले के एकमा प्रखंड अंतर्गत नचाप गांव से सेंगर वंशीय राजपूतों एवं नाथ बाबा के श्रद्धालुओं का वाहनों का काफिला श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना हुआ। श्रद्धालुओं ने यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व श्रीनाथ बाबा का स्मरण कर आयोजन की सफलता एवं सभी श्रद्धालुओं के मंगलमय यात्रा की कामना की। काफिले का नेतृत्व



भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, शिक्षक व के. के. सिंह सेंगर, जितेंद्र सिंह 'मुन्ना', शशि सिंह, भुईली निवासी चितरंजन सिंह तथा राजीव सिंह 'पप्पू' ने किया। श्रद्धालुओं ने जयकारों के बीच रसड़ा स्थित पूजन स्थल के लिए प्रस्थान किया। इससे पूर्व नचाप गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं एवं नाथ भक्तों के बीच निमंत्रण-पत्र वितरित कर उन्हें 29 जून 2026 (सोमवार) को रसड़ा स्थित श्रीनाथ बाबा रोट पूजन समारोह में सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण दिया गया। आयोजकों ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन प्रातः 6:30 बजे से सायं 6:00 बजे तक चलेगा, जिसमें विशेष रोट पूजन, आरती, हवन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीनाथ बाबा का दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की गई। आयोजन की तैयारियों के क्रम में श्रद्धालुओं का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व में रसड़ा स्थित श्रीनाथ बाबा रोट पूजन स्थल पहुंचा था, जहां उन्होंने आयोजन स्थल का भ्रमण कर तैयारियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पूजन स्थल पर मत्था टेककर आयोजन की सफलता की कामना की तथा स्थानीय आयोजकों के साथ कार्यक्रम की रूपरेखा और व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। इस आयोजन में शामिल होने के साथ रवाना होने वाले श्रद्धालुओं में मुकेश कुमार सिंह, चितरंजन सिंह, कमल कुमार सिंह सेंगर, राजीव कुमार सिंह पप्पू, योगेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह मुन्ना, राकेश सिंह, विकेश तिवारी, मनोज सिंह, मुन्ना सिंह, शैलेन्द्र सिंह, धनंजय सिंह, प्रो. अजय कुमार सिंह, सुमन कुमार सिंह, भरत सिंह, स्वामीनाथ सिंह, योगेंद्र सिंह, ललन सिंह, हरिशंकर सिंह, उपेन्द्र सिंह, शशि कुमार सिंह, रवि कुमार सिंह, मुकेश सिंह, मुकेश्वर कुमार सिंह मुन्ना, नरेंद्र सिंह, सचिन कुमार, धर्मेन्द्र कुमार शर्मा, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने श्रद्धालुओं से धार्मिक उत्साह एवं आस्था के साथ समारोह में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की।

## मोतिहारी चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27वीं कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** चैंबर ऑफ कॉमर्स की 27 वीं कार्यकारिणी की छठी बैठक स्थानीय बंजरिया पंडाल के होटल में चैंबर अध्यक्ष महेश सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित की गई । सभा की शुरूआत महासचिव आलोक कुमार द्वारा गत बैठक की कार्यवाही रिपोर्ट एवं विगत अवधि की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत कर की गई। कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा ने आय-व्यय का विस्तृत विवरण सभा के समक्ष रखा। अपने अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष महेश सिन्हा ने कहा कि मोतिहारी चैंबर व्यवसायियों के हितों की रक्षा एवं उनके विकास हेतु सदैव प्रतिबद्ध रहा है तथा पूरे वर्ष व्यवसायिक हितों के लिए सक्रिय रूप से कार्य करता रहेगा। बैठक में आगामी 19 जुलाई 2026 को प्रस्तावित अर्द्धवार्षिक आम सभा सह बुजुर्ग व्यवसायी सम्मान समारोह को लेकर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम संयोजक रवि कृष्ण लोहिया ने जानकारी दी कि इस अवसर पर ऐसे पांच वरिष्ठ व्यवसायियों को सम्मानित किया जाएगा जो 50 वर्षों से अधिक समय से व्यापार क्षेत्र में सक्रिय हैं"। सत्र 2026 की सदस्यता नवीनीकरण प्रक्रिया पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जानकारी दी गई कि कुल 48 व्यवसायियों द्वारा अब तक सदस्यता नवीनीकरण शुल्क जमा नहीं किया गया है। निर्णय लिया गया कि ऐसे सदस्यों से अंतिम बार संपर्क एवं संवाद करने के उपरांत भी यदि सदस्यता शुल्क जमा नहीं किया जाता है तो उनकी सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। साथ ही यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि जो क्षेत्र प्रभारी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहे हैं,



उनके स्थान पर नए वरिष्ठ लोगों को दायित्व दिया जाएगा। बैठक के दौरान अध्यक्ष महेश सिन्हा ने सभी विभागीय प्रभारियों से कार्य प्रगति रिपोर्ट प्राप्त की तथा कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में संयोजक मनीष कुमार, निर्वतमान अध्यक्ष अंगद सिंह, कोषाध्यक्ष अनिल बोहरा, उपसचिव विनय देवकुलियार, पूर्व अध्यक्ष रवि कृष्ण लोहिया, संजय जायसवाल, सुधीर अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुधीर गुप्ता, सुरेश चंद्र, कार्यकारिणी सदस्य हेमंत कुमार, सुधांशु रंजन, अनिल अग्रवाल, चंदू मिश्रा, अरविन्द सर्राफ, सुनील कुमार श्रीवास्तव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभा के अंत में महासचिव आलोक कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई। उक्त जानकारी महासचिव - सह मीडिया प्रभारी आलोक कुमार द्वारा दी गई।

### निर्माण कार्य के दौरान कटा रेलवे का केबल, पांच घंटे बाधित रही सिग्नल व्यवस्था

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत घोड़ासहन रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्य के दौरान शनिवार की शाम सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग का महत्वपूर्ण केबल कट जाने से रेल परिचालन प्रभावित हो गया.केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण घोड़ासहन और कुंडवा चैनपुर स्टेशन के बीच करीब पांच घंटे तक सिग्नल व्यवस्था ठप रही.जानकारी के अनुसार स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या एक के पीछे मिट्टीभराई और लेवलिंग का कार्य जेसीबी मशीन से कराया जा रहा था.इसी दौरान भूमिगत केबल कट गया, जिससे सिग्नलिंग और संचार प्रणाली प्रभावित हो गई.घटना के बाद रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया. स्टेशन अधीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शाम करीब सात बजे केबल क्षतिग्रस्त हुआ था, जिसे तकनीकी टीम ने रात 12 बजे के बाद ठीक किया.इस दौरान ट्रेनों का परिचालन पेपर लाइन क्लियर (पीएलसी) प्रणाली के माध्यम से कराया गया.

## पल्स पोलियो अभियान की गुणवत्ता जांच को पहुंची राज्य स्वास्थ्य समिति की टीम

**परहम व सिंघिया पंचायत के 10 वार्डों में किया कार्यों का मूल्यांकन**

**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पल्स पोलियो अभियान के तहत किए जा रहे कार्यो की गुणवत्ता की जांच के लिए रविवार को राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना की तीन सदस्यीय टीम जमालपुर पहुंची। टीम ने जमालपुर प्रखंड की परहम एवं सिंघिया पंचायत के पांच-पांच वार्डो का भ्रमण कर अभियान के संचालन, बच्चों के टीकाकरण तथा स्वास्थ्यकर्मियों के कार्यों का मूल्यांकन किया।निरीक्षण के दौरान टीम ने अभियान से जुड़े अभिलेखों की जांच की और क्षेत्र में चल रहे कार्यों का जायजा लिया। टीम ने पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन पर जमालपुर स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।निरीक्षण दल में राज्य स्वास्थ्य समिति के स्टेट ऑब्जर्वर डॉ. मधुकर दास, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रतिनिधि डॉ. जुनैद



तथा अमित कुमार शामिल थे। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जमालपुर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, पोलियो कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डॉ. अशोक पासवान, प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक आशुतोष कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## जलजमाव से त्रस्त बैरमचक की महिलाओं ने बीपीआरओ का किया घेराव, सड़क पर रोक जताया विरोध

**नाली निकासी नहीं होने से सड़क बनी तालाब, दुर्घटना-बीमारी का डर, बार-बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई कारवाई**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के ग्राम बैरमचक में जलजमाव और नाली निकासी की गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय महिलाओं का सब्र का बांध आज टूट गया। नारकीय स्थिति से परेशान आक्रोशित महिलाओं ने मुख्य सड़क पर इढफ्ढ ब्लॉक पंचायत राज अधिकारी मसौढ़ी का घेराव कर दिया और बीच सड़क पर ही उन्हें रोककर खरी-खोटी सुनाई।





ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि नाली की निकासी बंद होने से पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो चुकी है। गंदा पानी घरों में घुस रहा है और आवागमन पूरी तरह बाधित है। आए दिन बच्चे और बुजुर्ग फिसलकर गिर रहे हैं। कीचड़ और जलजमाव के कारण बीमारियां फैलने का डर भी बना हुआ है। आक्रोशित महिलाओं का कहना है कि इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मजबूर होकर आज उन्होंने बीपीआरओ को सड़क पर रोक लिया और तत्काल नाली सफाई व जल निकासी की मांग की। आक्रोशित महिलाओं में किरा देवी, बबीता देवी, शांति देवी, ललिता देवी, प्रमोद बिद समेत कई लोगों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। घेराव की सूचना मिलते ही स्थानीय जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे। इढफ्ढ ने महिलाओं को आश्वासन दिया कि अविलंब नाली की सफाई कराई जाएगी और जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी। आश्वासन के बाद महिलाओं ने सड़क जाम समाप्त किया। वार्ड संख्या 9 के वार्ड सदस्य दीनबंधु ने बताया कि हमारे वार्ड में नरक में तब्दील है नाली के पानी निकासी नहीं होने के कारण कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसके अलावा उन्होंने बताया कि पंचायत सरकार भवन मुख्यालय में ना बनाकर के जमालपुर में बनाया जा रहा है जो गलत है हम सभी ग्रामीणों की मांग है कि मुख्यालय पर ही पंचायत भवन बनाया जाए

## धरहरा स्टेशन पर टिकट दलाली के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

**आरपीएफ-सीआईबी ने एक आरोपी को दबोचा**

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रेलवे में टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सोमवार को आरपीएफ एवं क्राइम इंटेलिजेंस ब्रांच (सीआईबी) की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए धरहरा रेलवे स्टेशन परिसर से एक कथित टिकट दलाल को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के बाद क्षेत्र में टिकट दलाली से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मंगल कुमार, पिता अशोक यादव, निवासी मानगढ़, थाना धरहरा, जिला मुंगेर के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में आरोपी के लंबे समय से रेलवे टिकटों की अवैध खरीद-फरोख्त करने तथा यात्रियों से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि लेकर टिकट उपलब्ध कराने की बात सामने आई है।आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि धरहरा स्टेशन परिसर में टिकटों की कालाबाजारी की जा रही है। सूचना के आधार पर आरपीएफ और सीआईबी की संयुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान आरोपी को मौके



से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से कुछ संदिग्ध रेलवे टिकट तथा लेन-देन से संबंधित दस्तावेज और अन्य साक्ष्य बरामद होने की जानकारी मिली है, जिन्हें जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। आरपीएफ अधिकारियों ने बताया कि रेलवे की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन टिकट व्यवस्था का दुरुपयोग कर अवैध कमाई करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे मामलों में किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसके साथ इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग जुड़े हुए हैं तथा उसका नेटवर्क कितना बड़ा है।कार्रवाई के बाद धरहरा स्टेशन परिसर में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। वहीं, नियमित यात्रियों ने टिकट दलालों के खिलाफ की गई इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद यात्रियों को निर्धारित दर पर आसानी से टिकट उपलब्ध हो सकेगा। आरपीएफ ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे टिकट हमेशा अधिकृत माध्यमों से ही खरीदें और दलालों की जानकारी मिलने पर तुरंत रेलवे सुरक्षा बल को सूचित करें।

### पंचायत विकास दिवस का किया गया आयोजन

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र की श्रीपुर पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन में रविवार को विकास दिवस का आयोजन किया गया.कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया उदय सोनम जयसव ने किया. इसमें पंचायत प्रतिनिधियों,बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया.कार्यक्रम में पंचायत राज विभाग की ओर से विकसित भारत-सशक्त बिहार के संकल्प के तहत पंचायत विकास दिवस के उद्देश्य पर विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों को पंचायत की विभिन्न योजनाओं, सरकारी कार्यक्रमों तथा विकास कार्यों की जानकारी दी गई। साथ ही आय-व्यय और ग्राम पंचायत के विकास कार्यों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। बैठक में पंचायत के समग्र विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे गए।

## राहगीर टीकाकरण केंद्रों पर सफर कर रहे बच्चों को पिलाई जा रही पोलियो की दवा

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। अभियान के तहत गांवों के अलावा बस स्टैंड, प्रमुख चौक-चौराहों तथा राहगीर टीकाकरण केंद्रों पर सफर कर रहे परिवारों के बच्चों को भी पोलियो ड्रॉप पिलाई जा रही है, ताकि कोई भी बच्चा इस अभियान से वंचित न रह जाए। इसी क्रम में ब्लॉक रोड स्थित बेलही दुर्गा देवी मंदिर चौक पर स्थापित राहगीर टीकाकरण केंद्र पर एएनएम जूली रानी आने-जाने वाले वाहनों को रोककर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाती नजर आईं। उन्होंने बताया कि 28 जून से शुरू हुआ यह देशव्यापी अभियान 2 जुलाई तक चलेगा। अभियान का उद्देश्य यात्रा के दौरान रहने वाले परिवारों के बच्चों तक भी पोलियो की खुराक पहुंचाना है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने विभिन्न चौक-चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर विशेष राहगीर (ट्रांजिट) टीकाकरण केंद्र स्थापित किए हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिरैया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. श्याम पासवान ने बताया कि पोलियो आजीवन विकलांगता का कारण बनने वाली गंभीर बीमारी है।

## टी.पी.एस. कॉलेज में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**'केसिंग मिश्रण एवं केसिंग परत बिछाने' की दी गई व्यावहारिक जानकारी**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण का आज 15वां दिन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। 12 जून से प्रारंभ हुई इस प्रशिक्षण का सफल संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. विनय कुमार के नेतृत्व में किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन की आधुनिक एवं वैज्ञानिक



तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। आज के प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को 'केसिंग मिश्रण बनाना एवं केसिंग परत बिछाना' विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि बीजाई के लगभग 15झ्र20 दिनों बाद जब बीज का जाल (माइसीलियम) पूरे भूसे में फैल जाता है, तब केसिंग परत बिछाने की प्रक्रिया की जाती है। आज महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं एवं प्रतिभागियों द्वारा किए जा रहे कार्यों का अवलोकन करते हुए वनस्पति विज्ञान विभाग की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कौशल आधारित कार्यशालाएँ विद्यार्थियों और शोधार्थियों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करती हैं तथा नई शिक्षा नीति के उद्देश्यों को भी सशक्त बनाती हैं। इस दौरान डॉ. अंकित तिवारी एवं शोधार्थी शिवम परासर भी उपस्थित रहे।कार्यशाला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## ज्ञान-मार्गी महान संतकवि थे कबीर, कविता की संज्ञा थे 'नागार्जुन'

**जयंती पर साहित्य सम्मेलन में श्रद्धा से स्मरण किए गए दोनों मनीषी, आयोजित हुई कवि-गोष्ठी**

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ज्ञान-मार्गी महान संतकवि थे कबीर। कबीर ने हमें सिखाया कि माया और मोह से ग्रस्त व्यक्ति न तो स्वयं का भला कर सकता है न समाज का। वे निर्गुण ब्रह्म के उपासक थे। अपनी रचनाओं में उन्होंने यह सीख दी कि, हम जिस व्यवहार की अपेक्षा अपने लिए करते हैं, वही व्यवहार औरों के साथ करें। वे धार्मिक आडम्बर के विरोधी और शुद्ध-चेतना के हिमायती थे। 'यात्रीजी' के नाम से चर्चित हिन्दी और मैथिली के कवि वैद्यनाथ मिश्र 'नागार्जुन' पर कबीर का गहरा प्रभाव था। कविता की संज्ञा थे 'नागार्जुन'। यह बातें सोमवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में, दोनों काव्य-विभूतियों की जयंती पर आयोजित कवि-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए,सम्मेलन-अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि,मनुष्यों ने कबीर के दोहों को रट तो लिया, उन




पर व्याख्यान और उपदेश भी दिए, पर उन पर अमल नहीं किया। कबीर ने जिस वितराग और त्याग को, सार्थक जीवन का आधार और सोपान बताया, हमने उसे अपना ज्ञान प्रदर्शित करने का साधन समझा, आचरण योग्य नही माना। आज वासनाओं में डूबा संसार उसी पाखंड का परिणाम है। डा सुलभ ने कहा था कि नागार्जुन एक जीवंत कवि थे। संतकवि कबीर की तरह अखंड और फक्कड़ थे। बेतरतीब बिखरे बाल, बढ़ी हुई दाढ़ी और उसमें भी छोटा कद ! उन्हें एक विचित्र सा, किंतु स्तुत्य व्यक्तित्व प्रदान करता था। एक निरंतर गतिमान, महात्मा बुद्ध के उद्घोष - 'बहुजन हिताए, बहुजन सुखाए, लोकानुकंपाए, चरैवेति! चरैवेति! के प्रत्यक्ष और जीवंत उदाहरण थे बाबा! इसलिए कहीं एक जगह ठहरते नहीं थे। इस अवसर पर आयोजित कवि-सम्मेलन का आरंभ चंदा मिश्र ने वाणी-वंदना से किया। वरिष्ठ कवि डा रत्नेश्वर सिंह, चित्तरंजन लाल भारती, इरफान अहमद बेलहरबी, आचार्य सचिन बृजनाथ, कुमार अनुपम, विभा रानी श्रीवास्तव, ई अशोक कुमार, इन्दु भूषण सहाय, कमल नयन श्रीवास्तव, डा मदन कुमार चौरसिया, अरविंद कुमार वर्मा आदि कवियों ने अपनी रचनाओं से उत्सव को मधुमय बनाया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

CMYK

# कबीरदास के काव्य में जन चेतना की उपस्थिति पर चर्चा

## कबीर की वाणी आज भी सामाजिक समरसता, मानवता और अंधविश्वास के विरुद्ध संघर्ष की देती है प्रेरणा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड के रेपुरा स्थित यूनिटी कार्यालय में जनवादी लेखक संघ औरंगाबाद ईकाई और यूनिटी के तत्वावधान में संत शिरोमणि कबीरदास की जयंती के अवसर पर 'कबीरदास के काव्य में जन चेतना' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जलेस जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मंडल ने की, जबकि संचालन अंबुज कुमार (प्रधानाध्यापक) ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीरदास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सेमिनार को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक गौरी शंकर यादव ने कहा कि मध्यकालीन अंधकार युग में प्रकाश पुंज बनकर कबीर काव्य के माध्यम से जनता को सचेत कर रहे थे। उनका संग्रह बीजक के रूप में संकलित है। साखी शबद रमैनी के माध्यम से तत्कालीन सामाजिक समस्याओं पर प्रहार कर रहे थे। वे पढ़े लिखे नहीं थे, लेकिन उनके दोहे समाज को दिशा दिखा रहे थे। जिला सचिव अलखदेव प्रसाद अचल ने कहा कि कबीरदास संत शिरोमणि के रूप में स्थापित




होते हुए मानवतावाद, समाज सुधार की दिशा में बढ़ते हुए धार्मिक पाखण्ड,अंधविश्वास पर कुठाराघात किया। आज भी सच बोलने वाले को विवादित कह दिया जाता है। उस दौर में कबीरदास क्रांतिकारी कवि के रूप में समाज को झकझोर रहे थे। आज भी कबीरदास को समझने की दिशा में कार्य नहीं किए जा रहे हैं। शिक्षक गोपेन्द्र कुमार गौतम ने कहा कि अपने समय में कबीरदास जन चेतना के सभी पहलुओं को स्पर्श किया था। विषय प्रवेश करते हुए साहित्यकार शंभू शरण सत्यार्थी ने कहा है कि उनके काव्य धार्मिक सहिष्णुता,समरसता, बंधुत्व की स्थापना पर जोर देते हैं। वे बाह्य कर्मकांड,अंधविश्वास को मानवता के विरुद्ध मानते थे। कवि शमशाद ने उनकी वाणी और नज़्म के माध्यम से श्रद्धांजलि दी। हसपुरा के कवि राजेश कुमार विचारक ने अति से बचते हुए मीठी वाणी के माध्यम से सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने पर जोर दिया।। यूनिटी सचिव रविकांत जी ने आगंतुक अतिथियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज के धार्मिक कट्टरता के दौर में कबीरदास के धार्मिक समन्यव के काव्य को समाज में प्रचारित करने की जरूरत है। सेमिनार को शिक्षक जितेंद्र कुमार, मृत्युञ्जय कुमार, सुधीर प्रकाश, समुंदर कुमार, सुधीर सत्यम, अखिलेश कुमार ने संबोधित किया। सेमिनार में गया सिंह, रणधीर कुमार दीपक कुमार,शशि भूषण कश्यप,रामू सिंह, मिथुन कुमार रोहित कुमार बजरंगी कुमार उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक रामू सिंह ने किया।।

# सड़क और नाली निर्माण में लापरवाही से ग्रामीण परेशान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड मुख्यालय के पंचायत का पंचायत मुख्यालय के बीचली गली में 10वीं वित्त आयोग से लाखों रूपये की लागत से निर्माण कार्य करवाया जा रहा था लेकिन महिनों से निर्माणाधीन नाला और सड़क में कोई कार्य नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। बताया जाता है कि मदनपुर मुख्य बाजार और बिचली गली से जुड़ हेमचंद प्रसाद मुहल्ला रोड़ में दशम वित्त आयोग से लाखों रूपये की लागत से पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि के द्वारा यह निर्माण कार्य शुरू किया गया।नाला निर्माण कार्य और उसपर ढक्कन रखने का कार्य पूर्ण तो कर लिया गया है, लेकिन सड़क निर्माण कार्य नहीं कराया जा सका है। सड़क में कुडा कचड़ा ईंट पत्थरों का टुकड़े बिखरें पड़े हुए हैं जिससे इस सड़क में चलने वाले लोगों खास कर इस मुहल्ले में रहने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी झेलना पड़ता है। स्थिति यह है कि सड़क पर कोई छोटी बड़ी गाड़ियां नहीं चल सकती है। स्थानीय महेन्द्र प्रसाद, प्रवेश प्रसाद, सुनिल प्रसाद, रोहन शर्मा, ललन सागर, अशोक कुमार सोनी सहित



अन्य लोगों का कहना है कि नाला निर्माण कार्य के साथ सड़क की ढलाई कराना चाहिए लेकिन संवेदक द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही है। जबकि आवंटित राशि निकासी कर लिया गया है। जबकि निर्माणाधीन छोड़ देने से दायित्व खत्म नहीं हो गया है। अधुरे कार्य को हर हाल में पूरा करना होगा। इस मामले में बीपीआरो विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि किस कारण से कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इसकी जांच पड़ताल करवाई जायेगी।

# अनुशासन, पुरुषार्थ व देशभक्ति से निखरता है विद्यार्थी जीवन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देव।** राम लक्ष्मण जानकी गायत्री मंदिर के प्रांगण में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक रविवार की तरह आज 9 बजे से 10 बजे तक सामूहिक मानसिक जाप ध्यान गायत्री हवन कार्यक्रम एवं 11 बजे से गायत्री महामंत्र से शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रखंड समन्वयक श्यामता प्रसाद यादव, सचिव ललित शर्मा, जिला समन्वयक नवनीत कुमार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला समन्वयक रामध्यान प्रसाद के द्वारा अंग वस्त्र साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थी को अपने जीवन में विनम्रता, सेवा अनुशासन एवं अभिभावक का सम्मान तथा राष्ट्रभक्ती पर जोर दिया गया। शिक्षक प्रखंड समन्वयक श्यामता प्रसाद यादव ने बताया कि आज के परिवेश में शिक्षा में परिवर्तन एक महत्वपूर्ण विषय



है। यदि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, पुरुषार्थ, देश भक्ति के गुण हो तो विद्यार्थी का जीवन निखर जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों में हो रहे नैतिक पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ साथ लोक व्यावहारिक भी बनाना चाहिए। इस कार्यक्रम में सैंकड़ों अभिभावकों शिक्षकों एवं विद्यार्थीयों ने भाग लिया। मौके पर अनिता देवी, गीता देवी, सावित्री देवी, सरिता अग्रवाल, बसंत प्रसाद, अमरेन्द्र चौरसिया, बलिंद्र मेहता, संतोष कुमार, शिक्षक मुकेश कुमार, राजेश, आनंद कुमार, समन्वयक सुमन, अशोक प्रसाद गुप्ता मौजूद रहे।

राम लक्ष्मण जानकी गायत्री मंदिर के प्रांगण में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार सह शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रत्येक रविवार की तरह आज 9 बजे से 10 बजे तक सामूहिक मानसिक जाप ध्यान गायत्री हवन कार्यक्रम एवं 11 बजे से गायत्री महामंत्र से शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक प्रखंड समन्वयक श्यामता प्रसाद यादव, सचिव ललित शर्मा, जिला समन्वयक नवनीत कुमार, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा जिला समन्वयक रामध्यान प्रसाद के द्वारा अंग वस्त्र साहित्य भेंट कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थी को अपने जीवन में विनम्रता, सेवा अनुशासन एवं अभिभावक का सम्मान तथा राष्ट्रभक्ती पर जोर दिया गया। शिक्षक प्रखंड समन्वयक श्यामता प्रसाद यादव ने बताया कि आज के परिवेश में शिक्षा में परिवर्तन एक महत्वपूर्ण विषय है।

# नियोजित शिक्षकों ने बीडीओ पर लगाया प्रमोशन रोकने का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय परिसर में नियोजित शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार ने जबकि मंच संचालन शिक्षक कौशलेंद्र पांडेय द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित शिक्षकों ने ओबरा बीडीओ के उदासीन रवैये के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त किया। शिक्षकों का आरोप है कि बीडीओ द्वारा जान-बूझकर प्रमोशन से संबंधित आवश्यक कागजात जिला कार्यालय नहीं भेजे जा रहे हैं जिसके कारण सभी योग्य नियोजित शिक्षकों की पदोन्नति अधर में लटकी हुई है। बैठक में शिक्षकों ने बीडीओ पर नियोजित शिक्षकों को लगातार गुमराह करने और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का सीधा आरोप लगाया। शिक्षकों ने बताया कि कालबद्ध पदोन्नति को लेकर यह बैठक बुलाई गई थी। इसके लिए सभी संबंधित शिक्षकों ने अपने शैक्षणिक और प्रोसेसिग प्रमाण पत्र करीब पांच महीने पहले ही बीआरसी कार्यालय में जमा करा दिए थे लेकिन इतने लंबे समय के बाद भी बीडीओ द्वारा इन फाइलों को जिला कार्यालय को नहीं सौंपा गया है जिससे शिक्षकों का करियर प्रभावित हो रहा है। शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि बीडीओ द्वारा एक सप्ताह के अंदर पदोन्नति से संबंधित सभी महत्वपूर्ण कागजात जिला मुख्यालय को नहीं भेजे जाते हैं तो शिक्षक संघ निश्चित रूप से प्रखंड मुख्यालय में चरणबद्ध तरीके से उग्र आंदोलन शुरू करने को बाध्य होगा। मौके पर शिक्षिका सरिता कुमारी, रेशमा निगार, नीतू कुमारी, तिलक मनी कुमारी, दयानंद कुमार, नौशाद अली, अरुण कुमार और शंभू कुमार सहित स्थानीय नियोजित शिक्षक उपस्थित थे।

# खेल प्रतिभाओं को मिलेगा बेहतर मंच, क्रीड़ा भारती ने तैयार की नई कार्ययोजना

## राजगीर में समीक्षा बैठक, साइकिलिंग, कबड्डी और योग प्रतियोगिताओं की सफलता पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** खेल और खिलाडियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से कार्यरत संस्था क्रीड़ा भारती की ओर से राजगीर स्थित सर्किट हाउस में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में हाल के दिनों में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। इसमें संस्था के पदाधिकारी, प्रशिक्षक, खेल प्रेमी और बड़ी संख्या में खिलाड़ी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए क्रीड़ा भारती के वरीय पदाधिकारी ललन कुमार ने बताया कि हाल ही में नालंदा और नवादा जिले में आयोजित साइकिलिंग, कबड्डी और योग प्रतियोगिताओं में खिलाडियों एवं आमजन की उत्साहजनक भागीदारी रही। इन आयोजनों से मिले अनुभवों के आधार पर भविष्य में और अधिक प्रभावी एवं व्यापक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि उभरती प्रतिभाओं को बेहतर अवसर मिल सके। बैठक में जिला अध्यक्ष मनीष कुमार तथा विभाग संयोजक आनंद शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच विकसित करने पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यक्रम में सी फिजिकल



ट्रेनिंग सेंटर से जुड़े पूर्व सैनिक संजीव, रिंटू, डॉ. विपिन सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान खिलाडियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं के आयोजन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वक्ताओं ने कहा कि क्रीड़ा भारती का उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना है। अंत में सभी खिलाडियों और प्रशिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए जिले में खेल संस्कृति को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

# पइन की उड़ाही नहीं होने से 150 एकड़ जमीन प्रभावित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** झरही नदी से निकलने वाली पैइन से करीब 150 एकड़ से अधिक खेतों का पटवन होता था। लेकिन जब से पैइन भर गई तब से किसानों को पटवन की समस्या उत्पन्न हो गया है। किसानों द्वारा पैइन की उड़ाही कराने की मांग की जा रही है। लेकिन विभागीय लापरवाही से यह मांग ठंडे बस्ते में पड़ा है। प्रखंड क्षेत्र के बनिया पंचायत के शिवा बिगहा झरही नदी से निकले हुए सैलवां कोइरी बिगहा पईन जो अत्यंत ही जर्जर अवस्था में है। इस पईन से लगभग 150 एकड़ जमीन सिंचित होता है। इस पईन से सैलवां, कोइरी बिगहा, बेलहर, चट्टी महुआवा के किसानों के खेतों के सिंचाई का मुख्य स्त्रोत है। सरकार के उपेक्षा पूर्ण रवैया के कारण इस पईन का जीर्णोद्धार अभी तक नहीं हो पाया है। जगह जगह पईन का पिंड टुटा हुआ है और पईन में गाद भर जाने से किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। बनिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य बबिता देवी द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों को आवेदन पत्र लिखा जा चुका है। इस दौरान राज्य सरकार के मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन, सचिव लघु जल संसाधन विभाग पटना, जिलाधिकारी, कार्यपालक अभियंता लधु जल संसाधन विभाग को आवेदन पत्र लिखकर अविलंब सैलवां कोइरी बिगहा पैईन का जिर्णोद्धार करवाने की मांग की गई है।

## अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध छापेमारी के क्रम में खनन विभाग और दाउदनगर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दाउदनगर थाना क्षेत्र के ठाकुर बिगहा के समीप से एक अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई औरंगाबाद के खान निरीक्षक कुमार प्रत्यूष एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पकड़ा गया है। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर चालक और मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रफीगंज शहर के डाक बंगला के समीप मारपीट


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के डाक बंगला के समीप मारपीट की घटना में एक युवक घायल हो गया। इस मामले में मुख्य बाजार सिनेमा हॉल के समीप निवासी सुनैना देवी ने रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने चौधरी मोहल्ला निवासी राकेश कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, सनी कुमार गुप्ता, गोलू कुमार गुप्ता एवं विक्की कुमार को नामजद आरोपी बनाया है। दर्ज प्राथमिकी में सुनैना देवी ने बताया कि 28 जून की संध्या करीब 6 बजे उनका पुत्र आयुष शर्मा बारात में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान डाक बंगला के समीप आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गया। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

# अपराधियों व शराब तस्करों पर पुलिस की कड़ी नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशन में जिले के सभी थाना क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से रात्रि सघन वाहन जांच एवं गश्ती अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस पदाधिकारियों व जवानों की टीम द्वारा प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थलों तथा मुख्य सड़कों पर विशेष रूप से वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान वाहनों के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट समेत अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहन तलाशी लेकर उनकी पहचान सुनिश्चित की गई। पुलिस द्वारा रात्रि गश्ती को और अधिक प्रभावी बनाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर त्वरित नजर रखी जा सके। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों, चोरों, शराब तस्करों और असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। देर रात चलने वाले इस अभियान से शहर में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रमुख चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग कर वाहनों की क्रमवार जांच की गई, जिससे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन की पहचान की जा सके।




# दो पक्षों में मारपीट, प्राथमिकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के टेलर गली के समीप गाली-गलौज के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मामले में दोनों पक्षों ने रफीगंज थाना में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रथम पक्ष के चौधरी गली निवासी मुकेश कुमार ने मुख्य बाजार स्थित सिनेमा हॉल के समीप रहने वाले विकी कुमार, नीतीश कुमार और बबली कुमार को नामजद आरोपी बनाया है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि तीनों आरोपित गाली गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई। वहीं दूसरे पक्ष के अतुल शर्मा ने राकेश कुमार एवं मुकेश कुमार गुप्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि दोनों भाइयों ने उनके साथ मारपीट की। रफीगंज थाना अध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की जांच कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

**Name Change**

I hitherto known as Priyanka Kumari w/o Jitendra Kumar vill+ po- Parsa Bazar, Distt- Patna, Bihar PIN- 804453 have changed my name and I shall hereafter be known as MUNNI DEVI dated 29.06.26

# प्रतिबंधित क्षेत्र में निर्माण का खेल, पांच लाख का चबूतरा डेढ़ महीने में जमींदोज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** नगर परिषद की कार्यशैली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। मलमास मेला के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के नाम पर अजातशत्रु किला मैदान के संरक्षित एवं प्रतिबंधित क्षेत्र में करीब पांच लाख रुपये की लागत से बनाए गए चबूतरे को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने अवैध बताते हुए ध्वस्त कर दिया। निर्माण के महज डेढ़ महीने बाद हुई इस कार्रवाई से सरकारी धन के उपयोग, विभागीय समन्वय और अधिकारियों की जवाबदेही पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं।एएसआई की टीम ने संरक्षण सहायक के नेतृत्व में पहुंचकर मजदूरों की मदद से चबूतरे को हटाया। विभाग का कहना है कि संरक्षित क्षेत्र में बिना पूर्व अनुमति किसी भी प्रकार का स्थायी निर्माण कानून का उल्लंघन है। एएसआई का दावा है कि निर्माण शुरू होने के दौरान ही नगर परिषद को मौखिक और लिखित रूप से कार्य रोकने का आग्रह किया गया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण पूरा कराया गया।वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार ने मामले को सरकारी धन के दुरुपयोग का गंभीर उदाहरण बताते हुए जिला पदाधिकारी से उच्चस्तरीय जांच, निर्माण की स्वीकृति देने वाले अधिकारियों की पहचान तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इससे पहले भी अजातशत्रु स्तूप के समीप करीब दस लाख रुपये की लागत से बने वाटर फव्वारा पार्क को एएसआई की आपत्ति के बाद ध्वस्त करना पड़ा था। लगातार दूसरी घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और भविष्य में सरकारी धन की बर्बादी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## पुल जर्जर से हादसे की आशंका , सहमे लोग

**औरंगाबाद/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** लगातार भारी वाहनों के आवागमन से कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के जगई-देव बालूगंज सड़क का पुल जर्जर हो गया है। पुल में कई जगह दरारें उभर आई हैं, जिससे लोगों में बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। पुल की स्थिति बेहद चिताजनक बनी हुई है। दरअसल, राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर दोमुहान पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद यह पुल वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि दोमुहान पुल पर भारी वाहनों का परिचालन बंद होने के कारण कई ट्रक एरका कॉलोनी नहर मार्ग होते हुए इसी सड़क से गुजर रहे हैं। इस दौरान क्षमता से अधिक भार पड़ने के कारण पुल तेजी से क्षतिग्रस्त हुआ है। अब हालात यह हैं कि भारी वाहनों के साथ-साथ छोटे वाहन चालक भी पुल पार करने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, किसान, मजदूर एवं आसपास के गांवों के लोग आवागमन करते हैं। पुल की बदहाल स्थिति के कारण लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पुल की तत्काल तकनीकी जांच, शीघ्र मरम्मत तथा भारी वाहनों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करने की मांग की है।

# पूर्व विधायक ने सड़क हादसे में मृत बच्ची के परिजनों को बंधाया ढांढस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड की टाल पंचायत अंतर्गत सिहाड़ी-फतेहपुर गांव निवासी इंदल कुमार चंद्रवंशी की पांच वर्षीय पुत्री प्रतीक्षा कुमारी की 15 जून की रात सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार सोमवार को शोकाकुल परिवार से मिलने उनके आवास पहुंचे। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए इस दुखद घड़ी में धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया। पूर्व विधायक ने शोक संतप्त परिवार को भरोसा दिलाया कि उन्हें सरकारी स्तर पर मिलने वाली सभी सहायता उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने जिलाधिकारी एवं जिला परिवहन पदाधिकारी से दूरभाष पर बातचीत कर आवश्यक कार्रवाई कराने का अनुरोध भी किया। डॉ. रणविजय कुमार ने कहा कि इस कठिन समय में सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हरसंभव सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामजीत राम सहित कई स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# सरस्वती नदी पर अतिक्रमण से नल-जल योजना प्रभावित, मोहल्लेवासियों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**राजगीर।** शहर के पंचवटी नगर में सरस्वती नदी पर मिट्टी भरकर सड़क निर्माण के दौरान हर घर नल-जल योजना की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से दर्जनों घरों में पेयजल आपूर्ति बाधित हो गई है। भीषण गर्मी के बीच लोगों को पानी के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अजय पासवान के घर से विपीन झा के घर तक सड़क निर्माण के दौरान पाइप तोड़ दी गई, जिससे पानी बीच रास्ते में ही बह जाता है और घरों तक पर्याप्त मात्रा में नहीं पहुंचता। मोहल्लेवासियों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने अपने निजी लाभ के लिए सरस्वती नदी का अतिक्रमण कर नगर पंचायत द्वारा वर्ष 2009-10 में निर्मित सरकारी नाले को भी तोड़ दिया। इतना ही नहीं, सड़क निर्माण के नाम पर लोगों से चंदा वसूली करने और विरोध करने पर गाली-गलौज करने का भी आरोप लगाया गया है।स्थानीय लोगों का कहना है कि नाला टूटने से बरसाती पानी का निकास प्रभावित हो गया है और अब पानी खेतों में फैलने लगा है। उनका कहना है कि यदि वर्ष 2014 जैसी भारी बारिश हुई तो पंचवटी नगर समेत आसपास के कई इलाके जलजमाव की चपेट में आ सकते हैं।ग्रामीणों और किसानों ने जिला प्रशासन से सरस्वती नदी का सीमांकन कर अतिक्रमण हटाने, उड़ाही कराने तथा दोषियों पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि नदी का संरक्षण किसानों की सिंचाई और शहर की जलनिकासी व्यवस्था के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# सीईओ ने की भ्रामक प्रचार से बचने की अपील

## पांच श्रेणियों के अनकलेक्टेबल फार्म प्रारूप सूची में नहीं होंगे शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने स्पष्ट किया है कि विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान किसी भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया और कुछ अन्य माध्यमों से यह भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है कि बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाए जाएंगे, जबकि वास्तविकता यह है कि आयोग का उद्देश्य केवल मतदाता सूची को शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक चलने वाले इन्यूमरेशन चरण में जो भी मौजूदा मतदाता अपना हस्ताक्षरित इन्यूमरेशन फॉर्म जमा करेंगे, उन्हें बिना किसी दस्तावेज की मांग के 5 अगस्त 2026 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। उन्होंने बताया कि केवल पांच श्रेणियों के अन कलेक्टेबल इन्यूमरेशन फॉर्म प्रारूप सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। इनमें डुप्लिकेट/एकाधिक प्रविष्टि वाले मतदाता, मृत मतदाता, स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाता, अनुपस्थित/अप्राप्य मतदाता तथा इन्यूमरेशन फॉर्म पर हस्ताक्षर करने से इनकार करने वाले (विदेशी नागरिकों से संबंधित मामलों सहित) शामिल हैं। इन सभी मामलों को एएसडीडी (एब्सेंट, शिफ्टेड, डुप्लीकेट, डेथ ) सूची में प्रकाशित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 5 अगस्त से 4 सितंबर 2026 तक दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराने का अवसर मिलेगा। इस अवधि में पात्र नागरिक अपना नाम जोड़ने, सुधार कराने अथवा किसी प्रविष्टि पर आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से झारखंड से बाहर रहने वाले मतदाता ईसीनेट के माध्यम से, 'बुक ए-कॉल' सुविधा का उपयोग कर अथवा अपने बीएलओ से संपर्क कर इन्यूमरेशन फॉर्म जमा कर सकते हैं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें और समय पर अपना हस्ताक्षरित इन्यूमरेशन फॉर्म जमा कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## 30 जून से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ

### मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) कार्यक्रम के तहत 30 जून से 29 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। इस दौरान मतदाताओं के विवरण का भौतिक सत्यापन कर आवश्यक जानकारी एकत्र की जाएगी, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनायी जा सके जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने बताया कि 20 जून से 29 जून तक प्रशिक्षण एवं आवश्यक सामग्री के मुद्रण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। अब निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ घर-घर पहुंचकर मतदाताओं का सत्यापन करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 29 जुलाई तक मतदान केंद्रों का रेशनलाइजेशन पूरा किया जाएगा। इसके बाद 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होगी। प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद 5 अगस्त से 4 सितंबर तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी, जबकि 5 अगस्त से 3 अक्टूबर तक उनका निष्पादन किया जाएगा। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 7 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उपायुक्त यादव ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि बीएलओ के घर-घर भ्रमण के दौरान पूरा सहयोग करें और अपने मतदाता संबंधी विवरणों का सत्यापन अवश्य कराएं। यदि नाम जोड़ने, हटाने अथवा किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता हो तो निर्धारित अवधि के भीतर दावा एवं आपत्ति दर्ज कराएं, ताकि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो सके उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती शुद्ध एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची पर निर्भर करती है। इसलिए सभी नागरिक एसआईआर 2026 अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने में सहयोग करें।

## विभिन्न प्रखंडों में वोलेंटियरों को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन के निर्देशानुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन को लेकर विभिन्न प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से वोलेंटियर्स का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस क्रम में खूँटी समेत अन्य प्रखंडो में चरणबद्ध तरीके से मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण के माध्यम से वोलेंटियर्स को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, उनकी भूमिका एवं जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी सुषमा लकड़ा, मास्टर ट्रेनर नवीन चंद्र झा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमती ज्योति कुमारी उपस्थित रहीं। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि वोलेंटियर्स किसी भी योग्य नागरिक अथवा प्रवासी मतदाता का फॉर्म स्वयं नहीं भरेंगे, बल्कि पात्र मतदाताओं को आवश्यक सहयोग एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। वोलेंटियर्स का मुख्य कार्य मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में नागरिकों को जागरूक करना तथा आवश्यकतानुसार सहायता उपलब्ध कराना होगा। प्रशिक्षण में यह भी स्पष्ट किया गया कि वोलेंटियर्स को बीएलओ के स्थान पर कार्य नहीं करना है, बल्कि उनके सहयोगी के रूप में कार्य करते हुए योग्य नागरिकों की पहचान करने, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी देने तथा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को प्रभावी बनाने में सहयोग करना है। वोलेंटियर्स को बताया गया कि वे वृद्धजनों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पीवीटीजी समुदाय सहित सभी पात्र मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करें तथा उन्हें निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दें। प्रशिक्षण के दौरान वोलेंटियर्स को voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में नाम खोजने, आवश्यक जानकारी प्राप्त करने एवं पीडीएफ डाउनलोड करने की प्रक्रिया का भी व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण वीडियो के माध्यम से सभी बिंदुओं को विस्तारपूर्वक समझाया गया, ताकि वोलेंटियर्स अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। उल्लेखनीय है कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन एवं गणना प्रपत्रों का संकलन किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 05 अगस्त 2026 को होगा, जबकि दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक निर्धारित है। सभी दावों एवं आपत्तियों के निराकरण के उपरांत 07 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रखंडों में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीके से संचालित किया जा रहा है।

## विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका मिशन पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मनिहारी/ कटिहार।** प्रखंड कार्यालय सभागार में विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण वीवी जी राम जी विषय पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता देवी ने की। इस दौरान मिशन के उद्देश्यों, ग्रामीण रोजगार सृजन, आजीविका सशक्तिकरण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कार्यक्रम पदाधिकारी आलेंदु कुमार ने मिशन की रूपरेखा, योजनाओं के संचालन एवं उनके प्रभावी कार्यान्वयन की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक पात्र परिवार तक रोजगार एवं आजीविका से जुड़ी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से पहुंचे। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मियों से योजनाओं को धरातल पर सफल बनाने में सक्रिय सहयोग की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड के सभी रोजगार सेवक, सभी पंचायत तकनीकी सहायक, सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन एवं योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर अपने सुझाव भी साझा किए।

## बारसोई स्टेशन पर नौ लोगों से वसूला गया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बारसोई/कटिहार।** बारसोई रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और अनुशासन बनाए रखने के लिए रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ ने विशेष जांच अभियान चलाकर नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। जन विश्वास संशोधन एवं प्रावधान अधिनियम-2026 के तहत संशोधित रेलवे अधिनियम-1989 के प्रावधानों के अनुसार कुल नौ मामलों में कार्रवाई करते हुए 13,500 का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान दिव्यांग यात्रियों के लिए आरक्षित कोच में अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले चार लोगों को रेलवे अधिनियम की धारा 155(1) के तहत पकड़ा गया। प्रत्येक पर 2,000 के हिसाब से कुल 8,000 का दंड लगाया गया। रेलवे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दिव्यांग कोच केवल विशेष जरूरत वाले यात्रियों के लिए है और उसके दुरुपयोग को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, स्टेशन परिसर के नो-पार्किंग क्षेत्र में वाहन खड़ा करने वाले तीन लोगों पर धारा 159 के तहत कार्रवाई करते हुए कुल 1,500 का जुर्माना लगाया गया। इसके अतिरिक्त रेलवे परिसर और ट्रेनों में धूम्रपान करते पाए गए दो व्यक्तियों पर धारा 167 के अंतर्गत 4,000 का दंड वसूला गया।

## युवा एवं फ्यूचर वोटर्स को एसआइआर के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों में इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब के अंतर्गत चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवा एवं भावी मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मतदाता सूची के महत्व तथा झारखंड में संचालित स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन अभियान के प्रति जागरूक करना था। चुनाव पाठशाला के दौरान विद्यार्थियों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की आवश्यकता, इसके उद्देश्य तथा प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची में शामिल कराने के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें मतदान के अधिकार एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनकी भूमिका से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को झारखंड में संचालित एसआईआर कार्यक्रम की समय-सारिणी की जानकारी देते हुए बताया गया कि निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार झारखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत 30 जून 2026 से 29 जुलाई 2026 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन एवं गणना प्रपत्रों का संकलन किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 05 अगस्त 2026 को होगा, जबकि दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने की अवधि 05 अगस्त से 04 सितंबर 2026 तक निर्धारित है। सभी दावों एवं आपत्तियों के निराकरण के उपरांत 07 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर की भूमिका, गणना प्रपत्र सही तरीके से भरने, आवश्यक दस्तावेज संलग्न करने तथा समय पर जमा करने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी एसआईआर अभियान की जानकारी देकर उन्हें सहयोग के लिए प्रेरित करें। मतदाता जागरूकता को रचनात्मक रूप देने के उद्देश्य से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा एसआईआर विषय पर पेंटिंग, पोस्टर निर्माण, निबंध, रंगोली एवं स्लोगन के माध्यम से जागरूकता संदेश प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों ने अपने आकर्षक चित्रों एवं पोस्टरों के माध्यम से स्वच्छ, त्रुटिरहित एवं अद्यतन मतदाता सूची के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रदर्शित किया तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। जिला प्रशासन ने सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, गणना प्रपत्र सही एवं पूर्ण रूप से भरकर समय पर जमा करें तथा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान को सफल बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

## उपायुक्त ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**खूंटी।** उपायुक्त मो0 जावेद हुसैन ने आज सदर अस्पताल, खूंटी से राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वयं बच्चों को पोलियोरोधी दवा पिलाकर अभियान की शुरुआत की तथा जिलेवासियों से अपील की कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं। उपायुक्त ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियोरोधी खुराक पहुंचाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को अभियान के दौरान पूरी सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जिले का कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 28 जून को जिले के सभी निर्धारित पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जा रही है। वहीं 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य विभाग की टीम, सहिया एवं आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा घर-घर जाकर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस अवसर पर राज्य पर्यवेक्षक डॉ अरविंद कुमार, सिविल सर्जन डॉ. ललित रंजन पाठक सहित अन्य पदाधिकारी, चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## कोई अयोग्य जुड़ेगा नहीं, कोई पात्र मतदाता छूटेगा नहीं : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोकारो।** सोमवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ), झारखंड के. रवि कुमार ने बोकारो जिला दौरे के दौरान समाहरणालय सभागार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त अजय नाथ झा, सभी निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ), सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिले की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एसआईआर-2026 का उद्देश्य मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई अयोग्य मतदाता सूची में नहीं जुड़ेगा और कोई भी पात्र भारतीय मतदाता सूची से नहीं छूटेगा।

**30 जून से घर-घर पहुंचेंगे बीएलओ, समय पर भरें इन्यूमरेशन फॉर्म**

उन्होंने कहा कि 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ घर-घर जाकर आंशिक रूप से भरे हुए इन्यूमरेशन फॉर्म उपलब्ध कराएंगे। मतदाताओं से अपील की कि फॉर्म प्राप्त होते ही आवश्यक जानकारी भरकर एवं हस्ताक्षर कर यथाशीघ्र अपने बीएलओ को वापस करें, ताकि उनका नाम 5 अगस्त को प्रकाशित होने वाली प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो सके।

**मैपिंग से कोई पात्र मतदाता नहीं छूटे**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि विगत विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से सभी मतदाताओं की मैपिंग सुनिश्चित की जाए। जिन मतदाताओं की मैपिंग पूरी हो जाएगी, उन्हें सामान्यतः अतिरिक्त दस्तावेज देने की आवश्यकता नहीं होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि एब्सेंट, स्थायी रूप से स्थानांतरित (परमानेंटली शिफ्टेड), मृत, डुप्लीकेट एवं गैर-भारतीय श्रेणी के व्यक्तियों का नाम प्रारूप मतदाता सूची में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विदेशी नागरिक अथवा भारतीय नागरिकता छोड़ चुके व्यक्ति इन्यूमरेशन फॉर्म जमा नहीं करें। यदि उनके पास फॉर्म पहुंचे तो उसे बिना भरे एवं बिना हस्ताक्षर किए बीएलओ को वापस कर दें।

**गलत घोषणा करना दंडनीय अपराध**

उन्होंने कहा कि इन्यूमरेशन फॉर्म में गलत घोषणा कर जानकारी देना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा-31 के तहत दंडनीय अपराध है। सभी मतदाता सही एवं सत्य जानकारी ही उपलब्ध कराएं।

**एसआईआर की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं सहभागी**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि एसआईआर-2026 पूरी तरह पारदर्शी एवं सहभागी प्रक्रिया है। प्रत्येक चरण की जानकारी सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों, बीएलओ, बीएलए-2 एवं वॉलिंटियर्स से समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## गिरिडीह पुलिस ने लौटाई लोगों की मुस्कान

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुलिस केंद्र गिरिडीह के मल्टीपर्पज हॉल में सोमवार को दोपहर 12 बजे 'आपका मोबाइल फिर से आपका' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. विमल कुमार के नेतृत्व में आम जनता के खोए हुए एवं बरामद मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। इस अवसर पर डीएसपी, एसडीपीओ, जिले के सभी थाना प्रभारी, साइबर सेल के पदाधिकारी एवं पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बरामद मोबाइल फोन का सत्यापन कराने के बाद उन्हें उनके वास्तविक मालिकों को विधिवत सुपुर्द किया। अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिलने पर लोगों ने गिरिडीह पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि मोबाइल खोने या चोरी होने पर तत्काल संबंधित थाना या साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई कर मोबाइल बरामद किया जा सके। साथ ही साइबर अपराधों से बचाव और मोबाइल सुरक्षा के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी थानों के थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी तथा बड़ी संख्या में मोबाइल प्राप्त करने वाले नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### संत कबीर दास की मनी जयंती

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी प्रदीप कुमार पासवान के आवास पर संत कबीर दास की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर संत कबीर दास के तेल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। वक्ताओ ने कहा कि उत्तर प्रदेश काशी के लहरतारा में इनका जन्म 1398 में हुआ था। संत कबीर दास निरक्षर थे इनकी प्रमुख रचनाएं साखी, सबद, रमैनी, बीजक, अनुराग सागर, कबीर दोहावली एवं कबीर शब्दावली हैं। कबीर साहब की उल्टी बानी बरसे कंबल भीगे पानी। जाति धर्म को ऊपर रखते हुए मानव कल्याण के लिए छुआछूत की बेड़ियों को तोड़ा। इस अवसर पर कबीर पंथ के रामचरित्र साहेब, राजकुमार साहेब, विश्वनाथ पासवान, जगन्नाथ पासवान, राजेंद्र साह, बेचन परिहार, सरस्वती देवी, भामा देवी, कंचनमाला देवी,अश्विनी कुमार, अमन कुमार, धर्मेंद्र पासवान, पुरण पासवान, मोजिबुर रहमान आदि उपस्थित रहे ।

### नशा मुक्ति व महिला सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

**मनिहारी /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनिहारी प्रखंड समेत मनोहरपुर पंचायत भवन में पंचायत विकास दिवस के अवसर पर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया शबनम कुमारी यादव ने की।जबकि मनिहारी व्यापार मंडल अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार यादव सहित पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।बैठक में नशा मुक्त समाज के निर्माण, महिला सशक्तिकरण, महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान, ग्रामीण विकास, सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा पंचायत के समग्र विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान पंचायत स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने और विकास कार्यों में आम लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। मुखिया शबनम कुमारी यादव ने कहा कि पंचायत विकास दिवस का उद्देश्य गांवों के सर्वांगीण विकास के साथ समाज को जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाना है। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार यादव ने कहा कि नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण और जनसहयोग से ही एक सशक्त एवं विकसित पंचायत का निर्माण संभव है। बैठक के अंत में पंचायत के विकास को नई गति देने और समाज हित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया।

### तेज रफ्तार बाइक सवार ने मारी ठोकर

**आजमनगर /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आजमनगर दिल्ली दीवानगंज महानंदा बांध पर सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को तेज रफ्तार बाइक सवार के द्वारा ठोकर मार कर एक पैर तोड़ दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना बैरिया चांदपुर दल के निकट का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार बाइक सवार व्यक्ति के द्वारा चांदपुर ढाला के निकट सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को ठोकर मार दी जिससे विजय चौधरी पिता सुग्रीव चौधरी का एक पैर टूट गया तथा काफी गंभीर चोट पहुंची है। ग्रामीणों के सहयोग से विजय चौधरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर में भर्ती कराया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आजमनगर के डॉक्टर का कहना है कि स्थिति काफी गंभीर है। प्राथमिक उपचार कर दिया गया है। बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल कटिहार रेफर कर दिया गया है।

### पुलिस पर पथराव मामले में दो पर प्राथमिकी

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही थाना क्षेत्र के चकमन गांव में एक पक्ष के द्वारा दूसरे पक्ष के घर और दुकान उजाड़ने एवं पुलिस गाड़ी पर पथड़ाव करने को लेकर मनसाही पुलिस ने दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की है। एक प्राथमिकी पीड़ित विद्यानंद मंडल के द्वारा दर्ज कराई गई है जिसमें घर और दुकान उजाड़ने वाले 12 नामजद सहित 150 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है जबकि दूसरी प्राथमिकी पुलिस के द्वारा दर्ज की गई है। थाने के एसआई अखिलेश बैठा के बयान पर पुलिस गाड़ी पर पथड़ाव करने के मामले में दर्जन पर नामजद सहित कई अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने दोनों प्राथमिकी के आधार पर त्वरित एक्शन लेते हुए दोनों पक्षों के दो-दो लोगों को गिरफ्तार किया है और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक पक्ष के मो जसीम एवं मो. नजीर जबकि दूसरे पक्ष के मृत्युंजय कुमार एवं कपिल मंडल शामिल है।

### आज मनिहारी पहुंचेंगे अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य तल्लू बासकी आज सीमांचल दौरे के क्रम में मनिहारी पहुंचेंगे। किशनगंज जिले के भ्रमण के बाद वे कटिहार जिले के जनजाति बहुल क्षेत्रों का दौरा कर अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी स्थिति का जायजा लेंगे। जिले के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान वे बलरामपुर, डंडखोरा, छोटी तेलडांगा, हसवर तथा मनिहारी गंगा घाट सहित विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान वे संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे और यह जानने का प्रयास करेंगे कि सरकारी योजनाओं का लाभ लाभुकों तक कितनी प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है। आयोग सदस्य योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं और चुनौतियों की भी जानकारी लेंगे तथा आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। जनजाति समुदाय की समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने की दृष्टि से इस दौरे को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि आयोग सदस्य के निरीक्षण से योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन और जनजाति समुदाय के विकास को नई गति मिलेगी।

### इलाज के दौरान पूर्व मुखिया पति का निधन

**कोढ़ा /कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सड़क दुर्घटना में घायल पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जनार्दन यादव की मौत सिल्लीगुड़ी में इलाज के दौरान विगत रात हो गई। बताया जाता है कि राजगीर से लौटने के क्रम में कोढ़ा प्रखण्ड के पवई पंचायत की पूर्व मुखिया साधना देवी पूरे परिवार के साथ महेशखूट में राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर वाहन से दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। जिसमें घटनास्थल पर ही पूर्व मुखिया साधना देवी की मौत हो गई थी। दिवंगत मुखिया के पति जनार्दन यादव सहित पुत्र और पुत्री भी घायल हो गये थे। मृतक जनार्दन यादव का इलाज सिल्लीगुड़ी में चल रहा था। दिवंगत मुखिया का शनिवार को श्राद्ध कार्यक्रम का अंतिम दिन था। देर रात्रि मुखिया प्रतिनिधि जनार्दन यादव भी इलाज के दौरान अपनी इहलीला समाप्त कर ली। उनके निधन की खबर ने जहां उनके परिजनों पर दुख का पहाड़ लाद दिया वहीं प्रखण्ड के प्रबुद्धजनों को भी आहत कर दिया। क्षेत्र के प्रबुद्ध जनों में विधायक कविता देवी, जिला परिषद अध्यक्ष रश्मि सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष मो. काजिम, जगतनारायण सिंह, भोला चौरसिया, मुख्य पार्षद धीरज सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रेम कुमार महलदार, मो. नईमुद्दीन, समाजसेवी धीरेन्द्र प्रसाद मेहता, सुनील दास सहित दर्जनों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

### वांछित अभियुक्त के घर से पांच लाख बरामद

**कोढ़ा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार एसटीएफ एवं कटिहार जिला पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वांछित अभियुक्त के घर से छिनतई की राशि 5,00,000 बरामद की है। यह कार्रवाई 28 जून 2026 को पतरघट थाना कांड संख्या 123/26 दिनांक 25 जून 2026) के संदर्भ में की गई। पुलिस के अनुसार कोढ़ा थाना क्षेत्र के जुराबगंज निवासी आरोपी राम कुमार यादव के घर पर छापेमारी की गई। जहां से छिनतई की पूरी रकम बरामद कर ली गई। हालांकि छापेमारी के दौरान अभियुक्त घर से फरार पाया गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# नगर निकाय क्षेत्रों में सहयोग शिविर का आयोजन आज

## वार्डवार बनाया गया है रोस्टर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के आम नागरिकों की स्थानीय स्तर की समस्याओं एवं विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से मंगलवार को जिले मे सहयोग शिविर तथा नगर निकाय क्षेत्रों में 'नगर सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन द्वारा पंचायतवार एवं वार्डवार रोस्टर जारी कर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित होने वाले सहयोग शिविरों का शुभारंभ प्रातः 10 बजे से होगा। जिले के 15 प्रखंडों की चयनित पंचायतों में आयोजित इन शिविरों में वरीय प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं विभिन्न जन-कल्याणकारी विभागों के पदाधिकारी स्वयं उपस्थित रहेंगे, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। शिविरों में मुख्य रूप से राजस्व, जन वितरण प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, स्वास्थ्य, पंचायती राज सहित अन्य महत्वपूर्ण विभागों से संबंधित शिकायतों एवं आवेदनों का स्थानीय स्तर पर ही प्राप्त कर त्वरित एवं विधिसम्मत निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। इस विशेष अभियान के अंतर्गत बरौनी प्रखंड के नूरपुर, बलिया के बरियारपुर एवं फतेहपुर, बेगूसराय प्रखंड के सूजी, साँख एवं अझौर, बछवाड़ा के रुदौली, बछवाड़ा एवं भीखमचक, मटिहानी के सोनापुर, तेघड़ा के पिपरा दोदराज एवं बरौनी-3, साहेबपुर कमाल के संदलपुर एवं फुलमल्लिक, डंडारी के महिपाटोल, चेरिया बरियारपुर के खोंजहांपुर, खोदावंदपुर के खोदावंदपुर, छौड़ाही के ऐजनी, बखरी के परिहारा, भगवानपुर के किरतपुर, संजात एवं दामोदरपुर, नावकोठी के हसनपुर बागर तथा मंसूरचक के समसा-1 पंचायत में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में शहरी क्षेत्रों के नागरिकों की सुविधा के लिए विभिन्न नगर निकायों में 'नगर सहयोग शिविर' का आयोजन किया जाएगा। नगर निगम बेगूसराय के वार्ड संख्या 17, 20, 21, 22, 23 एवं 24, नगर परिषद बीहट के वार्ड संख्या 11, 12, 13, 29 एवं 30 तथा नगर परिषद बरौनी, नगर परिषद तेघड़ा, नगर परिषद बलिया एवं नगर परिषद बखरी के वार्ड संख्या 13, 14, 15 एवं 16 के नागरिक अपने संबंधित शिविरों में उपस्थित होकर आवेदन दे सकेंगे। नगर सहयोग शिविरों में प्राप्त सभी आवेदनों को तत्काल ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा तथा आवेदकों को मौके पर ही कंप्यूटर जनित पावती उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे शिकायतों के निष्पादन की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं समयबद्ध बनी रहे। ग्रामीण एवं शहरी दोनों प्रकार के शिविरों में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैठने के लिए छायादार स्थान, शुद्ध पेयजल, पंखे तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। जिला प्रशासन जिले के सभी सम्मानित नागरिकों से अपील करता है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित सहयोग शिविर एवं नगर सहयोग शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों का त्वरित समाधान प्राप्त करें तथा इस जनहितकारी प्रशासनिक पहल का लाभ उठाएँ।

# 'साक्षी' पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर दी गई ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के स्वास्थ्य संस्थानों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अनुरूप जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के मार्गदर्शन में विकसित करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बछवाड़ा में 'साक्षी' पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य प्रखंड के सभी स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यप्रणाली को डिजिटल माध्यम से अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना था। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अनिल शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवाओं में डिजिटल तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि 'साक्षी' पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य संस्थानों का स्व-मूल्यांकन किया जा रहा है, जिससे कमियों की समय पर पहचान कर उनका त्वरित निराकरण संभव होगा। उन्होंने कहा कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता बढ़ाने के साथ-साथ आमजन का विश्वास भी मजबूत करेगी। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अमर आर्य ने बताया कि 'साक्षी' पोर्टल के माध्यम से दवाओं की उपलब्धता, चिकित्सा उपकरणों की स्थिति तथा स्वास्थ्य कर्मियों की कार्यप्रणाली की रियल टाइम निगरानी संभव होगी। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद स्वास्थ्य कर्मी डिजिटल माध्यम से कार्यों का बेहतर निष्पादन करेंगे। जिससे सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी ढंग से पहुंच सकेगा। प्रशिक्षण में पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि ज्ञानोदय प्रकाश एवं दीपक मिश्रा ने तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, जीएनएम तथा अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को डेटा एंट्री, रिपोर्टिंग एवं राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कार्य करने संबंधी विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान स्वास्थ्य संस्थानों में साफ-सफाई, प्रसव सेवाएं, टीकाकरण, मरीजों के प्रति व्यवहार तथा अन्य गुणवत्ता संबंधी मानकों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला में बीएमएनई, काउंसलर, प्रखंड के सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने 'साक्षी' पोर्टल के प्रभावी उपयोग के माध्यम से बछवाड़ा प्रखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं जनोन्मुखी बनाने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन का विश्वास है कि इस पहल के प्रभावी क्रियान्वयन से बछवाड़ा प्रखंड के स्वास्थ्य संस्थानों में सेवा गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा आम नागरिकों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

# करंट लगने से दूल्हे के पिता की मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के समसा पंचायत के वार्ड संख्या 9 में रविवार की रात एक दर्दनाक हादसे ने शादी की खुशियों को मातम में बदल दिया। छोटे बेटे की बारात निकलने से ठीक पहले बिजली के करंट की चपेट में आने से दूल्हे के पिता की मौत हो गई। मृतक की पहचान समसा पंचायत निवासी 48 वर्षीय सिकंदर महतो के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, उनके छोटे पुत्र विकास कुमार की शादी चेरिया बरियारपुर प्रखंड के अर्जुन टोल में तय थी। बारात प्रस्थान की पूरी तैयारी हो चुकी थी और बाराती वाहन पर सवार हो चुके थे। इसी दौरान सिकंदर महतो को शादी का कुछ सामान याद आया। सामान लाने के लिए वे घर के देवता घर की ओर गए, जहां सजावट के लिए लगाया गया नंगा बिजली का तार उनके सिर से सट गया। करंट लगते ही वे मौके पर गिर पड़े। काफी देर तक वापस नहीं लौटने पर परिजन उन्हें खोजते हुए अंदर पहुंचे तो वे अचेत अवस्था में जमीन पर पड़े मिले। परिजनों ने तत्काल उन्हें स्थानीय निजी क्लीनिक पहुंचाया, जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए बेगूसराय रेफर कर दिया गया। बेगूसराय में चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में अफरातफरी और शोक का माहौल छा गया। हालांकि, बुजुर्गों की सलाह पर विवाह की रस्में पूरी कराने के लिए बारात अर्जुन टोल रवाना हुई और विवाह संपन्न कराया गया।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना पुलिस ने अलग-अलग गांवों में छापेमारी कर तीन फरार वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि गिरफ्तार वारंटियों में थाना क्षेत्र के पहसारा पूर्वी पंचायत के खैरवन निवासी मो. कलीम, मो. जहांगीर तथा नावकोठी निवासी राजकुमार साह शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मो. कलीम एवं मो. जहांगीर इश्तेहार निर्गत नालिशी वाद संख्या 2598 सी/12 के आरोपित थे। न्यायालय द्वारा इश्तेहार चिपकाए जाने के बावजूद दोनों लंबे समय से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। वहीं राजकुमार साह थाना कांड संख्या 44/09 के नामजद वारंटी थे और वे भी काफी समय से फरार चल रहे थे।

# स्मार्ट सर्जरी में डॉक्टरों ने बताए आधुनिक चिकित्सा के गुर

## अपोलो हास्पिटल कोलकाता की पहल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पूर्णिया।** पूर्णिया में अपोलो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, कोलकाता की ओर से आयोजित स्मार्ट सर्जरी 2026 कॉन्फ्रेंस में आधुनिक चिकित्सा तकनीकों और भविष्य के हेल्थकेयर पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में बिहार के विभिन्न शहरों से पहुंचे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी, एआई और कैंसर उपचार की आधुनिक तकनीकों पर अपने अनुभव बताए। चर्चा पूर्णिया के मेफ़ेयर होटल में आयोजित किया गया था जिसको स्मार्ट सर्जरी 2026 नाम दिया गया था। कोलकाता के अपोलो मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्णिया, कटिहार, भागलपुर और पटना के जाने-माने डॉक्टर्स और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल हुए। इस कॉन्फ्रेंस का मुख्य उद्देश्य रोबोटिक सर्जरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड इमेजिंग, मिनिमली इनवेसिव प्रोसीजर (कम चीर-फाड़ वाली सर्जरी) और प्रिसिजन रेडियोथेरेपी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के माध्यम से मरीजों के इलाज को और अधिक सुरक्षित तथा सटीक बनाना था।

### विशेषज्ञों ने साझा किए अपने अनुभव

**क्रिटिकल केयर** डॉ. अर्पण चक्रवर्ती ने बताया कि क्रिटिकल केयर में दिल और फ़ेफड़ों के आपसी संबंध को समझकर फिजियोलॉजी-बेस्ड एकीकृत इलाज रणनीति अपनाना बेहद जरूरी है।

**यूरो-ऑन्कोलॉजी** डॉ. तरुण जिंदल ने कहा कि दा विंची रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से यूरोलॉजिकल कैंसर के जटिल ऑपरेशन्स को अब बेहद सटीकता और कम जोखिम के साथ किया जा रहा है।

**हेड एंड नेक कैंसर** डॉ. राजीव शरण ने जोर दिया कि आधुनिक तकनीकों से कैंसर पर नियंत्रण पाने के साथ-साथ मरीज के बोलने, निगलने और चेहरे की बनावट को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

**न्यूरोसर्जरी व गाइनी ऑन्कोलॉजी** डॉ. देबार्शी चटर्जी ने माइक्रोन्यूरोसर्जरी की मदद से दिमाग और रीढ़ की हड्डी के सुरक्षित ऑपरेशन्स के फायदे बताए, वहीं डॉ. मोनिका मीना ने महिलाओं में होने वाले विभिन्न कैंसर के इलाज में दा विंची इुद्ध रोबोटिक प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

**रेडिएशन ऑन्कोलॉजी** डॉ. आभा कुमारी ने बताया कि हॉस्पिटल का विभाग जैसी एडवांस्ड प्रिसिजन तकनीकों के जरिए हर मरीज को उनकी जरूरत के अनुसार साक्ष्य-आधारित कैंसर केयर प्रदान कर रहा है। यह आयोजन बिहार और पूर्वी भारत के चिकित्सकों के बीच वैज्ञानिक ज्ञान के आदान-प्रदान और स्वास्थ्य सेवा को अधिक मरीज-केंद्रित बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ।

# बारिश न होने से खरीफ की बुआई में देरी, किसान चिंतित

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बारिश के अभाव में खरीफ फसल की बुआई में हो रही देरी से प्रखंड के किसान बेहद चिंतित हैं। मृगशिरा नक्षत्र में हुई हल्की बारिश से खेतों में नमी तो आई थी लेकिन परंपरा के अनुसार किसानों ने उस समय बुआई नहीं की। सभी को आद्रा नक्षत्र का इंतजार था। विगत 22 जुलाई को आर्द्रा नक्षत्र का प्रवेश हुआ, मगर तब से प्रखंड क्षेत्र से मानो बारिश रूठ गई है। दिन में धूप की तपिश से असह्य गर्मी पड़ रही है, जिससे लोग बेहाल हैं। आसमान में बादल तो छाते हैं, लेकिन बरसते नहीं। उल्टे बादल छाने पर उमस और बढ़ जाती है। उमड़-घुमड़ रहे बादलों को देखकर किसानों को हर बार उम्मीद बंधती है कि अब बरसेगा, लेकिन बारिश जैसे इस इलाके से रूठकर चली गई है। खेतों में धूल उड़ रही है और नमी बिल्कुल खत्म हो चुकी है। जिन किसानों ने पहले ही बुआई कर ली थी, उनकी फसलें सूखने के कगार पर हैं। दोपहर की तेज धूप में मकई और सब्जी की फसलें मुरझा जा रही हैं। फूलों के पौधे भी दम तोड़ रहे हैं। अतरुआ, लखनपुर, सतराजेपुर, पाली, चुरामनचक, बसही, तेयाय, दादपुर समेत अन्य बहियार में मुश्किल से पांच प्रतिशत किसानों ने ही बुआई की है।

# भरत तिवारी प्रकरण में बोले विधायक : दोषियों की जल्द हो गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**शाहपुर (भोजपुर)।** कथित पुलिस एनकाउंटर में मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी के परिजनों से मिलने सोमवार को बक्सर विधायक सह पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा बिलौटी पहुंचे। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और घटना की जानकारी ली। इस दौरान आनंद मिश्रा ने कहा कि भरत तिवारी के साथ जो एनकाउंटर हुआ। वह एक तरह से हत्या है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सरकार ने न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। लेकिन इसके बावजूद घटना में शामिल दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर सरकार से बातचीत करेंगे। ताकि भरत तिवारी को जल्द न्याय मिल सके। आनंद मिश्रा ने कहा कि भरत तिवारी समाज के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्हें लगता था कि वह भगत सिंह की तरह समाज के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भरत हमेशा समाज के लोगों के सुख-दुख में शामिल रहते थे। ऐसे व्यक्ति का इस तरह एनकाउंटर होना समाज के लिए उचित नहीं है। उनका कहना था कि इस पूरे मामले में प्रशासन को भी धैर्य और संयम से काम लेना चाहिए था। इस अवसर पर स्थानीय विधायक राकेश रंजन ने कहा कि भरत तिवारी को न्याय दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मामले में जल्द न्याय सुनिश्चित कराने के लिए सभी स्तरों पर पहल की जाएगी। मौके पर पैक्स अध्यक्ष ऋषिकेश ओझा, छोटू शास्त्री, विंध्याचल प्रसाद सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## सैंड आर्ट के जरिए भरत भूषण को दी अनोखी श्रद्धांजलि

**शाहपुर (भोजपुर)।** पुलिस एनकाउंटर में कथित तौर पर मारे गए बिलौटी गांव निवासी भरत भूषण तिवारी को अब सैंड आर्ट के माध्यम से भी श्रद्धांजलि दी गई। उत्तर प्रदेश के वाराणसी से पहुंचे सैंड आर्टिस्ट रूपेश कुमार ने सफ़ेद बालू पर दिवंगत भरत भूषण तिवारी की आकर्षक आकृति उकेर कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। कलाकार की इस अनूठी प्रस्तुति को देखने के लिए दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से भी लोग बिलौटी पहुंचकर रेत पर बनी इस कलाकृति को निहारते रहे। सैंड आर्टिस्ट रूपेश कुमार ने बताया कि उन्होंने यह कलाकृति भरत भूषण तिवारी की स्मृति को समर्पित करते हुए श्रद्धांजलि स्वरूप बनाई है। उनकी इस कलाकारी की लोगों ने सराहना की और इसे भावपूर्ण श्रद्धांजलि बताया।

## एसडीएम पद पर चयनित सेनजीत का हुआ सम्मान

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के पहसारा स्थित सर्वमंगला विद्या विहार में 70वीं बीपीएससी परीक्षा में एसडीएम पद पर चयनित विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र कुमार सेनजीत के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता परमानंद सिंह एवं संचालन चंद्र किशोर ठाकुर ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिवार द्वारा कुमार सेनजीत तथा उनके माता-पिता रामबाबू सिंह और किरण देवी को पाग, चादर एवं पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित करने से हुई। विद्यालय के व्यवस्थापक सरोज कुमार झा ने कहा कि यह विद्यालय के लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कुमार सेनजीत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और मार्गदर्शन देने वाले सभी शुभचिंतकों को दिया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### परियोजना के प्रत्येक...

परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। इससे सड़क यातायात का दबाव कम होगा, प्रदूषण में कमी आएगी तथा लोगों का आवागमन अकि सुगम और सुविधाजनक होगा। समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने पटना के प्रस्तावित सैटेलाइट टाउनशिप के मास्टर प्लान को निर्धारित समयसीमा के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजधानी के सुनियोजित विस्तार एवं भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सैटेलाइट टाउनशिप का विकास समयबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से किया जाना आवश्यक है। बैठक में नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेषन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक संदीप कुमार आर. पुडुकलकट्टी, भवन निर्माण विभाग के सचिव प्रणव कुमार, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा सहित पटना मेट्रो रेल परियोजना के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सीएम हेमंत सोरेन ने...

लेकिन हम सुधार कर रहे हैं। यहां कई विज्ञान के भी शिक्षक हैं जिससे सरकारी स्कूलों में बच्चों को इसकी कमी महसूस ना हो और यहां से भी पढ़कर बच्चें इंजीनियर और डॉक्टर बन सके। मौके पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर राज्यसभा सांसद महुआ माजी और झारखण्ड के मुख्य सचिव भी मौजूद रहे।

## मारपीट में दो घायल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के रजाकपुर गांव में मामूली विवाद को लेकर हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान पिंटू पोद्दार एवं शंकर पोद्दार के रूप में हुई है। दोनों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावकोठी में कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल पिंटू पोद्दार ने नावकोठी थाना में लिखित आवेदन देकर गांव के ही मोहन पोद्दार, नूनूबाबू पोद्दार एवं दीपक पोद्दार को आरोपित बनाया है। थानाध्यक्ष मो. फिरदौस ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# जाम में कैद बचपन : घंटों फंसी रहीं स्कूल बसें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**बक्सर।** रेलवे द्वारा इटाढ़ी गुमटी बंद किए जाने और नव-निर्मित पुल के ध्वस्त होने के बाद इटाढ़ी क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। इटाढ़ी की ओर आने-जाने के लिए अब केवल पाण्डेय पट्टी गुमटी ही प्रमुख मार्ग बचा है। त्रिकोणीय मार्ग होने के कारण यहां प्रतिदिन जाम की समस्या बनी रहती है। सोमवार को विद्यालय खुलने के साथ ही स्थिति और गंभीर हो गई। सुबह के समय इटाढ़ी रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल, फाउंडेशन स्कूल, माउंट लिटेरा जी स्कूल, राज इनोवेशन एकेडमिक स्कूल, ग्लोबल स्कूल सहित कई विद्यालयों की बसें और अभिभावकों के वाहन घंटों जाम में फंसे रहे। तेज धूप और उमस के बीच छोटे-छोटे बच्चे बसों में परेशान रहे। कई बच्चों को बसों से उतरकर पैदल स्कूल की ओर जाते देखा गया। वहीं, अभिभावकों और राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि इटाढ़ी गुमटी बंद होने तथा नव-निर्मित पुल के उपयोग में नहीं रहने से पूरे इलाके का यातायात पाण्डेय पट्टी गुमटी पर निर्भर हो गया है। सुबह और शाम के समय वाहनों का अत्यधिक दबाव रहने से रोजाना लंबा जाम लग रहा है। इसका असर स्कूली बच्चों, मरीजों, कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और आम लोगों पर पड़ रहा है। नागरिकों का आरोप है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन प्रशासन और संबंधित विभाग की ओर से यातायात व्यवस्था सुचारु करने के लिए कोई ठोस पहल नहीं की गई है। लोगों ने जिला प्रशासन, रेलवे और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इटाढ़ी क्षेत्र की यातायात समस्या का शीघ्र स्थायी समाधान किया जाए, ताकि आमजन को रोजाना जाम की समस्या से राहत मिल सके।

# नशा व्यक्ति, परिवार और समाज को करता है कमजोर : रजनीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** सामाजिक संस्था 'नई आशा' द्वारा उदवंतनगर प्रखंड के चैराई माता शबरी सभागार में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नशे के दुष्प्रभावों तथा बच्चों की शिक्षा एवं बेहतर भविष्य के लिए कार्य का आह्वान किया गया। मुख्य अतिथि सहायक आयुक्त, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग, रजनीश कुमार ने कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज तीनों को कमजोर करता है। यदि हम अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करना चाहते हैं तो हमें नशे से दूरी बनानी होगी। सरकार का उद्देश्य केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि जनजागरण के माध्यम से नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। नई आशा के संस्थापक डॉ. भीम सिंह भवेश ने कहा कि समाज का वास्तविक उत्थान शिक्षा, आत्मविश्वास और नशामुक्त जीवन से ही संभव है। परिवार अपनी मेहनत की कमाई नशे पर खर्च के बजाय बच्चों की पढ़ाई पर लगाएगा, तभी आने वाली पीढ़ियाँ सम्मान और स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ेंगी। इस दौरान नई आशा के सेतु केंद्र में नियमित पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों को प्रोत्साहन स्वरूप बाल्टी एवं मग वितरण किया गया। वहीं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए बैट, बॉल, कैरम बोर्ड, शतरंज एवं लूडो का वितरण समाजसेवी विनोद जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर लवली प्रोफ़ेशनल यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के इंटर्नशिप कर रहे विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने रैली निकालकर तथा घर-घर जाकर लोगों को नशा छोड़ने और बच्चों को नियमित रूप से सेतु केंद्र भेजने के लिए प्रेरित किया। अंत में दीपक कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनीष वत्स, कुंदन कुमार सिंह, शिक्षा सेवक अजय कुमार, राहुल बच्चन, सुमित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# डिग्री कॉलेज की पढ़ाई शुरू करने की तैयारी पूर्ण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय नावकोठी में डिग्री स्तर की पढ़ाई शुरू कराने की दिशा में सभी आवश्यक तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। लंबे समय से क्षेत्र के छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों की मांग को देखते हुए उच्च शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की पहल अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि संबंधित विभाग से अंतिम स्वीकृति मिलते ही यहां स्नातक (डिग्री) की पढ़ाई का शुभारंभ हो जाएगा। जानकारी के अनुसार, राजकीय डिग्री कॉलेज, नावकोठी का संचालन फिलहाल प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक प्लस टू विद्यालय, अकहा-ररिऔना परिसर से किया जाएगा। जब तक नावकोठी में कॉलेज का अपना स्थायी भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक इसी विद्यालय भवन में शैक्षणिक गतिविधियां संचालित होंगी। कॉलेज संचालन के लिए कक्षाएं, फर्नीचर, पेयजल, शौचालय, बिजली सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। साथ ही आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रियाओं को भी अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

(निविदा संख्या –CS/GRH/03/2026–27)

गढ़वा जिला अन्तर्गत सदर अस्पताल/अनुमंडलीय अस्पताल/सामुदायिक स्वा0 केन्द्र/प्रा0 स्वा0 केन्द्रों के लिए मशीन उपकरण, उपस्कर का क्रय हेतु द्वि लिफाफा पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय निविदा) के माध्यम से मुहरबंद निविदा दिनांक–25.07.2026 के अपराह्न 05.00 बजे तक असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा, पिन कोड–822114 के पते पर निबंधित डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निर्धारित तिथि तक प्राप्त निविदा दिनांक–27.07.2026 को 04.00 बजे अपराह्न में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जाएगी। निविदा की प्रति गढ़वा जिला के बेबसाईट garhwa.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

PR 383523 Health Med Edu and Family Welfare(26-27)#D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, पलामू**
**समाहरणालय भवन ब्लॉक-सी, कमरा नं०–09, मेदिनीनगर**
ई-मेल- jepcpalamau1@gmail.com & jepcpalamau@rediffmail.com

पत्रांक                    पलामू, दिनांक ..........

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता एवं 2nd **Little Champs Football प्रतियोगिता**, एवं **खेलो झारखण्ड** आदि में लगने वाले सामग्री की दर निर्धारण हेतु अतिअल्पकालीन निविदा प्रकाशित की जा रही है। जिसका विवरणी **NIC PALAMU** में देखी जा सकती है। **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 05.07.2026 को अपराह्न 3:00 बजे है।**

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा अभियान, पलामू।

PR.NO.383479 District(26-27):D

# जेपी सेनानियों का संघर्ष त्याग का अमिट उदाहरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आपातकाल के 51 वर्ष पूरे होने पर शहर के ब्लॉक मोड़ स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान भवन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा संघर्ष की संघर्ष गाथा विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने किया। कार्यक्रम के शुरुआत में आपातकाल के दौरान ज़िले के विभिन्न प्रखंडों से जुड़े जेपी सेनानियों को अंग वस्त्र, मोमेंटो, प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शामिल जेपी सेनानियों ने उस दौरान अपनी संघर्ष की गाथा सुनाई और कहा कि विद्यार्थी परिषद की प्रेरणा से उन्होंने जयप्रकाश नारायण के आंदोलन में भाग लिया। पूरे देश में एबीवीपी ने आंदोलन का नेतृत्व कर जेल भरो आंदोलन में भूमिका निभाई थी। उसी का परिणाम है कि आज विद्यार्थी परिषद समाज का उम्मीद बन चुका है। विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के काले अध्याय के दौरान लोकतंत्र की रक्षा हेतु जेल जाने वाले सेनानियों के संघर्ष और त्याग को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास अभिनंदनीय है। लोकतंत्र की रक्षा के लिए आपातकाल के दौर में संघर्ष करने वाले जेपी सेनानी बंधुओं को सम्मानित कर उनके अद्वितीय साहस, त्याग और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पण को नमन करना अपने आप में गौरव का विषय है। यह कार्यक्रम संविधान, लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की रक्षा के संकल्प को पुनः सुदृढ़ करने का अवसर बना। परिषद की पूर्व कार्यकर्ता पूर्णिया सिंह ने कहा आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का वह अध्याय है जिसने हमें संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं की रक्षा के प्रति सदैव सजग रहने की प्रेरणा दी है। जेपी सेनानियों का संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए लोकतंत्र के प्रति समर्पण और राष्ट्रहित में त्याग का अमिट उदाहरण है। विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही राष्ट्र सर्वोपरि भावना के साथ अपने ध्येय को समाज में कार्य का आधार बना रही है। कार्यक्रम में जेपी सेनानी ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह, अर्जुन प्रसाद सिंह, अजय कुमार श्रीवास्तव, स्व. सूरज प्रसाद पांडेय के पुत्र रवि पांडेय, श्रीकृष्ण कुमार, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, परिषद के पूर्व कार्यकर्ता दीपक कुमार, उज्ज्वल सिंह, अभय कुमार, रोहित कुमार सिंह, प्रीति कुमारी, सुनैना कुमारी, वर्तिका कुमारी, अतुल कुमार, रंजन सिंह, निशांत तिवारी, विकाश कुमार, निक्कू सिन्हा, आदित्य सिंह, खड़क सिंह, धीरज कुमार, सुमित, पीयूष सिंह, राणा मुकुल, प्रांशु कुमार, बिपीन कुमार सिंह, बंटी कुमार व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## सोन और पुनपुन नदी से बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** नदियों से चोरी छिपे बालू का उठाव करने के मामले में तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया गया है। यह कार्रवाई जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा की गई। हालांकि कार्रवाई की भनक पाकर चालक मौके से फरार हो गए। इसके बाद जब्त ट्रैक्टर को थाना लाया गया। बताते चले कि बरसात का मौसम शुरू होते ही नदियों से बालू का उठाव करना बंद कर दिया जाता है। बालू का उठाव बंद होते ही चोरी छिपे बालू चुराने की धंधा शुरू हो गया है। नदी के बालू घाटों व इसके आसपास के स्थानों से चोरी छिपे रात दिन बालू चुराकर खुले बजार में बेची जा रही है। सोमवार को दाउदनगर थाना क्षेत्र के ठाकुर बिगहा से एक ट्रैक्टर, हसपुरा थाना क्षेत्र में चनहट से एक ट्रैक्टर एवं पौथू थाना क्षेत्र के सोनवर्षा से भी एक ट्रैक्टर जब्त किया गया है। इस कार्रवाई से बालू माफियाओं और अवैध सिंडिकेट से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

### एसपी ने सिमरा और रिसियप थाना का किया औचक निरीक्षण

# लंबित मामलों का करें त्वरित निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने सोमवार को सिमरा एवं रिसियप थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव और परिसर की साफ-सफाई का गहन जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पदाधिकारियों को बेहतर पुलिसिंग और लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए कई अहम निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में पुलिस अधीक्षक ने थाना की डायरी, मालखाना, आगंतुक पंजी, शस्त्रागार और अन्य आवश्यक अभिलेखों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अभिलेखों को पूरी तरह से अद्यतन रखने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही, थाना परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान थाना में मौजूद पुलिस अधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक कर पुलिस अधीक्षक ने इलाके की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, रात्रि गश्ती और वाहन जांच अभियान की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाई जाए और गश्ती दल को और अधिक सक्रिय किया जाए ताकि आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। वहीं पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों के साथ थाने में संवेदनशील व्यवहार किया जाए। फरियादियों की शिकायतों का निष्पक्ष और त्वरित समाधान सुनिश्चित हो, ताकि पुलिस और जनता के बीच का विश्वास और अधिक मजबूत हो सके। इस मौके पर सिमरा थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार एवं रिसियप थानाध्यक्ष संजीत राम सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।



# 10 हजार लीटर महुआ घोल को किया विनष्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में रविवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 41 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 19 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार एसटी-एससी एक्ट में 1, हत्या के प्रयास में 9, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 4 तथा अन्य मामलों में 27 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस दौरान 0.20 लीटर देसी शराब बरामद किया गया। वाहन जांच अभियान के तहत 1084 वाहनों की जांच की गई जिसमें 20000 रूपये जुर्माना वसूला गया है। साइबर पुलिस ने 17000 रूपये रिकवर किया है। इसके अलावा अवैध शराब निर्माण के खिलाफ पुलिस ने 4 भट्ठियों को ध्वस्त किया है तथा 10000 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भामाशाह के त्याग से सीखने की जरूरत : प्रकाश चन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के जसोइया स्थित महाराणा प्रताप एवं भामाशाह प्रतिमा स्थल पर सोमवार को महान दानवीर भामाशाह की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में ओबरा विधायक डा. प्रकाश चंद्र, नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, कन्हैया लाल जैन, चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष मुकेश लाल गुप्ता, महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के अध्यक्ष बैजनाथ सिंह, भाजपा नेता रविंद्र सिंह, सूर्यपत सिंह, हरिहर प्रसाद सिंह, महावीर जैन, अजीत सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भामाशाह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर सभा का उद्घाटन किया गया। विधायक डा चंद्र ने कहा कि दानवीर भामाशाह महान राष्ट्रभक्त थे। उन्होंने राष्ट्र और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व समर्पित कर दिया। उनका त्याग, समर्पण और राष्ट्रप्रेम आज भी प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि भामाशाह के योगदान को इतिहास कभी भुला नहीं सकता। विधायक ने कहा कि हल्दीघाटी के युद्ध के बाद जब महाराणा प्रताप आर्थिक संकट से जूझ रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी संपूर्ण संपत्ति उन्हें समर्पित कर दी। इसी सहयोग के बल पर महाराणा प्रताप ने अपनी सेना का पुनर्गठन किया और मुगलों के विरुद्ध संघर्ष को नई शक्ति मिली। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने महाराणा प्रताप सेवा संस्थान को अपनी ओर से 1 लाख 1 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थल पर स्थापित की जाने वाली तलवार के निर्माण का पूरा खर्च स्वयं वहन करने की घोषणा की। नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता ने कहा कि भामाशाह के त्याग और राष्ट्रभक्ति से हम सभी को सीख लेने की आवश्यकता है। राष्ट्र सर्वोपरि है। जब देश सुरक्षित रहेगा, तभी समाज और हमारा व्यक्तिगत जीवन भी सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम में देव नगर पंचायत के उपाध्यक्ष गोलू गुप्ता, राहुल राज, भाजपा नेता रामरूप सिंह, जितेंद्र गुप्ता, सुरज कुमार, धर्मेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# चार आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भूमि विवाद में मारपीट और हत्या के प्रयास के चार आरोपियों को फ़ेसर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान थाना क्षेत्र के उन्थू गांव निवासी अनुज कुमार, धीरेन्द्र कुमार, गोविंद कुमार एवं देवेंद्र कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई जिसमें कुछ लोगों को जख्मी होने की सूचना है। जख्मियों को नजदीकी अस्पताल में इलाज़ करवाया गया। इसके बाद पीड़ित पक्ष द्वारा प्राप्त आवेदन के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए देर रात एक पक्ष से चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर मारपीट और हत्या प्रयास मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद सभी को जेल भेज दिया गया।

# संत कबीर की जयंती मनी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में संत शिरोमणि संत कबीर दास की जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में संत कबीर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ. विजय रजक ने संत कबीर के जीवन, व्यक्तित्व एवं समाज सुधार में उनके अमूल्य योगदान पर विस्तार से चर्चा की तथा कहा कि उन्होंने दोहों के माध्यम से विद्यार्थियों को सत्य, प्रेम, समानता एवं सामाजिक समरसता का संदेश दिया।

